WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 10 | छत्तीसगढ़ 11 | कारोबार

रायपुर, गुरूवार, 23 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-13 अंक- 331 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जिनकी न तो हिन्दु धर्म के प्रति आस्था रही है न ही कभी हिन्दुओं के पवित्र धार्मिक ग्रंथों को पढ़ा है ऐसे नेता भी चुनाव आते ही चुनावी हिन्दु बन जाते हैं। चुनावी भाषण के बीच प्रवचन देने लगते हैं। महाज्ञानी बनकर उल्टे सीधे दृष्टांत देते है और जगहंसाई का पात्र बनते हैं। घुंघरू सेठ ने ज्ञान बघारा है कि रावण ने सोने के हिरण का रूप धारण कर सीता जी का हरण किया था। खुद को सबसे पढ़ा लिखा नेता और हनुमान भक्त बताने वाले घुंघरू सेठ की बलिहारी है। उन्होंने बैठे ठाले रामायण पर महाभारत करा डाली।

सीमेंट संयंत्र की गैस से 38 स्कूली बच्चों की बिगड़ी तबीयत

गैस को माना जा रहा कारण, कलेक्टर-एसपी पहुंचे मौके पर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश । बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के ग्राम खपराडीह स्कूल में बच्चों की अचानक तबीयत खराब हो गई. एक-एक कर बच्चों को उल्टी होने लगी और कुछ छात्र बेहोश हो गए। स्कूल प्रशासन ने तत्काल विद्यार्थियों के पालकों को सूचना दी और बच्चों को जिला अस्पताल और भाटापारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बच्चों ने तबीयत बिगडऩे का कारण सीमेंट संयंत्र से निकलने वाली बदबूदार गैस को बताया है। वहीं सूचना मिलते ही कलेक्टर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बच्चों की स्थिति नियंत्रित

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि खपराडीह विद्यालय में आज बच्चों को उल्टी व बेहोशी छाने लगी थी। जिसपर सभी को तत्काल ईलाज के लिए लाया गया है। कुछ बच्चों को जिला चिकित्सालय व भाटापारा भी भेजा गया है और बाकी का सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज किया जा रहा है। सभी की स्थिति ठीक है।

क्षेत्र को किया गया सील :कलेक्टर

उन्होंने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है. ग्रामीणों व स्कूल बच्चों ने पुछताछ में सीमेंट संयंत्र से निकलने वाली गैस की बदबू बताया है, जिसकी जांच करवाई जा रही है। क्षेत्र को सील किया गया है। इसके अलावा पर्यावरण विभाग सहित उघोग विभाग की टीम को जांच हेतु निर्देश दिया गया है। जांच रिपोर्ट के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी फिलहाल बच्चों की पढाई डिस्टर्ब न हो इसको देखते हुए, दुसरे स्कूल में शिफ्ट किया जायेगा।

सीएम साय आज उद्योगपतियों से मुंबई में मिलेंगे

रायपुर/नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में नई उद्योग नीति लागू करने के बाद पहला छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम दिल्ली में पिछले महीने हुआ था, गुरुवार को मुंबई में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट है। कल उद्योगपतियों के साथ मुलाकात होगी और उसमें नई उद्योग नीति हम रखेंगे और निवेश करने के लिए आमंत्रित करेंगे। मुंबई में कल यानि 23 जनवरी को छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर मीट का कार्यक्रम होने जा रहा है। सीएम विष्णुदेव साय मुंबई पहुंच गए है।इन्वेस्टर मीट में कई उद्योगपतियों से सीए साय की मुलाकात होगी। इस कार्यक्रम में सीएम साय छत्तीसगढ़ में इनवेस्टर्स को आमंत्रित करेंगे। सीएम साय दिल्ली में इन्वेस्टर मीट में भी शामिल हुए थे, जिसमें सीएम ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया था। सीएम ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया था। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 15184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए।

रतनजोत के बीज खाने से 9 स्कूली बच्चे बीमार

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में रतनजोत के बीज खाने से 9 स्कूली बच्चे बीमार पड़ गए हैं। सभी बच्चों को आनन-फानन में ग्रामीणों ने धमतरी जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां इलाज जारी है। अब बच्चों की हालत बेहतर बताई जा रही है। यह मामला सेमरा सी गांव का है। मंगलवार को ये सभी बच्चे स्कूल से लौटते समय खेलते हुए रतनजोत के बीज खा लिए थे। इसके बाद रात में इनकी तबीयत बिगड़ी। सभी को उल्टियां होने लगी। पूछताछ में बच्चों ने बताया कि कि उन्होंने रतनजोत के बीज खाए थे। इसके बाद सभी बच्चों को रात में ही जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि इलाज के बाद सभी की हालत अब ठीक है। जल्द अस्पताल से छुट्टी भी दे दी जाएगी।

24 घंटे के भीतर दो हाथियों की मौत, विभाग में हड़कंप

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में 24 घंटे के भीतर दो हाथियों की मौत होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। रायगढ़ में बुधवार को फिर एक हाथी की मौत हुई है। डेम के दलदल में फंसने से हाथी की जान जाने की आशंका जताई जा रही है। यह घटना रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के ग्राम पानीखेत स्टापडेम की है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है। बताया जारहा कि पानी पीने के लिए हाथियों का दल डैम के पास पहुंचा था, तभी एक हाथी के दलदल में फंसने की आशंका जताई जा रही, जिससे उसकी मौत हो गई। सोमवार को भी धर्मजयगढ़ वन मंडल के कोंध्रा गांव में करंट की चपेट में आने से एक हाथी की मौत हुई थी।

पुष्पक से कूदे यात्री कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आए, 11 की मौत

मुंबई (ए.)। महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा ट्रेन हादसा हुआ है। पचोरा के पारधाड़े स्टेशन के पास पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैलने के बाद अफरातफरी मच गई। यात्रियों ने चेन पुलिंग की और ट्रेन से कूदना शुरू कर दिया। इसके बाद यात्री दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। हादसे में 11 यात्रियों की मौत हो गई। जबकि कई यात्री घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद रेलवे के

'आप-दा' वाले दिल्ली में हार से डरे, रोज निराधार कर रहे हैं वायदे

आयुष्मान जैसी केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के लोगों को वंचित रखने का पाप किया

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर लोकपाल के गठन जैसे वायदों से पीछे हटने का आरोप लगाते हुये कहा कि यह पार्टी हार से इतनी डरी हुयी है कि इन्हें रोज नयी हवाई घोषणायें करनी पड़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप की सरकार ने आयुष्मान जैसी केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं से दिल्ली के लोगों को वंचित रखने का पाप किया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये जोरदार प्रचार अभियान के बीच मोदी ने नमो ऐप के माध्यम से आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर बूथ पर जी-जान से मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग सरकार बदलने का मन बना चुके हैं और कार्यकर्ताओं का प्रयास होना चाहिये कि इस बार पार्टी को हर बूथ पर 50 प्रतिशत मत मिले।

उन्होंने आप को आप-दा की संज्ञा देते हुए कहा, दिल्ली वाले आप-दा वालों के झूठ और फरेब से अब ऊब चुके हैं। पहले कांग्रेस ने और फिर आप वालों की आप-दा ने दिल्ली के लोगों से बहुत विश्वासघात किया है। ये आप-दा वाले अब हर दिन एक नयी घोषणा कर रहे हैं। इसका मतलब है कि इनको रोज इनको (चुनाव में अपनी आसन्न) पराजय की नयी-नयी खबरें मिल रही हैं। ये इतने डरे हुये हैं कि इन्हें रोज सुबह एक नयी घोषणा करनी पड़ रही है, लेकिन अब दिल्ली की जनता इनका खेल समझ गयी है। उन्होंने कहा, हमने दिल्ली में मुफ्त स्वास्थ्य सेवा के लिये आयुष्मान भारत योजना को लागू करने के लिये 'आप-दा' के लोगों से अनुरोध किया है, लेकिन वे इसे लागू नहीं करना चाहते हैं। मैं दिल्ली के लोगों को बताना चाहता हूं कि इस योजना के कई लाभ हैं, लेकिन आप-दा के लोगों ने इस योजना के कार्यान्वयन में बाधायें पैदा की हैं। उन्होंने कहा कि ये आप-दा वाले तो अपने वायदों और बातों से ही पलट गये हैं। जन लोकपाल के नाम पर ये पार्टी बनी, लेकिन जन लोकपाल आज तक न तो दिल्ली में है और न ही पंजाब में है और न ही अब ये इसकी बात करते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में तो यह पार्टी इसका बहाना ढूंढ लेती है, लेकिन पंजाब में तो इनकी सरकार है, ये वहां भी लोक पाल नहीं बना रहे हैं।

महाकुंभ से पांच बड़े एलान

महाकुंभ में कैबिनेट की बैठक के बाद सीएम योगी ने पांच बड़े एलान किए। उन्होंने गंगा एक्सप्रेसवे और बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को जोडऩे की बात कही। कई ब्रिजों की सौगात दी। सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी। सीएम योगी ने कहा विशेष कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि पूरी कैबिनेट पहली बार महाकुंभ में मौजूद है।

दिल्ली स्टार्टअप हब बने

प्रधानमंत्री ने कहा, इस बार दिल्ली के शत-प्रतिशत युवाओं का वोट भाजपा-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को ही मिलने वाला है। दिल्ली का युवा चाहता है कि यहां रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें, दिल्ली स्टार्टअप हब बने, यहां उसकी युवा आकांक्षा के हिसाब से काम करने वाली सरकार हो। इसलिये दिल्ली के युवा की पहली पसंद भाजपा है। दिल्ली का युवा आप-दा वालों से नफरत करता है और उन्हें सजा देने के मूड में है। मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा, मुझे विश्वास है कि अपने-अपने बूथ पर आप जो मेहनत कर रहे हैं, उसके चलते आप भारी विजय प्राप्त करने वाले हैं। इस चुनाव में सिर्फ विजय काफी नहीं है। हर बूथ को दो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जूट का न्यनतम समर्थन मूल्य 5650 रूपये प्रति क्विंटल : मंत्रिमंडल

नयी दिल्ली (वार्ता)। सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 315 रूपये बढाकर 5650 रुपए प्रति क्विंटल करने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी।

केन्द्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढोतरी से उत्पादन पर 66.8 प्रतिशत का मुनाफा सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014-15 में जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रूपये प्रति क्विंटल था जो अब 5650 रूपये पहुंच चुका है जो क 2.35 गुना की बढोतरी है।

उन्होंने कहा कि इस निर्णय से पश्चिम बंगाल, असम और बिहार जैसे राज्यों को विशेष रूप से फायदा होगा। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार वर्ष 2014-15 से 2024-25 की अवधि के दौरान जूट उत्पादक किसानों को दी गई एमएसपी राशि 1300 करोड़ रुपये है जबकि वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान दी गई राशि 441 करोड़ रुपये थी।

महाकुंभ में योगी ने चलाया विकास चक्र :

योगी बने पहले सीएम, जिन्होंने महाकुंभ में ली कैबिनेट की बैठक

प्रयागराज (ए.)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्री प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम पर पूजा-अर्चना की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यहां आज कैबिनेट की बैठक हुई है। जिसमें महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। आज पवित्र संगम में स्नान करके मैं गंगा और यमुना को प्रणाम करता हूं। अखिलेश यादव को मानसिक और दृष्टि दोष हो गया है। उसका अच्छे से इलाज कराएं। कुंभ के समय ऐसे बयान देना, यहां राजनीति करना बहुत गंदी बात है। मैं प्रार्थना करूंगा कि भगवान उन्हें सद्बुद्धि दें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

पक्षियों को खिलाया दाना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया।

नाव पर सवार हुए सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाने के लिए एक विशेष नाव पर सवार हुए। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोडऩे के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोडऩे के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा।

एआई पर ट्रंप सरकार का बड़ा एलान, 500 अरब डॉलर निवेश

नई दिल्ली(ए.)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नई कंपनी के जरिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई के बुनियादी ढांचे में 500 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। इसकी योजना ओरेकल, सॉफ्टबैंक और ओपन एआई के साथ साझेदारी में बनाई जा रही है। माना जा रहै कि यह आईटी क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी परियोजना होगी। 'स्टारगेट' नामक यह उद्यम, अमेरिकी डेटा केंद्रों में प्रौद्योगिकी कंपनियों के महत्वपूर्ण निवेश का प्रतीक होगा। तीनों कंपनियों ने इस उद्यम के लिए वित्तीय मदद करने की योजना बनाई है। अन्य निवेशक भी इसमें निवेश कर पाएंगे। इसकी शुरुआत टेक्सास में बन रहे 10 डेटा केंद्रों से होगी। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एआई में निवेश के लिए किया स्टारगेट का एलान ट्रंप ने मंगलवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में ओरेकल के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी लैरी एलिसन, सॉफ्टबैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मासायोशी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

एक लाख से अधिक लोगों को मिलेगी नौकरी

राष्ट्रपति ने कहा, ''उस नाम को अपनी पुस्तकों में लिख लें क्योंकि मुझे लगता है कि आप भविष्य में इसके बारे में बहुत कुछ सुनने वाले हैं। एक नई अमेरिकी कंपनी जो अमेरिका में एआई बुनियादी ढांचे में 500 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करेगी और बेहद तेजी से आगे बढ़ेगी और इससे तुरंत 1,00,000 से अधिक अमेरिकी नौकरियों का सृजन होगा।

सीजीपीएससी भर्ती घोटाला

आरती वासनिक और चेतन की हो सकती हैं गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश । बहुचर्चित छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला मामले में अब पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रहे चेतन बोरघरिया को सीबीआई गिरफ्तार करने वाली है। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की गिरफ्तारी को लेकर सीबीआई ने सरकार से अनुमति मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक साय सरकार के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुमति दे दी है। दरअसल, पीएससी घोटाले मामले की जांच कर रही सीबीआई ने आरती वासनिक और चेतन बोरघरिया को भी आरोपी बनाया है। लेकिन सरकार से अनुमति नहीं मिलने के चलते दोनों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई थी। अब सरकारी अनुमति मिलने के बाद माना जा रहा है कि सीबीआई दोनों आरोपियों को किसी भी वक्त गिरफ्तार कर सकती है। वर्ष 2021-22 की परीक्षा अवधि के दौरान आरती वासनिक परीक्षा नियंत्रक थीं और ठीक उसी अवधि में चेतन बोरघरिया भूपेश बघेल के ओएसडी थे। यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि भर्ती घोटाले के मामले में सीबीआई अब तक तत्कालीन सीजीपीएससी के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी के भतीजे नितेश सोनवानी और साहिल सोनवानी, पूर्व डिप्टी एग्जाम कंट्रोलर ललित गणवीर, उद्योगपति

मुठभेड़ जारी : दो और नक्सलियों के शव बरामद

इनामी नक्सली जयराम समेत अब तक 16 नक्सली ढेर

गरियाबंद/नवप्रदेश । कुल्हाड़ी घाट के भालू डिग्गी जंगल में सोमवार से सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। पिछले 72 घंटे से चल रही इस मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शव को लेकर मंगलवार की रात जवान जिला मुख्यालय पहुंचे। वहीं इस मुठभेड़ को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

आज दो और वर्दीधारी नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं, जिनमें एक पुरुष और एक महिला नक्सली शामिल हैं। घटनास्थल से सुरक्षाबलों ने एक एके-47, एक कंट्री मेड राइफल और भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की है. रायपुर रेंज का यह सबसे बड़ा नक्सल ऑपरेशन है, जिसमें अब तक जवानों ने कुल 16 नक्सलियों को मार गिराया है।

जवानों ने पांच-पांच किलो के आठ आईईडी किए बरामद

बीजापुर /नवप्रदेश। बीजापुर में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से अलग-अलग जगहों पर प्लांट किये गए पांच-पांच किलो के आठ आईईडी बरामद कर जवानों ने डिफ्यूज कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने गंगालुर थाना क्षेत्र के मुतवेंडी और पीडिय़ा जाने वाले रास्ते पर अलग-अलग जगहों पर पांच-पाांच किलो के आठ आईईडी प्लांट कर रखे थे। जिसे डीआरजी, बीडीएस बीजापुर, सीआरपीएफ व कोबरा बीडीएस की संयुक्त पार्टी ने एरिया डॉमिनेशन व डिमाइनिंग ड्यूटी के दौरान बरामद कर उसे वहीं सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया। बताया गया है कि नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से आईईडी प्रेशर स्विच सिस्टम से लगाया था। लेकिन जवानों की तत्परता व सतर्कता ने नक्सलियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया।

एक करोड़ के इनामी नक्सली ढेर

यह पहली बार है जब गरियाबंद जिले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

स्वर्णिम भारत... राष्ट्रीय रंगशाला में आयोजित प्रिव्यू में राष्ट्रीय मीडिया की मिली सराहना

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक रामनामी समुदाय

रायपुर/नवप्रदेश। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली के लाल किले पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में इस बार छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत और रामनामी समुदाय की झलक देखने को मिलेगी। छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम 'स्वर्णिम भारत - विरासत और विकासó पर आधारित है। झांकी में प्रदेश की समृद्ध और विविधतापूर्ण सांस्कृतिक विरासत को दिखाया गया है। आज राष्ट्रीय रंगशाला दिल्ली में आयोजित प्रेस प्रिव्यू में छत्तीसगढ़ की झांकी को राष्ट्रीय मीडिया की सराहना मिली। झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर में जीवन, प्रकृति और आध्यात्मिकता का गहरा संबंध है। यह झांकी छत्तीसगढ़ के लोक जीवन, रीति-रिवाजों और परंपराओं को दर्शाते हुए राज्य की अनूठी सांस्कृतिक पहचान को प्रस्तुत कर रही है। झांकी के आगे के हिस्से में निराकार राम की उपासना करने वाले रामनामी समुदाय का प्रतिनिधित्व करती स्त्री और पुरुष को दिखाया गया है। इनके शरीर एवं कपड़ों पर राम-राम शब्द अंकित है। इन्हें रामचरितमानस का पाठ करते हुए दिखाया गया है। इसके पास घुंघरुओं का प्रदर्शन किया गया है, जो भजन के लिए उपयोग होते हैं। बीच के हिस्से में आदिवासी संस्कृति के पहनावे, आभूषण, कलाकृतियां और कला परंपराएं दर्शाई गई हैं। इस भाग में तुरही वाद्य यंत्र और सल्फी वृक्ष को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो बस्तर के लोकजीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। झांकी के पीछे मयूर का अंकन किया गया है, जो कि लोक जीवन के सौंदर्य और जीवंतता का प्रतीक है। झांकी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और प्रकृति से जुड़ी आध्यात्मिकता को गहराई से उजागर किया गया है।

सड़क और ट्रेन हादसे में 22 लोगों की मौत

कर्नाटक में सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत

बेंगलुरु (वार्ता) । दो अलग-अलग घटनाओं सड़क और ट्रेन हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई । कर्नाटक में उत्तर कन्नड़ जिले के अरेबिले इलाके में बुधवार सुबह एक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह से भगदड़ मचने से लेग ट्रेन कूदे और कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कुछ सब्जी विक्रेता ट्रक में सवार होकर कुमता बाजार जा रहे थे। इसी दौरान ट्रक रास्ता भटक गया और गहरी घाटी में गिर गया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और उन्हें सहायता देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा, राज्य सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों को सहायता सुनिश्चित करेगी। स्थानीय पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया तथा घायलों को तत्काल देखभाल के लिए नजदीकी चिकित्सा सुविधाओं में स्थानांतरित किया।

महाकुम्भ 2025: विदेशी मीडिया ने जाना दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की भव्यता

1.5 मिलियन विदेशी पर्यटकों समेत 450 मिलियन से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान

- नई दिल्ली में विदेशी पत्रकारों को दी गई महाकुम्भ के भव्य आयोजन की जानकारी
- योगी सरकार दुनिया भर में कर रही महाकुम्भ 2025 का व्यापक प्रचार-प्रसार
- विदेश मंत्रालय एवं यूपी सरकार द्वारा आयोजित नई दिल्ली में आयोजित हुआ कार्यक्रम
- आर्थिक और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा महाकुम्भ
- दुनिया में आयोजित होने वाले अन्य धार्मिक आयोजनों से वृहद है महाकुम्भ 2025
- जाति, धर्म और सांस्कृतिक विविधता के बीच एकता को बढ़ावा दे रहा महाकुम्भ 2025
- किन्नर अखाड़ा सहित महाकुम्भ 2025 में 13 अखाड़ों की हो रही भागीदारी

नई दिल्ली/ए.। प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ 2025 की भव्यता और महत्व को लेकर योगी सरकार देश-विदेश में व्यापक प्रचार अभियान में जुटी है। इसी कड़ी में सोमवार को नई दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय जवाहर लाल नेहरू भवन में विदेशी मीडिया के समक्ष महाकुम्भ की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विशेषताओं को प्रस्तुत किया गया। प्रयागराज में आयोजित हो रहे विश्व के सबसे बड़े आयोजन को धर्म, संस्कृति और आत्म-खोज के प्रतीक के रूप में बताया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च अधिकारियों ने विदेशी मीडिया को महाकुम्भ की भव्यता की जानकारी दी।

महाकुम्भ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व डाला प्रकाश: विदेश मंत्रालय एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विदेशी मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया गया कि महाकुम्भ 2025 मानवता के इतिहास में सबसे बड़े आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक समागमों में से एक है। यह आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। इसकी पौराणिक जड़ें समुद्र मंथन की कथा से जुड़ी हैं, जिसमें अमृत कलश से चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में अमृत की बूंदें गिरी थीं। महाकुम्भ का स्नान आत्मा की शुद्धि और आत्मज्ञान का प्रतीक माना जाता है।

अन्य धार्मिक आयोजनों से वृहद है महाकुम्भ 2025 : विदेशी मीडिया के समक्ष योगी सरकार के अधिकारियों ने बताया कि महाकुम्भ 2025 के श्रद्धालुओं की संख्या अन्य बड़े वैश्विक आयोजनों से कहीं अधिक होगी। विश्व के बड़े आयोजन जैसे रियो कार्निवल में लगभग 70 लाख, हज में 25 लाख और ओक्टोबरफेस्ट में 72 लाख लोग शामिल होते हैं। वहीं महाकुम्भ 2025 में 45 करोड़ लोगों का आगमन इस महाआयोजन की वृहदता और इसकी वैश्विक महत्ता को दर्शाता है।

आर्थिक और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगा महाकुम्भ: अधिकारियों के अनुसार, महाकुम्भ 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन देगा। इससे अनुमानित व्यापार 2 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। उत्तर प्रदेश की जीडीपी में 1 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का भी अनुमान है। दैनिक आवश्यक वस्तुओं का कारोबार 17,310 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है, जबकि होटल और यात्रा सेवाओं में 2,800 करोड़ का व्यापार होगा। धार्मिक सामग्री और फूलों का कारोबार क्रमशः 2,000 करोड़ और 800 करोड़ तक हो सकता है।

प्रयागराज का कायाकल्प और बुनियादी ढांचे का विकास : अधिकारियों ने बताया कि महाकुम्भ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रयागराज में व्यापक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया गया है। इसमें 14 नए फ्लाईओवर और अंडरपास, 9 स्थायी घाट, 7 नई बस स्टेशन और 12 किलोमीटर अस्थायी घाट शामिल हैं। सुरक्षा के लिए 37,000 पुलिसकर्मी, 14,000 होमगार्ड और 2,750 एआई-आधारित सीसीटीवी कैमरे तैनात किए गये हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में 6,000 बेड, 43 अस्पताल और एयर एंबुलेंस की व्यवस्था है। स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए 10,200 सफाईकर्मी और 1,800 गंगा सेवादूत तैनात हैं।

15 लाख विदेशी श्रद्धालुओं के आने का अनुमान

सरकार के आंकलन के अनुसार, इस बार महाकुम्भ में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है, जिनमें करीब 15 लाख विदेशी पर्यटक भी होंगे। 2019 के कुंभ मेले में 25 करोड़ लोग शामिल हुए थे। यह आयोजन विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं के लोगों को एक साथ लाकर एकता और समानता का संदेश दे रहा है।

किन्नर अखाड़ा सहित 13 अखाड़ों की भागीदारी

महाकुम्भ 2025 में 13 अखाड़ों की भागीदारी हो रही है, जिनमें किन्नर अखाड़ा और महिलाओं के अखाड़े सहित दशनाम संन्यासिनी अखाड़ा शामिल हैं।

ट्रम्प ने 500 अरब डॉलर के एआई बुनियादी ढांचे में निवेश की घोषणा की

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को अमेरिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता बुनियादी ढांचे में 500 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की। यह निवेश ओपनएआई, सॉफ्टबैंक और ओरेकल द्वारा किया जाएगा। व्हाइट हाउस में मंगलवार दोपहर एक कार्यक्रम के दौरान, श्री ट्रम्प ने घोषणा की कि ओपनएआई, सॉफ्टबैंक और ओरेकल तीन कंपनियां मिलकर एक नई एआई बुनियादी ढांचा कंपनी बनाने जा रही हैं, जिसका नाम 'स्टारगेट' होगा। यह कंपनी अगली पीढ़ी के एआई को शक्ति प्रदान करने के लिए भौतिक और वर्चुअल इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाएगी, जिसमें देश भर में डेटा सेंटर शामिल होंगे।

जयशंकर ने रुबियो के साथ लिया क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा

वाशिंगटन (वार्ता)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके प्रशासन के शपथ ग्रहण के एक दिन बाद वाशिंगटन में क्वाड विदेश मंत्रियों की सार्थक बैठक में भाग लिया, जिसमें एजेंडा को मजबूत बनाने और सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। नये अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापानी विदेश मंत्री ताकेशी इवाया तथा डॉ. जयशंकर के बीच मंगलवार को क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक हुई। चार देशों की ओर से जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि वे आने वाले महीनों में क्वाड के काम को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं और भारत द्वारा आयोजित अगले क्वाड लीडर्स समिट की तैयारी के लिए नियमित आधार पर एक साथ मिलेंगे।

ट्रम्प ने सिल्क रोड डार्कनेट स्टोर के संस्थापक रॉस को किया माफ

वाशिंगटन(वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नशीली दवाओं के व्यापार के आरोप में आजीवन कारावास की सजा पाए सिल्क रोड डार्कनेट स्टोर के संस्थापक रॉस उलब्रिच को माफकर दिया है। श्री ट्रम्प ने मंगलवार को अपनी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, 'ट्रुथ सोशल' पर एक पोस्ट में कहा, मैंने अभी रॉस विलियम उलब्रिच की मां से फोन पर बात की और उन्हें यह सूचित किया कि उनके और मुक्तिवादी आंदोलन के सम्मान में, जिन्होंने मेरा इतनी दृढ़ता से समर्थन दिया, मुझे खुशी है कि मैंने उनके बेटे रॉस के लिए पूरी तरह से और बिना किसी शर्त के माफी पर हस्ताक्षर किए हैं।

ईरान ने उत्तर, पश्चिमी सीमाओं के पास किया सैन्य अभ्यास

तेहरान (वार्ता)। ईरान ने मंगलवार को तीन उत्तर-पश्चिमी प्रांतों अर्दबील, पूर्वी अजरबैजान और पश्चिमी अजरबैजान के सीमा रक्षकों की भागीदारी के साथ एक बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास शुरू किया। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी आईआरएनए ने बुधवार को बताया कि ईरान ने मंगलवार को अपने पूर्वी अजरबैजान प्रांत के जोल्फा सीमा क्षेत्र में एक सैन्य अभ्यास शुरू किया। यह क्षेत्र आर्मेनिया और अज़रबैजान की सीमाओं से सटा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, इस अभ्यास का उद्देश्य, तीन उत्तर-पश्चिमी प्रांतों, अर्दबील, पूर्वी अजरबैजान और पश्चिमी अजरबैजान के सीमा बलों के बीच समन्वय को बढ़ाना और उनकी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना है।

बीजिंग ने ढाका को चीनी ऋण चुकाने के लिए 10 साल और दिए

ढाका/बीजिंग, (वार्ता)। चीन ने बंगलादेश के ऋण भुगतान की अवधि को एक और दशक तक बढ़ाने के के अनुरोध पर सैद्धांतिक रूप से सहमति व्यक्त की है। साथ ही यह भी आश्वासन दिया है कि वह बंगलादेश विदेश सलाहकार तौहिद हुसैन और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच बीजिंग में बातचीत के बाद ब्याज दर को 1त्न तक कम करने के ढाका के अनुरोध पर विचार करेगा। जापान, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक के बाद चीन बंगलादेश का चौथा सबसे बड़ा ऋणदाता है, जिसका 1975 से अब तक वितरित कुल ऋण 7.5 अरब डॉलर है।

अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का घोषणा पत्र किया जारी

'मिडिल क्लास' का दिल जीतने का दांव, केंद्र के सामने रखीं 7 मांगें

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'रेवड़ियों' के ऐलान का दौर जारी है। आम आदमी पार्टी ने बुधवार को मिडिल क्लास के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आगामी बजट को मिडिल क्लास को समर्पित करने की मांग करते हुए केंद्र सरकार के सामने 7 मांगें रखीं। केजरीवाल ने कहा कि उनकी पार्टी सड़क से संसद तक मिडिल क्लास की आवाज को बुलंद करेगी। बजट सत्र में आम आदमी पार्टी के सांसद मिडिल क्लास की आवाज उठाएंगे।

'मिडिल क्लास सिर्फ इतना ही चाहता है': अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मिडिल क्लास सिर्फ सरकार का एटीएम बनकर रह गया है। देश में मिडिल क्लास टैक्स टेररिज्म का शिकार हो रहा है। केजरीवाल ने कहा कि देश का मिडिल क्लास घर, बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा और अच्छा स्वास्थ्य चाहता है। इन्हीं सब जरूरतों को पूरा करने के लिए एक मिडद्धल क्लास इंसान पूरी जिंदगी मेहनत करता है।

'लोग देश छोड़कर विदेशों में जाने को मजबूर': बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भी आम आदमी पार्टी को बहुत पैसा खर्च करना पड़ता है। आज हालत ये हो गई है कि एक यंग शादीशुदा कपल के लिए फैमिली प्लानिंग एक फाइनेंशियल डिसीजन बन गया है। बच्चा प्लान करने से पहले उनको ये सोचना पड़ता है कि क्या वह बच्चे की परवरिश को अफोर्ड कर सकते हैं। इन्हीं परेशानियों की वजह से बहुत से लोग आज देश छोड़ रहे हैं। साल 2020 में 85 हजार भारतीय देश छोड़कर विदेश चले गए। साल 2023 में ये आंकड़ा 3 गुना ज्यादा था।यह देश के लिए परेशानी की बात है। उन्होंने केंद्र सरकार के सामने 7 मांगें रखी हैं, जिससे मिडिल क्लास को राहत मिल सके।

केजरीवाल की 7 मांगें

- शिक्षा का बजट 2 पर्सेंट से बढ़ाकर 10 पर्सेंट किया जाए। प्राइवेट स्कूलों की फीस पर लगाम लगाई जाए
- उच्च शिक्षा के लिए सब्सिडी और स्कॉलरशिप मिले
- हेल्थ का बजट भी बढ़ाकर 10 पर्सेंट किया जाए और हेल्थ इंश्योरेंस से टैक्स हटाएं
- इनकम टैक्स की सीमा में छूट को 7 से बढ़ाकर 10 लाख करें।
- आवश्यक वस्तुओं से जीएसटी हटाई जाए।
- सीनियर सीटिजन्स के लिए मजबूत रिटायरमेंट प्लान और पेंशन की योजना बने। देश के सभी सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त इलाज हो
- बुजुर्गों को पहले रेलवे में 50 पर्सेंट छूट मिलती थी, उसे बंद कर दिया गया। उसे शुरू किया जाए।

'मिडिल क्लास की आधी कमाई टैक्स भरने में जा रही'

केजरीवाल ने कहा कि वह यही उम्मीद करता है कि सरकार से उसे थोड़ी मदद मिल जाए। लेकिन ज्यादातर सरकारें न तो उसके लिए अच्छे स्कूल बना पा रही हैं और न ही उसको रोजगार और सुरक्षा दे पा रही हैं। यह वर्ग देश में सबसे ज्यादा परेशानी का शिकार होता है।अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर एक मिडिल क्लास परिवार साल में 10-12 लाख रुपए कमाता है तो उसे इनकम टैक्स, जीएसटी, टोल टैक्स, सेल्स टैक्स, प्रॉपर्टी टैक्स जैसे टैक्सों के नाम पर अपनी 50 प्रतिशत से ज्यादा आमदनी टैक्स भरने में देनी पड़ती है।

बांग्लादेश भागने वाला था सैफ का हमलावर

रेल टिकट न मिलने से प्लान हुआ फेल

मुंबई/ए.। सैफ अली खान पर हमला करने वाला मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद वारदात को अंजाम देने के बाद पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भागने की फिराक में था। वह मुंबई से भागने के लिए रेलवे स्टेशन गया, लेकिन उसे हावड़ा के लिए टिकट नहीं मिली। इसके बाद वह ऐसे रेलवे टिकट ऐजेंट की तलाश कर रहा था, जिससे उसे हावड़ा जाने के लिए टिकट मिल सके, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। लेकिन परेशानी ये थी कि शरीफुल इस्लाम के पीछे पुलिस लगी हुई थी। न्यूज पेपरों और टीवी चैनलों में लगातार शरीफुल इस्लाम का चेहरा दिखाया जा रहा था, ऐसे में वह मुंबई से निकल नहीं पाया और यहां-वहां छिपता रहा और आखिरकार ठाणे इलाके से पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जानकारी के मुताबिक शरीफुल ने जिन जिन लोगों से बात की और मिला था सबसे पुलिस इन्वेस्टिगेशन कर रही है। सैफ अली खान पर हमला मामले में पुलिस को सैफ के घर में सर्च के दौरान आरोपी शहजाद की टोपी मिली है। जहां सैफ अली खान और शहजाद भिड़े थे ये टोपी वहीं मिली है। बता दें कि बेटे जेह के कमरे में ही सैफ और शरीफुल भिड़े थे और यहीं से आरोपी की टोपी मिली है।

अवैध रूप से भारत में दाखिल हुआ था आरोपी

आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद के मामले की जांच कर रहे मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 30 वर्षीय शहजाद मेघालय में भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर स्थित द्वाकी नदी को पार करके अवैध रूप से भारत में दाखित हुआ था। इसके बाद उसने अपना नाम बदल कर बिजॉय दास कर लिया है और यहां रहने लगा। पुलिस ने पहले बताया था कि शहजाद बांग्लादेश के झालोकाथी जिले का मूल निवासी है।

घर भेजा मुफ्त का फोन, फिर बैंक खाते से उड़ाए 3 करोड़

बेंगलुरु/ए.। साइबर ठगी के अपराधी अब नए-नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे वे आसानी से लोगों को ठग लेते हैं। ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग, मैलवेयर अटैक और अन्य तरीकों से लोगों को शिकार बनाते हैं। बेंगलुरु से भी साइबर ठगी का एक नायाब मामला सामने आया है। साइबर अपराधियों ने एक नया तरीका अपनाते हुए एक व्यक्ति को फ्री मोबाइल फोन दिया। जैसे ही उसने इस फोन में सिम कार्ड डाला और उसे एक्टिवेट किया, उसके बैंक खाते से अचानक करीब तीन करोड़ रुपये गायब हो गए। साइबर अपराधियों ने एक व्यक्ति को एक मोबाइल फोन गिफ्ट किया, जिसमें पहले से स्पाई सॉफ्टवेयर इंस्टॉल किए गए थे। जैसे ही उस व्यक्ति ने फोन में सिम कार्ड डाला और उसे एक्टिवेट किया, फोन की सभी गतिविधियां साइबर अपराधियों को भेजने लगीं। इस ठगी की शुरुआत एक कॉल से हुई, जिसमें अपराधी ने दावा किया कि वह एक अंतरराष्ट्रीय बैंक का क्रेडिट कार्ड उपलब्ध करवा सकते हैं, जिससे करोड़ों रुपये का कर्ज आसान ब्याज दर पर मिल सकता है। व्यक्ति ने हामी भर दी और उसे एक नया सिम कार्ड खरीदने को कहा गया। इसके बाद उसे बताया गया कि सिम और क्रेडिट कार्ड के लक्की ड्रॉ में उसने एक मोबाइल फोन जीता है, जो उसे कुछ दिनों में भेज दिया जाएगा। फोन मिलने के बाद निर्देशों के अनुसार व्यक्ति ने अपने बैंक अकाउंट्स को नए सिम से लिंक किया। इसके बाद, उसे मैसेजेस प्राप्त होना बंद हो गए।

जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 का आयोजन एक फरवरी से

उदयपुर (वार्ता)। देशभर में प्रसिद्ध हो चुके उदयपुर बर्ड फेस्टिवल की तर्ज पर इस बार ग्रीन पीपल सोसाइटी एक फरवरी को जयपुर बर्ड फेस्टिवल-2025 का आयोजन करेगा। जयपुर बर्ड फेस्टिवल संयोजक एवं सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि जामडोली के पास कानोता कैंप रिसॉर्ट्स में आयोजित होने वाले इस बर्ड फेस्टिवल में लगभग 500 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं पर्यावरण प्रेमियों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। इस संबंध में गत दिनों उदयपुर में आयोजित सोसायटी की बैठक में आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं और गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया।

लोगों को परेशान ना करें, दायरे में रहकर काम कीजिए

हाईकोर्ट ने ईडी पर लगाया 1 लाख जुर्माना

मुंबई/ए.। बंबई उच्च न्यायालय ने एक रियल एस्टेट कारोबारी के खिलाफ ''बिना सोचे समझे'' धन शोधन की जांच शुरू करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर मंगलवार को एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि केंद्रीय एजेंसियों को कानून के दायरे में रहकर काम करना चाहिए।

ईडी पर जुर्माना लगाते हुए न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने कहा कि कानून लागू करने वाली एजेंसियों को एक ''कड़ा संदेश'' जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नागरिकों को परेशान न किया जाए। उच्च न्यायालय ने अगस्त 2014 में मुंबई के एक रियल एस्टेट डेवलपर राकेश जैन को धन शोधन एजेंसी द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर एक विशेष अदालत द्वारा जारी की गई प्रक्रिया (समन/नोटिस) को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति जाधव ने कहा, ''अब समय आ गया है कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियां कानून को अपने हाथ में लेना बंद करें और नागरिकों को परेशान करना बंद करें।

ईडी ने जैन के खिलाफ उपनगरीय विले पार्ले थाने में एक संपत्ति खरीदार द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर धन शोधन की जांच शुरू की थी, जिसमें जैन पर समझौते के उल्लंघन और धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। न्यायमूर्ति जाधव ने अपने फैसले में कहा कि जैन के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है, इसलिए धन शोधन के आरोप भी टिकते नहीं हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि जैन के खिलाफ शिकायतकर्ता का कदम और ईडी की कार्रवाई ''स्पष्ट रूप से दुर्भावनापूर्ण है और इसके लिए जुर्माना लगाने की आवश्यकता है।

गोत्र बना कारण | *पाकिस्तान में एक ही गोत्र में शादी नहीं की जा सकती*

बेटी की शादी करने पाकिस्तान से जोधपुर पहुंचा सोढा परिवार

जोधपुर/ए.। राजस्थान के जोधपुर में एक परिवार अपनी बेटी की शादी करने के लिए पाकिस्तान से आया है। दुल्हन के परिवार के सदस्यों की मानें तो उनके परिवार के ज्यादातर सदस्यों की शादी भारत में हुई है। सीमा के उस पार पाकिस्तान में शादी के लिए उनकी जाति में सारे लोग उनके ही गोत्र के हैं, इसलिए शादी के लिए सीमा के इस पार आना पड़ता है। बताया जा रहा है कि बुधवार को बारात दुल्हन को लेने के लिए जैसलमेर से जोधपुर पहुंचेगी। दुल्हन का नाम मीना सोढ़ा है और उनके पिता का नाम गणपत सिंह सोढा है, जबकि माता का नाम डिम्पल भाटी है।

दुल्हन के पिता ने क्या बताया?

दुल्हन के पिता गणपत सिंह सोढ़ा ने बताया कि पाकिस्तान में उनके ही गोत्र के सभी लोग होते हैं और इस कारण वह अपनी बेटी की शादी वहां नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में एक ही गोत्र में शादी नहीं की जा सकती, इसलिये हमें वीजा लेकर भारत आना पड़ता है और यहीं पर शादी करनी होती है।

वीजा और वीजा एक्सटेंशन में भी समस्या

दुल्हन की मां डिम्पल भाटी ने भारत के माहौल को अच्छा बताते हुए कहा, भारत में लोग बहुत अच्छे हैं और हम पिछले 10 साल से भारत और पाकिस्तान के बीच यात्रा कर रहे हैं। गणपत सिंह सोढ़ा ने कहा कि पाकिस्तान से भारत आने में उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा, सीधी कोई ट्रेन या प्लेन नहीं है, मुनाबाव से होकर ट्रेन भी बंद है, जिससे यात्रा करना मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, वीजा और वीजा एक्सटेंशन में भी समस्या आती है।

मेरी पढ़ाई भी यहीं से हुई

गणपत सिंह सोढ़ा ने यह भी बताया कि उनके बड़े भाई लाल सिंह सोढ़ा 2013 में भारत आए थे और वह फिलहाल भारत में व्यवसाय करते हैं। उन्होंने कहा, मैंने भी 2022 में भारत आने का फैसला किया और अपनी बेटी की शादी यहीं करने का निर्णय लिया।

मीना सोढ़ा ने बताया कि उन्होंने अपनी पढ़ाई जोधपुर के कमला नेहरू महिला महाविद्यालय से पूरी की है और उन्हें भारत और पाकिस्तान में कोई खास अंतर नजर नहीं आता। उन्होंने कहा, सीमा के उस पार मन में थोड़ा डर जरूर रहता है। लेकिन, सीमा के इस पार सब बड़ा अच्छा लगता है। मेरी पढ़ाई भी यहीं से हुई है।

जहरीला पदार्थ खाने से 15 बंदरों की मौत, जांच की मांग

सिरोही/ए.। सिरोही जिले के नागाडी स्थित आमलारी गांव में एक साथ 10 से 15 बंदरों की मौत का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों को पहले एक दो बंदर मरे हुए दिखाई दिए, इसके बाद समाजसेवीयों की सहायता से 15 बंदरों को ढूंढकर उन्हें दफनाया गया। इसके बाद लोगों में एक साथ 10 से 15 बंदरों की मौत की खबर फैली तो ग्रामीणों की भीड़ भी मौके पर जमा हो गई और आसपास जाकर और जगह बंदर को ढूंढने का काम शुरू किया। इसके बाद ग्रामीणों ने पशु चिकित्सा टीम को भी इसकी सूचना दी और मौके पर पशु चिकित्सा टीम भी पहुंची और इसकी जांच शुरू की। साथ ही बंदरों की मौत की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची।

आमलारी गांव में स्थित कृषि कुएं होने से वहां बड़ी संख्या में बंदर हैं, जिसको लेकर ग्राम पंचायत की ओर से कालन्द्री थाने में एक रिपोर्ट भी दर्ज की गई थी और इसमें 70 बंदरों की टोली होने का जिक्र भी किया गया था। बंदरों की मौत के बाद जब सुबह के समय लोग इधर-उधर जाने लगे तो कई बंदर मृत पड़े मिले।

राजधानी में पिस्टल की मैगजीन से केक काटा, मचा हड़कंप

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में पिस्टल की मैगजीन से केक काटने का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें एक युवक अपने जन्मदिन पर सड़क पर खड़े होकर पिस्टल से मैगजीन निकाल रहा है। फिर कैमरे के सामने ही उस मैगजीन से केक काटते नजर आ रहा है। इसके अलावा एक दूसरे वीडियो कॉल में एक युवक बंदूक पकड़कर दूसरे को धमकाते नजर आ रहा है। इस मामले में स्क्कसे शिकायत भी हुई है। बताया जा रहा है कि ये दोनों वीडियो आजाद चौक इलाके का है। पहला वीडियो पराग इस हियर नाम के इंस्टाग्राम आईडी में अपलोड किया गया है। जिसमें दो युवक केक लेकर खड़े हैं। एक युवक ने हाथ में पिस्टल पकड़ी हुई है और वह मैगजीन निकाल रहा है। फिर उसने मैगजीन से ही केक को काटा। इस दौरान पीछे एक लड़का स्काई शॉट को हाथों में लेकर फोड़ रहा है। जो जानलेवा है। गायत्री दुबे नाम की महिला ने रायपुर एसएसपी डॉ.लाल उम्मेद सिंह को शिकायत दी। जिसमें उन्होंने बताया कि उसके बेटे ओम दुबे को वीडियो कॉलिंग कर इंस्टाग्राम में अरुण यादव नाम की युवक ने धमकी दी है। अरुण ने पिस्टल दिखाकर हत्या की धमकी दी है।

'कल्पनाएं बेहतर भारत की' कार्यक्रम में शामिल हुए उपराष्ट्रपति

■ विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की है महत्वपूर्ण भूमिका

रायपुर/नवप्रदेश। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 'कल्पनाएं-बेहतर भारत की' कार्यक्रम में एनआईटी, आईआईटी और आईआईएम के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्र-छात्राओं से रूबरू होते हुए कहा कि आप सभी देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन कर रहे हैं। इन संस्थानों में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी की शिक्षा दी जा रही है। देश में एआई मशीन लर्निंग, ग्रीन हाईड्रोजन जैसी नवीन तकनीकों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत जब 2047 में अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएगा, तब यह एक सशक्त और विकसित भारत का सपना केवल लक्ष्य नहीं बल्कि सुनिश्चित गंतव्य बन चुका होगा। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि भारत युवाओं की बदौलत फिर से

विश्व गुरू बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का आव्हान करते हुए कहा कि आयातित वस्तुओं का इस्तेमाल न कर देश का प्रत्येक नागरिक भारत को सशक्त बनाने में योगदान दे सकता है। राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि एक मजबूत भारत को आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ वैश्विक रूप से जुड़ा होना चाहिए।

नवाचार और उद्यमिता की एक मजबूत संस्कृति को बढ़ावा देकर इस विजन को साकार किया जा सकता है। टिकाऊ कृषि के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाकर, आदिवासी उद्यमिता को बढ़ावा देकर और अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे में निवेश करके, छत्तीसगढ़ समावेशी और सतत विकास का एक प्रकाश स्तंभ बन सकता है।

कौशल विकास के साथ आत्मनिर्भरता को दे बढ़ावा : डेका

राज्यपाल डेका ने कहा कि हमारे युवा कल के निर्माता हैं। उन्हें ऐसे कौशल से परिपूर्ण किया जाना चाहिए जो पारंपरिक ज्ञान को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ एकीकृत करते हैं। कौशल विकास कार्यक्रम और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना एक लचीली अर्थव्यवस्था और एकजुट समाज की नींव रखेगा। हमारे युवाओं को वैश्विक चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए उद्योग-संबंधी शिक्षा और अग्रणी अनुसंधान संस्थानों को बढ़ावा देना होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि समृद्ध भारत के निर्माण के लिए हमें हमारे गौरवशाली इतिहास और सनातन परंपराओं का गहरा अध्ययन और इसकी गहरी समझ विकसित करनी होगी. भारत देश प्राचीनकाल से ही विश्वगुरु रहा है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद सेंट्रल जेल पहुंचे, समर्थकों का भी जमावड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के नगीना से सांसद चंद्रशेखर राजधानी रायपुर के सेंट्रल जेल पहुंचे हुए हैं। यहां वे बलौदा बजार हिंसा के आरोपियों से मिलने पहुंचे हैं। चन्द्रशेखर के साथ उनके समर्थक भी बड़ी संख्या में जेल पहुँचे हैं। सांसद चंद्रशेखर बलौदा बाजार घटना के मामले के आरोपी कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव सहित अन्य से मुलाकात कर रहे हैं। पुलिस ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए जेल के मुख्य द्वार को बंद कर दिया है। जेल प्रहरियों के अलावा जिला पुलिस के अधिकारी भी जेल परिसर में तैनात किए गए हैं। बलौदाबाजार में 10 जून को सतनामी समाज के धार्मिक स्थल को नुकसान पहुंचाने को लेकर बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। उग्र भीड़ ने कलेक्ट्रेट और एसपी कार्यालय तक को फूंक दिया था। इस मामले को लेकर विधायक देवेंद्र यादव को भी गिरफ्तार किया गया। विधायक देवेंद्र यादव पर प्रदर्शन के दौरान भीड़ को भड़काने का आरोप लगा है। इस मामले में पुलिस ने उन्हें नोटिस जारी किया था। लेकिन, एक बार पुलिस के समक्ष पेश होने के बाद विधायक देवेंद्र यादव दुबारा पेश नहीं हुए। बलौदाबाजार हिंसा मामले में देवेंद्र यादव को लगातार नोटिस जारी किया गया था।

इन्वेस्टर मीट में शामिल होगे सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुंबई में कल यानि 23 जनवरी 2025 को छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर मीट का कार्यक्रम होने जा रहा है। बता दें कि, सीएम विष्णुदेव साय आज शाम साढ़े 5 बजे मुंबई जाएंगे। इन्वेस्टर मीट में कई उद्योगपतियों से सीए साय की मुलाकात होगी। बता दें कि, इस कार्यक्रम में सीएम साय छत्तीसगढ़ में इनवेस्टर्स को आमंत्रित करेंगे। मालूम हो की मुख्यमंत्री विष्णु साय दिल्ली में इन्वेस्टर मीट में भी शामिल हुए थे, जिसमें सीएम ने देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को राज्य में निवेश के लिए आमंत्रित किया था। सीएम ने राज्य की नई औद्योगिक नीति 2024-30 की खूबियों को साझा करते हुए इसे निवेशकों के लिए बेहद अनुकूल बताया था। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को 15184 करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए।

निगम सीमा क्षेत्र में 25 व 30 को मांस-मटन विक्रय पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। सम्पूर्ण रायपुर नगर पालिक निगम परिक्षेत्र में गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी और महात्मा गाँधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गाँधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है। गणतंत्र दिवस दिनांक 26 जनवरी 2025 और महात्मा गाँधी निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2025 को किसी भी दुकान में मांस - मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस - मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

केन्द्रीय जल मंत्री से केदार कश्यप ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। एक दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की। मंत्री कश्यप ने केंद्रीय मंत्री पाटिल को बस्तर के ढोकरा आर्ट से निर्मित हाथी और पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय भेंट की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय जन भागीदारी अभियान, अप्रतिम कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी अभियान में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इस अवसर केदार कश्यप ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से छत्तीसगढ़ में विभागीय उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। प्रदेश में जल संसाधन विभाग की संभावनाओं को लेकर सार्थक चर्चा की गई। मंत्री कश्यप ने पाटिल को विभागीय कार्यों के अवलोकन व निरीक्षण के लिए छत्तीसगढ़ आने की बात कही।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का उपनयन संस्कार 19 फरवरी को

रायपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के उपनयन संस्कार 19 फरवरी को रायपुर के आशिर्वाद भवन में होगा। इसमें लगभग

100 के आसपास बाल -बटुक शामिल होंगे। बुधवार को कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अरुण शुक्ला और सचिव सुरेंद्र मिश्र के साथ दिल्ली से आए ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया के संगठन महासचिव अतुल मिश्र के साथ रवीन्द्र मिश्र, धर्मेंद्र मिश्र और प्रदीप शर्मा की हुई मुलाकात में यह बात तय हुई। ब्राह्मण समाज ऑफ इंडिया ने इस कार्यक्रम में बढ़- चढ़कर हिस्सा लेने की बात भी कही। इससे पहले 19 फरवरी के कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. रविशंकर शुक्ल और धरसींवा से पूर्व विधायक रहे स्व. मुन्ना शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण भी किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव 2025

रायपुर में पांच लाख महिलाओं के हाथ में शहर सरकार की चाबी

■ प्रदेश के 10 में से 8 नगर निगमों महिला मतदाता होंगी निर्णायक

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में इस बार महिला मतदाताओं को निर्णायक भूमिका हो सकती है। प्रदेश के सबसे बड़े नगरपालिक निगम रायपुर में कुल 10,36,079 मतदाताओं में से 5,15,301 पुरुष, 5,20,524 महिला व 254 अन्य मतदाता हैं। इसी तरह कुछ अन्य नगरीय निकायों में भी पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।नगरीय निकायों व त्रिस्तरीय पंचायतों में पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता ज्यादा हैं। नगरीय निकायों में कुल 44,74,269 शहरी मतदाताओं में से 22,00,525 पुरुष, 22,73,232 महिला व 512 अन्य मतदाता हैं. वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों में कुल 1,58,12,580 ग्रामीण मतदाता हैं, जिनमें 78,20,202 पुरुष, 79,92,184 महिला व 194 अन्य मतदाता हैं। प्रदेश के जिन 10 नगरपालिक निगमों में होना है, उनमें से 8 नगरपालिक निगमों में महिला मतदाता अधिक हैं. केवल कोरबा व चिरमिरी नगरपालिक निगम में ही पुरुषों की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या कम है।

10 नगर पालिकाओं में मतदाता

नगर निगम	पुरुष	महिला	अन्य	कुल
रायपुर	515,301	520,524	254	1,036,079
बिलासपुर	251,322	254,771	69	506,162
रायगढ़	70,387	70,445	17	140,849
अंबिकापुर	59,644	61,800	10	121,454
धमतरी	34,727	38,304	2	73,033
दुर्ग	116,032	121,897	26	237,955
राजनांदगांव	65,017	70,132	2	135,151
जगदलपुर	47,557	52,852	27	100,436
कोरबा	133,662	133,418	23	267,103
चिरमिरी	27,594	26,594	0	54,188

आठ नगरपालिक निगमों रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव व जगदलपुर में महिला मतदाताओं की संख्या अधिक है। गौरतलब है कि प्रदेश के 173 नगरीय निकायों में चुनाव होगा, जिनमें 10 नगरपालिक निगम, 49 नगरपालिका परिषद् तथा 114 नगर पंचायत व 3201 वार्ड शामिल हैं. इसी प्रकार त्रिस्तरीय पंचायतों के जिला पंचायत सदस्य के लिए 433, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 2973, सरपंच पद के लिए 11672 तथा पंच पद के लिए 1,60,180 पदों पर आम निर्वाचन कराया जाना है।

रायपुर जिले के 9 निकायों में महिला वोटर अधिक

रायपुर जिले के 11 नगरीय निकायों में भी पुरुषों की तुलना में महिला मतदाता अधिक हैं. इन निकायों में कुल मतदाताओं की संख्या 11,68,334 है, जिनमें 5,80,154 पुरुष व 5,87,923 महिला मतदाता हैं. 11 निकायों में से केवल नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा व मंदिरहसौद को छोड़कर शेष 9 निकायों में पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

राजस्व विभाग ने लगातार दूसरे दिन भी की कार्यवाही

दो दुकानें सील, दो दुकानों पर लाइसेंस नहीं होने पर जुर्माना

■ चाइनीज मांझा नहीं रखने की दी पतंग दुकानदारों को हिदायत

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी शहर रायपुर में चाइनीज मांझा के कथित विक्रय की शिकायत पर आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार लगातार दूसरे दिन नगर निगम उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में कार्यवाही नगर निगम रायपुर के राजस्व विभाग की टीम द्वारा जारी रही। नगर निगम जोन 4 राजस्व विभाग की टीम ने जोन कमिश्नर श्री अरुण ध्रुव के निर्देश पर जोन के तहत सदर बाजार स्वामी विवेकानंद वार्ड नम्बर 45 के गोलबाजार क्षेत्र में जोन सहायक राजस्व अधिकारी श्री मान्कुराम धीवर के नेतृत्व में अभियान चलाकर पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान दो पतंग दुकानों को सीलबन्द कर दिया गया, जबकि उमदा फ्टाका दुकान के संचालक द्वारा दुकान में अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं रखे जाने पर जुर्माना किया गया। मेसर्स सिटी मोबाइल दुकान के संचालक पर निगम का अनुज्ञप्ति लाइसेंस नहीं मिलने पर जुर्माना किया गया। अभियान आगे भी जारी रहेगा। नगर निगम जोन क्रमांक 10 के राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन कमिश्नर श्री राकेश शर्मा के निर्देश पर पतंग दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया और सभी पतंग दुकानदारों को दुकान में चाइनीज मांझा कदापि नहीं रखने की कड़ी हिदायत दी गयी.अभियान सतत जारी रहेगा।

आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक : कलेक्टर

चुनावी जुलूस, रैली की सूचना पूर्व में स्थानीय पुलिस थाने में दे प्रतिनिधि

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव सिंह ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को निर्वाचन आयोग की आदर्श आचरण संहिता के प्रति प्रतिबद्धता आवश्यक है तथा आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी का उद्देश्य स्वतंत्र निष्पक्ष चुनाव कराना है। इस प्रक्रिया में राजनैतिक दलों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हैं। सभी के सहयोग से जिले में नगरीय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया को सफलता पूर्वक संपन्न कर पाएंगे। त्रिस्तरीय चुनाव के संदर्भ में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सिंह द्वारा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में ली गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक दल एवं अभ्यर्थी को जातीय, धार्मिक विषयों से बचकर अपना प्रचार-प्रसार करना चाहिए। वोट के लिए अपील करते समय धार्मिक स्थल या संस्थान का उपयोग नही किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि कोई दल या प्रत्याशी स्वयं किसी की निजी संपत्ति पर, भवन, भूमि अथवा परिसर पर झंडे,पोस्टर बैनर आदि उसकी पूर्वानुमति के बिना नही लगाएगा और न ही अपने समर्थको को ऐसा करने दें। अस्थायी प्रचार कार्यालयों की अनुमति किसी भी अतिक्रमित भूमि या भवन पर नहीं दी जायेगी। साथ ही शैक्षणिक संस्थान या अस्पताल से लगे हुए भवनों में भी अस्थायी प्रचार कार्यालय की अनुमति नहीं दी जाएंगी।

पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के लिए खुशखबरी

घर बनाने के लिए अब मिलेंगे ज्यादा पैसे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास के नए घटक किफायती आवास योजना के हितग्राहियों को 68 हजार रुपए से एक लाख रुपए तक ज्यादा पैसे मिलेंगे। इसके तहत राज्य सरकार 119 करोड़ रुपए का राज्यांश प्रदान करेगी। इससे किराए में रहने वाले दस हजार लाभार्थियों को फायदा मिलेगा। रविवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम आवास 2.0 के हितग्राहियों के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए। इससे 3939 करोड़ का अनुदान स्वीकृत किए गए हैं। इसमें 1450 करोड़ का अनिवार्य राज्यांश, 539 करोड़ का अतिरिक्त राज्यांश और 1950 करोड़ का केंद्रांश शामिल है। नए फैसलों के अनुसार पीएम आवास शहरी (शहरी) 2.0 के लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के लिए प्रति आवास राशि 3.21 लाख को ब?ाकर 3.89 लाख रुपए दिए जाएंगे। सरकार ने अब तक दी जा रही 85 हजार रुपए राज्यांश में वृद्धि करते हुए एक लाख 39 हजार रुपए दिया जाएगा। इससे कमजोर आय वर्ग के एक लाख हितग्राही लाभान्वित होंगे। इसी तरह भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी) घटक के 4.75 लाख की राशि को बढ़ाकर अब 5.75 लाख रुपए कर दिया गया है। सरकार राज्यांश के रूप में ढाई लाख रुपए प्रति आवास देती थी। इसे अब 2.80 लाख रुपए कर दिया गया है। इससे 27 हजार परिवारों को लाभ मिलेगा। वहीं प्रवासी, फुटकर व्यापारी, संविदा कर्मी सहित ईडब्ल्यूएस/एलआईजी लाभार्थियों को किफायती किराया आवास घटक शामिल किया गया है। इसके हितग्राहियों के लिए प्रति आवास 2.38 लाख के अतिरिक्त 118 लाख का अतिरिक्त राज्यांश मंजूर किया है। किराए में रहने वाले दस हजार परिवारों को इसका फायदा मिलेगा। आवास योजना के छूटे हितग्राहियों के सर्वेक्षण का काम लगातार जारी है। इससे अब तक 33 हजार हितग्राहियों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज की जा चुकी है।

नगरीय निकाय चुनाव — *15 फरवरी को मतों की गणना कर परिणाम होंगे घोषित*

महापौर-अध्यक्ष के लिए नामांकन शुरू, लास्ट डेट 28 जनवरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव एक चरण में चुनाव होगा। इसके लिए 22 जनवरी यानि आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। आज से प्रत्याशी अपना नामांकन रिटर्निंग अफसर या सहायक रिटर्निंग अफसर के समक्ष जमा कर सकेंगे। नामांकन दाखिल का अंतिम तारीख 28 जनवरी रखा गया है। 25 और 26 जनवरी को नामांकन जमा नहीं किए जाएंगे।

निकायों के निर्वाचन क्षेत्रों में 11 फरवरी को मतदान होगा। वहीं 15 फरवरी को मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। नगरीय निकाय चुनाव 25 दिनों में पूरे हो जाएंगे। बता दें कि 2025 के निकाय चुनाव में प्रदेश के 14 नगर निगमों में से 10 नगर पालिक निगम, 54 नगर पालिकाओं में से 45 नगर पालिका परिषद और 124 नगर पंचायतों में से 114 नगर पंचायत अध्यक्षों के लिए चुनाव होंगे।

कुल 10 लाख 36 हजार 79 वोटर

नगरीय निकाय को 107 और त्रिस्तरीय पंचायत को 97 सेक्टरों में बांटा गया है। वहीं मतदाता संख्या की बात करें तो रायपुर नगर निगम में कुल 10 लाख 36 हजार 79 मतदाता वोट डालेंगे। नगरीय निकाय चुनाव में 11 रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। वहीं पंचायत में 5 रिटर्निंग और 74 सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने आगे बताया कि मतदान के केंद्रों की सूची का प्रकाशन 27 जनवरी तक होगा। चुनाव चिन्ह का प्रकाशन 6 फरवरी तक होगा।

रायपुर जिले में बनाए गए 1290 मतदान केंद्र

रायपुर जिले में नगरीय निकायों में कुल 1290 मतदान केंद्र होंगे।

रायपुर नगर निगम के 70 वार्डो में 1095 मतदान केंद्र होंगे। जबकि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए 1378 मतदान केंद्र होंगे। इसके साथ ही नगरीय निकाय में 69 और त्रिस्तरीय पंचायत के लिए 4 सहायक मतदान केंद्र होंगे।

एक ही दिन जारी हो निकाय-पंचायत के नतीजे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। पहले नगरीय निकाय चुनाव होंगे, जिनके बाद परिणामों की गणना होगी और नतीजे जारी किए जाएंगे। इसके बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों की प्रक्रिया शुरू होगी। हालांकि इस चुनावी कार्यक्रम पर राज्य के प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेस ने सवाल उठाया है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के दौरान दोनों चुनावों के परिणाम अलग-अलग क्यों घोषित किए जाएंगे। सोमवार को राज्य निर्वाचन आयोग के इस ऐलान के बाद कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने अपनी आपत्ति जाहिर की थी। इसके अलावा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राज्य निर्वाचन आयोग के प्रमुख अधिकारी को एक पत्र लिखकर अपनी चिंता व्यक्त की है। कांग्रेस ने इसके संदर्भ में विधानसभा और लोकसभा चुनावों के परिणामों का उदाहरण दिया है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस की आपत्ति को नकारते हुए कहा है कि नगरीय निकाय चुनाव दलीय आधार पर होते हैं, जबकि पंचायत चुनाव स्वतंत्र रूप से आयोजित होते हैं, इसलिये नतीजों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। छत्तीसगढ़ में पंचायत और नगरीय निकाय चुनावों की तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। आज निर्वाचन आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इन चुनावों की तिथियाँ घोषित की और इसके साथ ही पूरे प्रदेश में आचार संहिता लागू कर दी गई। आयोग ने यह भी कहा कि चुनाव 24 फरवरी तक संपन्न हो जाएंगे। निर्वाचन आयोग के अनुसार, नगरीय निकाय चुनाव एक चरण में होंगे, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के निकाय चुनाव तीन चरणों में होंगे। नगरीय निकाय चुनावों के लिए नामांकन की प्रक्रिया 22 जनवरी से शुरू होगी, जो 31 जनवरी तक चलेगी। इस बार नगरीय निकाय चुनाव इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से होंगे, जबकि पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से किए जाएंगे।

सुविचार

जीवन में अपना व्यक्तित्व शून्य रखिए ताकि उसमें कोई कुछ घटा न पाए और आप जिसके साथ खड़े हो जाएं उसकी कीमत दस गुना बढ़ जाए। - अज्ञात

घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाना जरूरी

मुंबई में प्रसिद्ध फिल्म कलाकार सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर चाकुओं से हमला करने वाला आरोपी बांग्लादेशी घुसपैठिया निकला, जो मुंबई में नाम बदल बदलकर रह रहा था और भारत का नागरिक बनने के लिए फर्जी पहचान पत्र बनाने की फिराक में था इस घटना के बाद से मुंबई में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ अभियान तेज करनी की मांग उठ रही है। कुछ समय पूर्व ही महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाया था जिसके तहत कुछ लोगों की पहचान भी हुई थी बाद में यह अभियान सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गया। अब जबकि ऐसे ही एक बांग्लादेशी घुसपैठिए ने मुंबई के सबसे पाश इलाके में जाकर और तमाम सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाकर आधीरात के बाद सैफ अली खान के घर में घुसकर उनपर चाकू से हमला कर दिया और इस घटना को लेकर विपक्षी पार्टियों ने मुंबई की सुरक्षा व्यवस्था के मुद्दे को लेकर महाराष्ट्र सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की तब कहीं जाकर सरकार हरकत में आई है। मुंबई की तरह ही देश की राजधानी नई दिल्ली में भी लाखों की संख्या में घुसपैठ करके आने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्या एक लंबे अरसे से वहां बसे हुए हैं। इन घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चलाने के लिए नई दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने पुलिस कमिश्नर को निर्देशित किया है कि नई दिल्ली में भी अवैध रूप से रह रहे बांग्लोदेशी संगीन अपराधों में शामिल हो सकते हैं इसलिए उनके खिलाफ अभियान चलाया जाये सभी बांग्लादेशी की जांच की जाये। गौरतलब है कि नई दिल्ली विधानसभा के चुनाव होने जा रहे हैं और ऐसी स्थिति में वहां रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए चुनाव प्रक्रिया में खलल डाल सकते हैं। इसी आशंका को मद्देनजर रखकर नई दिल्ली के एलजी ने घुसपैठियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया है। बात सिर्फ मुंबई और नई दिल्ली की ही नहीं है देश के अन्य महानगरों और शहरों में भी बड़ी संख्या में बांग्लोदशी और रोहिंग्या घुसपैठिए बस गये हैं और इनमें से ज्यादातर आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहते हैं। यहां तक की इन्हें अपना वोट बैंक बनाने के लिए कई राजनीतिक पार्टियां इन्हें फर्जी मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड तक उपलब्ध करा देती हैं। बंगाल में तो वहां की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने एक दशक के शासनकाल के दौरान ऐसे लाखों घुसपैठियों को बसाकर उन्हें मुलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध करा दी है। इसके पहले की इन घुसपैठियों के कारण देश में अशांति फैले केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह इन घुसपैठियों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाये। संबंधित राज्य सरकारों को भी इनके खिलाफ अपना अभियान तेज करना चाहिए। अन्यथा आने समय में बांग्लादेशी और रोहिंग्यां घुसपैठिए देश के लिए बहुत बड़ा सिरदर्द साबित होंगे।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर एक और करारा प्रहार

छत्तीसगढ़ में लाल आतंक के खात्मे के लिए पुलिस और सुरक्षाबलों ने अपना अभियान तेज कर दिया है। उसी का यह सुपरिणाम है कि छत्तीसगढ़ और उडीसा की सरहद पर एक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर करने में सफलता प्राप्त की है। इन मारे गये नक्सलियों में एक करोड़ का इनामी जयराम उर्फ चलपति भी शामिल है। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के जंगलों में लगभग 60 नक्सलियों के छिपे होने की खबर मिलने के बाद छत्तीसगढ़ और उडीसा की पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ मिलकर उनकी घेराबंदी की और घंटों चली मुठभेड़ के बाद 28 नक्सलियों को मार गिराया। उनके पास से अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किये गये हैं। निश्चित रूप से यह पुलिस और सुरक्षाबलों को मिली बहुत बड़ी सफलता है इसके लिए सुरक्षाबलों को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने बधाई दी है और उम्मीद जाहिर की है कि हमारे सुरक्षाबल के जवान इसी तरह बहादुरी के साथ नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी रखेंगे ताकि 2026 तक छत्तीसगढ़ से लाल आतंक का सफाया हो जाये। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सुरक्षाबलों की सराहना करते हुए कहा है कि नक्सलवाद पर इसी तरह का करारा प्रहार जारी रखना होगा तभी अगले साल तक छत्तीसगढ़ नक्सली हिंसा से मुक्त हो जायेगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ को अविभाजित मध्यप्रदेश से नक्सली समस्या विरासत में मिली थी। पूर्ववर्तीय सरकारों ने भी नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया था लेकिन जबसे विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है। तब से नक्सलवादियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू कर दी गई है। जिसके पूर्व भी सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कई नक्सलियों को ढेर किया था। यदि यह कहा जाये तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि छत्तीसगढ़ में अब नक्सवाद अपनी आखिरी सांसे गिन रहा है। पुलिस और सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ने से बड़ी संख्या में नक्सलवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं और समाज की मुख्यधारा में लौट रहे हैं इसके बावजूद अभी भी आदिवासी बहुल बस्तर में कई नक्सली संगठन सक्रिय हैं जो सुरक्षाबलों का दबाव बढ़ने पर पड़ौसी राज्यों में भाग जाते हैं और फिर छत्तीसगढ़ में आकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने लगते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ ही पड़ौसी राज्यों की पुलिस भी सुरक्षाबलों द्वारा चलाये जा रहे अभियान में सहभागी बने। उनके खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने से ही नक्सलवाद का सफाया हो पाएगा।

गजेन्द्र सिंह शेखावत
केंद्रीय संस्कृति मंत्री

सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहाँ उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है। एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत - एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, "सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।"

आइए हम एक उज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

सुभाष चंद्र बोस: पीढ़ियों को प्रेरित करने वाली विरासत

पराक्रम दिवस के अवसर पर, जो नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती को रेखांकित करता है, हम भारत के स्वतंत्रता संग्राम में उनके अपार योगदान और उनकी अदम्य भावना का सम्मान करते हैं, जो आज भी युवाओं को प्रेरित करती है। इस दूरदर्शी नेता के जीवन और आदर्शों का उत्सव मनाने के लिए स्थापित, पराक्रम दिवस इस बात पर विचार करने का एक अवसर है कि हम उनके सिद्धांतों को अपनी व्यक्तिगत और राष्ट्रीय आकांक्षाओं के साथ कैसे एकीकृत कर सकते हैं। यह दिन, न केवल उनके बलिदान की याद दिलाता है, बल्कि कार्रवाई का आह्वान भी करता है तथा हमें साहस, निष्ठा और नेतृत्व के उनके सिद्धांतों को अपनाने का आग्रह करता है, ताकि एक समृद्ध, आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, नेताजी के योगदान को संस्थागत रूप दिया गया है तथा इसे पहले से कहीं ज्यादा बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है। 2021 में, सरकार ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में नामित किया, जिससे नेताजी की विरासत का सम्मान करने के लिए वार्षिक राष्ट्रव्यापी समारोह सुनिश्चित हुआ। कर्त्तव्य पथ पुनर्विकास परियोजना के तहत इंडिया गेट पर नेताजी की प्रतिमा का अनावरण, उनके विजन के प्रति एक ऐतिहासिक श्रद्धांजलि थी। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे "भारतीय गौरव और संस्कृति के पुनरुत्थान" का प्रतीक घोषित किया, जो बोस के राष्ट्रवाद के आदर्शों के अनुरूप है।

इसके अलावा, नेताजी से जुड़ी 304 फाइलों को सार्वजनिक करना एक ऐतिहासिक कदम था, जिसने दशकों से चल रही अटकलों को खत्म कर दिया और जनता को उनके जीवन और कार्य से जुड़े महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तक पहुंच प्रदान की। इसके अतिरिक्त, मणिपुर के मोइरंग में आईएनए मेमोरियल का पुनरुद्धार, जहां इंडियन नेशनल आर्मी ने पहली बार तिरंगा फहराया था, नेताजी की विरासत को संरक्षित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने बोस के वैश्विक प्रभाव पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "नेताजी का जीवन स्वतंत्रता के लिए समर्पित था और उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी, जो आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से भरा हो।"

सुभाष बोस का जन्म कटक में एक सम्मानित परिवार में हुआ था। वे एक प्रतिभाशाली छात्र थे। कटक के रेवेनशॉ कॉलेजिएट स्कूल, कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज और भारतीय सिविल सेवा (आईसीएस) परीक्षा में उन्होंने अपने अध्ययन का बेहतरीन प्रदर्शन किया। देशभक्ति की गहरी भावना और अपने देश की सेवा करने की इच्छा से प्रेरित होकर, उन्होंने एक सम्मानजनक करियर की सुख-सुविधाओं को ठुकराते हुए आईसीएस से इस्तीफा देने का फैसला किया। बाद में, उन्होंने देशभक्ति की भावना जगाने और देशवासियों के बीच स्वतंत्रता का संदेश फैलाने के लिए 1921 में 'स्वराज'

नामक एक समाचार पत्र शुरू किया।

नेताजी का स्वतंत्र भारत का सपना सिर्फ एक सपना नहीं था, बल्कि कार्रवाई का आह्वान था। जब वे 1941 में नज़रबंदी से भाग निकले और अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा, तो यह सिर्फ एक रणनीतिक कदम नहीं था - यह दृढ़ संकल्प, सहनशीलता और ज़रूरत पड़ने पर अपरंपरागत रास्ते अपनाने की इच्छाशक्ति का एक साहसिक दावा था।

उन्होंने घोषणा की, "मुझे खून दो और मैं तुम्हें आजादी दूंगा," यह उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि सच्ची आज़ादी के लिए सिर्फ़ शब्दों की नहीं, बल्कि कार्यों की भी जरूरत होती है। चाहे वह इंडियन नेशनल आर्मी (आईएनए) के निर्माण के ज़रिए हो या आज़ाद हिंद रेडियो पर उनके भाषणों के ज़रिए, बोस ने दिखाया कि आज़ादी हासिल करने के लिए सामूहिक प्रयास, बलिदान और प्रगति के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देने की इच्छा की ज़रूरत होती है। पूर्व ब्रिटिश पीएम क्लेमेंट एटली ने एक बयान में अंग्रेजों के भारत छोड़ने के कई कारण बताए, "उनमें से सबसे प्रमुख कारण था - नेताजी की सैन्य गतिविधियों के परिणामस्वरूप भारतीय सेना और नौसेना कर्मियों के बीच ब्रिटिश राज के प्रति वफादारी का कम होना।"

यद्यपि महात्मा गांधी के साथ उनके वैचारिक मतभेद जगजाहिर थे, लेकिन गांधी के सिद्धांतों के प्रति बोस का सम्मान अटल रहा और उनके विपरीत रास्ते उनके पृथक दृष्टिकोणों को उजागर करते थे। नेताजी ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया, लेकिन भारत की स्वतंत्रता की उनकी प्रतिबद्धता कभी कम नहीं हुई। आज के युवाओं के लिए, यह हमें अपने आदर्शों के प्रति सच्चे रहने का महत्व सिखाता है, भले ही आगे का रास्ता चुनौतियों से भरा हो।

नेताजी ने आईएनए के भीतर "झांसी की रानी रेजिमेंट" का गठन करके "नारी शक्ति" के महत्व को मान्यता दी, एक पूरी तरह से महिला रेजिमेंट जिसने महिला सशक्तिकरण के प्रति उनके विश्वास को सुदृढ़ किया। ये आदर्श माननीय प्रधानमंत्री के भारत के विज़न में अच्छी तरह से परिलक्षित होते हैं, जहाँ महिलाएँ देश के भविष्य को आकार देने में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं।

पराक्रम दिवस, नेताजी की अमर विरासत का एक वार्षिक अनुस्मारक आयोजन बन गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों से युक्त समारोहों के पिछले आयोजनों ने उनके योगदान को प्रतिष्ठा दी है, जिसमें कोलकाता और दिल्ली प्रमुख आयोजन स्थल हैं, जहाँ उनकी एकता और देशभक्ति की भावना सड़कों पर गूंजती थी। इस वर्ष, कटक में, इस कार्यक्रम का विशेष महत्व है, क्योंकि यह उनके मूल स्थान का सम्मान करता है।

एक ऐसी दुनिया में जो सुदृढ़ता और नवाचार की मांग करती है, उनकी जीवन गाथा युवाओं को एक विकसित भारत - एक आत्मनिर्भर, विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने और कार्य करने के लिए एक शक्तिशाली प्रेरणा के रूप में कार्य करती है। जैसा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार कहा था, "सुभाष चंद्र बोस का नाम देशभक्ति की भावना जगाता है और राष्ट्र को साहस और निस्वार्थ भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।"

आइए हम एक उज्ज्वल, मजबूत भविष्य के लिए मिलकर काम करके उनकी विरासत को आगे बढ़ाएं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1571 में आज ही के दिन रॉयल एक्सचेंज की शुरुआत लंदन में हुई थी। 1668 में 23 जनवरी केदिन ही हॉलैंड और इंग्लैंड ने आपसी सहयोग समझौता किया था। 1760 में आज ही के दिन हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को हराया था। 1799 में 23 जनवरी के दिन ही नेपल्स इटली पर फ्रांसीसी सैनिकों ने कब्जा किया था। 1849 में आज ही के दिन ही मेडिकल डिग्री हासिल करने वाली पहली अमेरिकी महिला एलिजाबेथ ब्लैकवेल बनीं थीं। 1920 में 23 जनवरी के दिन ही भारत में एयरमेल और वायु परिवहन सेवाओं की शुरुआत हुई थी। 1930 में आज ही के दिन क्लाइड टॉमबॉग ने सबसे पहली बार प्लूटो ग्रह की फोटो ली थी। 1965 में 23 जनवरी के दिन ही दुर्गापुर अलॉय इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई थी। 1966 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं थीं। 1977 में 23 जनवरी के दिन ही जनता पार्टी का गठन हुआ था। 1973 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने वियतनाम शांति समझौते की घोषणा की थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अगर ये इश्क़

अगर ये इश्क़ मेरा जुर्म है तो, दो सजा पहले दिये जलते कहीं हों इश्क़ के तो, दो दुआ पहले कहीं मेरा पता हो तो, कहीं तेरा निशां भी हो लगे जब चोट दिल पर प्यार के तो, दो दवा पहले... नीर' - **नीरज वर्मा नीर**

सकारात्मक रहना भी

सकारात्मक रहना भी बड़ा मुश्किल है और समझौता भी,किसे चुने यह निर्णय भी मुश्किल।।बस हम सही करने के ही बारे में सोच सकते। इससे ज्यादा कुछ भी नही। हम हर पल इसी प्रयास में की आने वाला पल अच्छा गुज़रेगा, और इसी आशा में ज़िन्दगी गुजर जाती है। पर चीजे जस की तस अंततः विराम ही बेहत्तर प्रयास व्यर्थ है हम कितना भी अच्छे बनने की कोशिश करे,इल्ज़ाम तय होते है। - **सुरेखा अग्रवाल**

खास पाती

कोमल कोमल अहसासों वाली

कोमल कोमल अहसासों वाली बतला तू कौन शहर रहती है तू न मंजिल सी है ठहरी ठहरी भावों की बदली सी बहती है !तेरे गीतों में गाते हैं बादल तेरे अफसानों में कितने साहिल गूंगी- गूंगी सी तो हैं तितली - पर तेरे गीतों में क्या! कहतीं हैं! भावों की...आंसू से जब झीलें भर जातीं हैं फिर ये निर्झर झरनों में गातीं हैं ठहरीं तनहा-तनहा सी मंजिलें भी झट मुस्का के,संग संग चल उठतीं हैं ! भावों की... - **अजय कुमार सिंह भदौरिया**

हुक़ूमत देखिये साहिब बहुत लगती निराली

हुक़ूमत देखिये साहिब बहुत लगती निराली है किसी के हाथ में हीरा किसी का हाथ ख़ाली है ग़रीबो के घरों में ही अज़ब मंज़र ये देखा है कि रोटी एक है लेकिन कई हाथों में थाली हैं मेरे मालिक मेरे दाता ये तूने क्यों ? किया ऐसा कहीं रूखी नहीं मिलती कहीं रोटी रुमाली है हुक़ूमत से ज़रूरत की कभी चीजे जो मांगी तो वो अगली बार देखेंगे ये कह कर बात टाली है नये नोटों के चेहरे भी बहम में डाल देते है यकीं होता नही ये नोट असली है की जाली है न जाने किस गुफ़ा में जा के बैठा है वो काला धन अभी तक गूंजती वो बात पन्द्रह लाख़ वाली है कहानी में तेरा क़िरदार भूख के बाद आता है भले ही जुल्फ़ बादल है बर्क़ कानो की बाली है - **विवेक 'बादल' बाज़पुरी**

फरेबों है ये दुनिया,झूठ की है

फरेबों है ये दुनिया,झूठ की है और नफ़रत की। हर इक दिल में ही धोका है, जगह कोई न चाहत की। बदल जाता है हर इक शख्स बस मतलब निकलते ही। यहाँ पर दोस्ती गर है, तो वो है बस जरूरत की। - **शोभा किरण**

अगर बिजली पानी के अधिकारी तुम्हारी

अगर बिजली पानी के अधिकारी तुम्हारी सरकार के अंतर्गत आते हैं तो क्या तुम्हारे इशारे पर गलत बिल भेज रहे थे जो तुम्हारे जीतने पर वे काम करने लगेंगे ? मैं बिजली के बिल ठीक करा दुंगा मैं पानी के बिल ठीक करा दुंगा। अनेक साल से सत्ता पर काबिज अपने संस्थानों को ठीक नहीं कर पाया जो ग़लत बिल भेज रहे हैं अब क्या ठीक करा पाएगा ? बिल ठीक कराने की राजनीति जब काम का समय हो तो काम न करो न करवाओ जब वोट लेने हों तो अधिकारियों से काम करवाऊंगा। क्या देश की/प्रदेश की जनता बेवकूफ है ? - **नवीन शंकर शर्मा**

उजाले में सैर को अब निकलने लगे हैं

उजाले में सैर को अब निकलने लगे हैं उल्लू दिन को भी कहिए रात ज़रूरी है आजकल जब यह उजाला भी उसका और अंधेरा भी पग-पग पर ऐहतियात जरूरी है आजकल दहशत से खामोश हैं लब हरेक वारदात पर मगर चीखता रहे आवाम जरूरी है आजकल सुनो सब की ,करो मन की ये सही है मगर नयी खबर को मुलाकात जरूरी है आजकल अपनी-अपनी राग पर थिरक रहे लोग यहां अंधे,बहरे,गूँगे की जमात जरूरी है आजकल - **सपना चन्द्रा**

सुना है कि इंदौर वाली लड़की

सुना है कि इंदौर वाली लड़की, जो महाकुंभ से वायरल हुई थी, वापस लौटकर जा चुकी है। अगर ये सच है तो सही किया उसने..शायद इसी बहाने जिंदगी बर्बादी की संभावना कम हो जाए कहीं, वरना यूट्यूबर्स और फेसबुक पर उपस्थित सौंदर्य के तथाकथित कद्रदानों ने अपनी तरफ से तो कोई कसर नहीं छोड़ी थी.. - **मिनाक्षी सिंह**

प्रेरक प्रसंग

भगवान श्रीराम ने समता से जीने की सीख दी

भगवान श्री राम मर्यादा का जीवन जीकर जन जन के लिए प्रेरणा बने। पर आज के मनुष्य ने अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर प्रकृति, पदार्थ, प्राणी और पर्यावरण के सह अस्तित्व को नकार दिया है। हम अपने वैयक्तिक विचारों के आग्रह में बंधकर रह गए हैं। हमने वैभव और विलासिता की दीवारों को ऊंची करने में जीवन खपा दिया है। श्रीराम ने समता से जीने की सीख दी, पर हम अनुकूलता प्रतिकूलता के बीच संतुलन धैर्य रखना भूल गए हैं। श्रीराम ने अभय और मैत्री का सुरक्षाकवच पहनाया, पर हम प्रतिशोध और प्रतिस्पर्धा को ही राजमार्ग समझ बैठे हैं। मेरा ईश्वर मैं ही हूं, मेरा राम मैं ही हूं यह समझ तभी फलवान बन सकती है, जब व्यक्ति स्वयं श्रीराम को जिए।

QUIZ TIME

1) हर साल 10 अगस्त को कौन सा दिन मनाया जाता है?

2) केन्द्रशासित राज्य दादर एवं नागर हवेली भारत के किस राज्य के पास स्थित है?

3) अल्बुकर्क ने गोवा को 1510 ई. में किससे छीना था?

4) किसे जहांगीर ने खान की उपाधि से सम्मानित किया था?

5) पेरिस ओलंपिक में पुरूषों की 100 मीटर दौड़ का गोल्ड मेडल किसने जीता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) विश्व जैव ईंधन दिवस (2) महाराष्ट्र (3) बीजापुर के सुल्तान आदिलशाह (4) विलियम हॉकिन्स (5) नोहा लायल्स

आज का पंचांग

सूर्योदय : : 07:18, सूर्यास्तः : 05:47, चन्द्रोदयः : 25:35, चन्द्रास्तः :11:43, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : नवमी, नक्षत्र : विशाखा, योग : गण्ड, प्रथम करण : कौलव (15:18 तक), द्वितीय करण : तैतिल (28:31 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : तुला, मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : धनु (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अमृत काल : 16:41 से 18:29, विजय मुहूर्त : 14:14 से 14:56, गोधूलि मुहूर्त : 17:43 से 18:10, सायाह्न सन्ध्या : 17:45 से 19:06, निशिता मुहूर्त : 24:02 से 24:55, राहुकाल : 13:29 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 08:31 से 09:50, दुर्मुहूर्त : 12:08 से 12:50, होमाहुति : राहु, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (15:18 तक), चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : गौरी के साथ (15:18 से सभा में)।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य
वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर
देवव्रत गुरुजी

मेषः आज आपका पल पल में बदलता स्वभाव स्वयं के साथ आस पास के लोगो को भी असमंजस में डालेगा।

वृषः आज के दिन आपसे भावनाओ में बहकर कोई अनैतिक कार्य हो सकता है जिसका बाद में पछतावा भी होगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये उतार चढ़ाव से भरा रहेगा लेकिन स्वभाव से परोपकारी रहने का लाभ किसी न किसी रूप में अवश्य मिलेगा।

कर्कः आज का दिन आप शांति से बिताने का प्रयास करेंगे लेकिन घर अथवा कार्य क्षेत्र का वातावरण क्रोध के लिये उकसाएगा।

सिंहः आज के दिन आपका स्वभाव अत्यंत जिद्दी रहेगा लेकिन इसका कुछ न कुछ लाभ भी मिलेगा। घर मे भी सदस्यों में श्रेष्ठ दिखने की होड़ रहेगी।

कन्याः आज के दिन आपका स्वभाव तो संतोषि रहेगा परिस्थिति के अनुसार स्वयं को ढाल लेंगे लेकिन घर के सदस्यों की महात्त्वकांक्षाये अधिक रहेगी ।

तुलाः आज के दिन आप अपनी ही मस्ती में मस्त रहेंगे किसी कार्य मे सहज सफलता मिलने से मन ही मन प्रसन्न भी रहेंगे।

वृश्चिकः आज भी परिस्थियां आपके विपरीत ही रहने वाली है कल से स्थिति में सुधार आने लगेगा।

धनुः आज का दिन लगभग ठीक ठाक ही रहेगा आपकी मानसिकता सुखोपभोग की अधिक रहेगी इसके ऊपर खर्च करने में सोचेंगे नही।

मकरः आज के दिन आप मेहनत करने में कमी नही रखेंगे फिर भी सफलता संदिग्ध ही रहेगी।

कुंभः आज के दिन आपका व्यवहार एक समान नही रहेगा जिससे स्वार्थ होगा उसी से व्यवहार करना पसंद करेंगे।

मीनः बीते दिन की असंयमित दिनचार्य का प्रभाव आज दिन के पहले भाग में देखने को मिलेगा थकान एवं शरीर मे अकड़न की शिकायत के चलते दैनिक कार्य भी जबरदस्ती करने पड़ेंगें।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रिवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. हास्य, गुलबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 304 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		श्र	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	धा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		वं		य
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

■ न्यूज गैलरी

नामांकन प्रक्रिया शुरू: पहले दिन एक भी आवेदन जमा नहीं

दुर्ग। जिले में निर्वाचन की अधिसूचना के प्रकाशन के साथ आज से नगरीय निकायों के आम/उप निर्वाचन के लिये नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत नामांकन जमा करने के पहले दिन नगर निगम दुर्ग के अंतर्गत एक भी नामांकन जमा नहीं किया गया। नगर निगम दुर्ग के रिटर्निंग ऑफिसर व सहायक रिटर्निंग आफिसर आज सुबह 10.30 बजे से नामांकन लेने अपने-अपने कक्ष में रहे। इससे पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में निर्विघ्न चुनाव प्रक्रिया निपटाने कलेक्टोरेट परिसर स्थित देवी माता की मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर दुर्ग नगर निगम के रिटर्निंग ऑफिसर एडीएम अरविंद एक्का सहति सभी एआरओ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेंद्र सिंह सहित स्थानीय निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे। रोज नामांकन सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक लिये जाएंगे।

नाली पर बने यूरिनल को ढहाया

रिसाली। वार्ड 13 टंकी मरोदा में नाली पर किये जा रहे अतिक्रमण को निगम कर्मियों ने ढहा दिया। सार्वजनिक नाली के ऊपर ईंट-सीमेंट से यूरिनल बनाया जा रहा था। निर्माण कार्य ब्लड कलेक्शन सेंटर के संचालक द्वारा कराया जा रहा था। नगर निगम के अधिकारियों को शिकायत मिलने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई टीम में राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे, टेकराम, डिलेश्वर साहू, रोहित साहू आदि शामिल थे।

क्राइम ब्रांच प्रभारी लाइन अटैच

दुर्ग। क्राइम ब्रांच के प्रभारी तापेश्वर नेताम को दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने लाइन अटैच कर दिया है। एसपी का कहना है कि नेताम खुद क्राइम ब्रांच में नहीं रहना चाहते थे। उन्होंने एसपी से क्राइम ब्रांच से हटाने की अपील की थी। इसलिए उन्होंने उसे लाइन भेजा है। पुलिस विभाग के सूत्रों का कहना है कि क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक और प्रभारी के बीच पट नहीं रही थी। काफी दिनों से उनके बीच चल रही खींचतान के बाद अब अचानक एसपी ने नेताम को लाइन अटैच कर दिया है।

स्थापना दिवस पर पैदल चाल/दौड़

भिलाई। भारत की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड - सेल के स्थापना दिवस (24 जनवरी) को सेल की सभी इकाइयों में वृहद रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर 24 जनवरी को भिलाई इस्पात संयंत्र में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन सुबह 8 बजे से किया जा रहा है। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रुपये नगद पुरस्कार और सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6 वीं कक्षा तक के छात्र व छात्रा को 3000 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता में सेल कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य और सेल द्वारा संचालित शिक्षण संस्थाएं भाग ले सकती हैं।

नगरीय निकायों में कांग्रेस के भ्रष्टाचार से जनता हलाकान : गजेंद्र यादव

कांग्रेस के कारण नगरीय निकायों में नहीं हुआ विकास : ललित चंद्राकर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भाजपा विधायकों ने आज नगरीय निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। छत्तीसगढ़ विकास प्राधिकरण, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष विधायक ललित चंद्राकर और दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने दुर्ग जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि कांग्रेस के कारण नगरीय निकायों में विकास कार्य नहीं हुए। कांग्रेस के भ्रष्टाचार से जनता हलाकान है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव और 2019 के शहरी निकाय चुनाव में जीत हासिल करने के बाद कांग्रेस ने जनहित के वादों को पूरा करने के बजाय भ्रष्टाचार और कुशासन का नया अध्याय लिखा। कांग्रेस के शासनकाल में विकास के कार्य ठप कर दिए गए। कांग्रेस के कार्यकाल में शहरों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है। साय सरकार ने पिछले 13 महीनों में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक के कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर शहरों के विकास में जान फूंकी है। अमृत मिशन के अंतर्गत पांच शहरों में 865 करोड़ की लागत से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्वीकृत किए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत अनुपचारित जल प्रबंधन हेतु एक लाख से कम जनसंख्या वाले 160 शहरों में 830 करोड़ की लागत से लगभग 200 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और 1000 कि.मी. से

अधिक सीवरेज लाइन बिछाई जाएगी। चंद्राकर ने कहा कि शहरों में केन्द्र की मिशन अमृत 2.0 योजनांतर्गत 2,130 करोड़ रु. की लागत से 45 शहरों में जलप्रदाय परियोजनाएँ स्वीकृत की गई हैं। शहरों में तालाबों के जीर्णोद्धार हेतु 113 करोड़ और उद्यान विकास हेतु 32 करोड़ रुपयों की स्वीकृति प्रदेश की भाजपा सरकार ने दी है। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सफाई व्यवस्था और ठोस अपशिष्ट के निष्पादन हेतु भारत सरकार द्वारा नवंबर 2024 में 230 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

विधायक गजेंद्र यादव ने कहा कि प्रत्यक्ष चुनाव होने से महापौर सीधे नागरिकों के प्रति जवाबदेह होंगे। 2018 में स्थापित नालंदा परिसर ने 250 से अधिक उम्मीदवारों को यूपीएससी, सीजीपीएससी जैसी परीक्षाओं में सफलता दिलाई और भाजपा सरकार ने 22 नए नालंदा परिसर बनाने की घोषणा की है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 45.22.287 लाभार्थियों को सहायता दी गई है, 215.50 लाख स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए हैं, और 1,577 अस्पतालों को पैनल में शामिल किया गया है, ताकि बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकें। बीपीएल परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना-उज्ज्वला के तहत 37,34,629 एलपीजी कनेक्शन वितरित किए गए। कोविड-19 संकट के दौरान मुफ्त रिफिल की संख्या 31,71,197, रिफिल की आपूर्ति पर सरकार द्वारा वहन की गई लागत राशि 324.16 करोड़ रु. रही।

विधायक यादव ने कहा कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि वह जनता के बीच किस विषय को लेकर जाएगी। 1 वर्ष पूर्व ही जनता ने उन्हें सत्ता से बेदखल किया है। अप्रैल में लोकसभा चुनाव में जनता ने मोदी व साय की सरकार के कामों पर विश्वास जताते हुए 11 में से 10 सीट दी। नवंबर में उपचुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा को 46 हजार से अधिक मतों से जिताया है।

कमेटी में लोकसभा और राज्यसभा के 30 सांसद शामिल, प्लांट के विस्तार पर दी जानकारी

स्टैंडिंग कमेटी ने किया स्टील प्लांट का दौरा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कोल और इस्पात क्षेत्र का निरीक्षण करने लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों की स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य बुधवार को भिलाई स्टील प्लांट का दौरा किया। कमेटी के सदस्यों ने इस्पात निर्माण की प्रक्रिया में विशेष रूचि दिखाई। संयंत्र भ्रमण के दौरान समिति ने ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन और यूनिवर्सल रेल मिल में विश्व की सबसे लंबी 130 मीटर रेल की रोलिंग प्रक्रिया को देखा और वहां के उत्पादन प्रणाली से अवगत हुए।

समिति के सदस्यों ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अत्याधुनिक तकनीकी संचालन का जायजा लिया और उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन किया। दौरे में कमेटी के अध्यक्ष सांसद अनुराग ठाकुर शामिल नहीं थे, लेकिन अन्य सदस्यों ने प्लांट का दौरा कर अधिकारियों से प्लांट की बेहतरी को लेकर चर्चा की।

इस दौरान दुर्ग सांसद विजय बघेल भी उपस्थित रहे। उन्होंने सांसदों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। विजय बघेल ने बताया कि लोकसभा की एक व्यवस्था के तहत विभिन्न विभागों की स्टैंडिंग कमेटी बनाई जाती है, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा से मिलाकर लगभग 30 सांसद होते हैं।

कमेटी कल कोल माइंस का दौरा करने गई थी। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि उनकी टीम पिछले दो दिनों से छत्तीसगढ़ का दौरा कर रही है। मंगलवार को उन्होंने भिलाई स्टील प्लांट की माइंस का दौरा किया था।

कमेटी अपनी रिपोर्ट पेश करेगी

राज्यसभा और लोकसभा सांसदों की यह कमेटी अपना दौरा पूरा कर चुकी है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और एक्सपर्ट से चर्चा की। उन्होंने प्लांट को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर भी चर्चा की। कमेटी अपनी रिपोर्ट चेयरमैन के सामने पेश करेगी। इसके बाद इसे पार्लियामेंट में रखा जाएगा।

प्लांट के विस्तारीकरण के बारे में दी गई कमेटी को जानकारी

भिलाई स्टील प्लांट के प्रभारी निदेशक अनिर्बान दास गुप्ता ने बताया कि कमेटी के सदस्यों ने भिलाई स्टील प्लांट का दौरा किया है। संसदीय कमेटी कोल स्किल और माइंस के ऊपर है।

भिलाई स्टील प्लांट के विस्तारीकरण के बारे में कमेटी के सदस्यों को बताया गया है। उन्होंने काफी विषयों पर चर्चा की है। चर्चा के साथ ही स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों ने कई विषयों पर जानकारी मांगी है। सदस्यों को सभी जानकारियां उपलब्ध करायी जाएंगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र में कोल, खदान और इस्पात सम्बंधी स्थायी संसदीय समिति का दौरा

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अध्ययन दौरे पर 22 जनवरी 2025 को कोल, खदान और इस्पात सम्बंधी स्थायी संसदीय समिति भिलाई पहुंची। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के इस्पात भवन में संसदीय समिति के आगमन पर, सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश और सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने उनका स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत इस्पात भवन के निदेशक प्रभारी सभागार में आयोजित बैठक से हुई, जिसमें समिति के सदस्यों ने सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश, सेल के वरिष्ठ अधिकारियों और सेल-बीएसपी के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में 'पीएसयू के ग्रीन फील्ड और ब्राउन फील्ड परियोजनाओं की स्थिति' पर अनौपचारिक चर्चा की। बैठक के दौरान भिलाई इस्पात संयंत्र के प्रबंधन और वरिष्ठ अधिकारियों ने समिति के सदस्यों को संयंत्र की उपलब्धियों, तकनीकी नवाचारों और आगामी परियोजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

गुस्साए परिजनों ने की सख्त कार्रवाई की मांग

खेल रहे मासूम को छोटा हाथी वाहन ने कुचला

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र में एक टाटा एस (छोटा हाथी) वाहन ने गली में खेल रहे 4 साल के मासूम को कुचल दिया। इससे उसकी जान चली गई। परिजनों ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने ड्राइवर के खिलाफकड़ी कार्रवाई की मांग की है।

पुरानी भिलाई पुलिस ने बच्चे के पिता शैलेंद्र मांडले की शिकायत पर धारा 281, 106(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। शैलेंद्र ने पुलिस को बताया कि शांति नगर सत्यम चौक भिलाई 3 में रहता है। उसके पारिवारिक मित्र प्रवीण बंजारे के बेटे की मौत होने पर 21 जनवरी को जय स्तंभ चौक चरोदा स्थित उसके घर में सामाजिक कार्यक्रम था। उसकी पत्नी लीमन मांडले, 8 साल की बेटी तान्या और 4 साल के बेटे हर्ष के साथ कार्यक्रम में शामिल होने गई थी।

उसकी पत्नी घर के कामों में व्यस्त थी। दोनों बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे। शाम करीब 6.30 बजे टेंट का सामान लेकर

छोटा हाथी वाहन सीजी 07 एवी 8148 पहुंचा। वाहन ड्राइवर ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनके बेटे हर्ष को सामने से टक्कर मार दी, जिससे हर्ष लहूलुहान हो गया। परिजन उसे लेकर तुरंत भिलाई स्थिति बीएम शाह हॉस्पिटल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हर्ष की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुस्साए परिजन सीधे पुरानी भिलाई थाने पहुंचे। उन्होंने रात में आरोपी ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाई जिसके कारण यह दुर्घटना हुई।

पीएम आवास योजना:अच्छे लोकेशन पर 14 लाख का मकान 3 लाख में मिलेगा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन हितग्राहियों को आवास का आबंटन किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में झुग्गी व गैर झुग्गी बस्ती में निवास करने वाले नागरिकों या किराये के मकानों पर अपना जीवन निर्वहन करने वाले नागरकिों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ये मकान अच्छे लोकेशन पर प्राइवेट बिल्डर से खरीदने पर 13 से 15 लाख में मिलते हैं। ऐसे मकानों को शासन द्वारा 3 लाख में दिया जा रहा है। इसकी दीवार कांक्रीट की बनी है। दो किलोमीटर दूरी पर मॉल, शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पुलिस थाना, बाजार, सड़कें, पहुंच मार्ग, खेलकूद की सुविधा, बिजली, पानी, अटैच किचन, टॉयलेट, बाथरूम उपलब्ध है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने भिलाई क्षेत्र के आवासहीन नागरिकों से कहा है कि जिनके पास स्वयं का मकान नहीं है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शासन के नियमानुसार मकान का आबंटन किया जा रहा है। मकान प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे जरूरी हैं। आवास योजना का लाभ लेने के लिए 31 अगस्त 2015 से पूर्व निवासरत होना चाहिये। मतदाता सूची / किरायानामा / निवास प्रमाण / जनगणना 2011 की सूची में नाम होना चाहिये। हितग्राही का भारत में कहीं भी पक्का मकान न हो और परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से अधिक नहीं होना चाहिये। सभी दस्तावेज होने पर इस हितग्राही इस योजना का लाभ ले सकते हैं। माइल स्टोन स्कूल के पास खम्हरिया में प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया गया है। यहां 521 परिवारों को आवास दिया जाएगा। एक मकान की लागत 4.48 लाख है, जिसमें केन्द्र शासन का अंशदान 1.50 लाख और हितग्राही का अंशदान 2.98 लाख है। जो हितग्राही 2.98 लाख के 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करते है, उन्हें ही लाटरी में शामिल कर मकान का आबंटन किया जायेगा। वरिष्ठ और दिव्यांगजन आवेदकों के लिए भू-तल के आवास आरक्षित रखे जाएंगे। हितग्राही इच्छा अनुरूप आवेदक आवास का लाभ उठा सकते हैं।

तकरीर और लंगर 27 को

भिलाई। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैहि का जन्मदिन 27 जनवरी को ताज दरबार नानी अम्मा जीई रोड निगम पानी टंकी के पास साक्षरता चौक के सामने शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति भिलाई इस मौके पर एक रोज का अजीम ओ शान तकरीरी प्रोग्राम रखा है। 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से औरतों के लिए तकरीर रखी गई है। सिमगा की शाहाना कादरी नूरी की कयादत में आलिमा फाजिला मोबीन ताजी व आलिमा फाजिला चांदनी ताजी की तकरीर होगी। शाम 6 बजे से फातिहा ख्वानी और आम लंगर होगा। ताज दरबार की ओर से हज्जन बदरुन्निसा ताजी, ताज अंजुम ताजी व मो. सादिक ताजी ने जानकारी दी।

रुंगटा पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह संपन्न

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। संजय रुंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशनस द्वारा संचालित रुंगटा पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी वार्षिक समारोह का आयोजन को बॉलीवुड थीम शोबिज़ एक्सीलेंस' के साथ किया गया। इस भव्य आयोजन में विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव विधायक के आगमन से हुई। मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति

जागरूकता का संदेश दिया गया। सम्मानित अतिथिगण मुख्य अतिथि, चेयरमैन संजय रुंगटा, डायरेक्टर रजनी रुंगटा, डॉ. साकेत रुंगटा, हर्षा रुंगटा, प्राचार्य राजीव कुमार एवं कार्यवाहक उपप्राचार्या आनंदिता रॉय चौधरी की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का विधिवत आरंभ हुआ। स्वागत भाषण रुंगटा पब्लिक स्कूल की प्री-प्राइमरी कोर्डिनेटर सोनू पाटनी ने दिया। तदुपरांत नन्हें मुन्ने बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया साथ ही नर्सरी और प्ले ग्रुप के बच्चों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अमिताभ बच्चन के लोकप्रिय शो कौन बनेगा करोड़पति का मंचन हुआ, जिसमें बच्चों ने होस्ट और प्रतिभागियों की भूमिकाएं निभाई।

नगर निगम का हेल्प डेस्क : फोन करने पर मिलेगी जानकारी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम में पूछताछ काउंटर खुल गया है। फोन नम्बर 07882294303 और 9039136979 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है। हेल्प डेस्क पर नागरिकों को निगम से संबंधित संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक, लीज नवीनीकरण, फ्री-होल्ड, गुमाश्ता लाइसेंस, ट्रेड लाइसेंस, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, लोक सेवा गारंटी,

सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शहरी आजीविका मिशन, साफ-सफाई जैसे कार्यो के लिए नगर निगम भिलाई कार्यालय आना पड़ता था। हेल्प डेस्क पर फोन कर इन सब कार्यो के लिए जरूरी पूछताछ व आवश्यक दस्तावेज से संबंधित जानकारी मिलेगी। पूछताछ काउंटर पर फोन करके जानकारी लेने के बाद पूरी तैयारी के साथ निगम के संबंधित विभाग में दस्तावेज जमा किया जा सकता है। कई बार जानकारी के अभाव में बिचौलिये नागरिकों को गुमराह कर देते हैं। इससे बचने के लिए पूछताछ काउंटर की सुविधा प्रारंभ की गई है। इसी तरह 14545 पर कॉल करके मोर संगवारी को आप घर बुला सकते हैं। इस सुविधा के तहत नागरिकों को घर बैठे आवश्यक प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। घर पहुंच सेवा का शुल्क मात्र 50 रुपये है। इस सुविधा के तहत जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, गुमाश्ता लाईसेंस, ट्रेड लाईसेंस, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, मजदूर कार्ड, निवासी प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज बनाए जा सकते हैं। कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

स्पोर्ट्स..

एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के फुटबॉल मैदान पर 8 टीमों के बीच मुकाबला

12 वें मार थियोडोसियस मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। 12वें मार थियोडोसियस मेमोरियल इंटर स्कूल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर 6 भिलाई के फुटबॉल मैदान पर हुआ। यह टूर्नामेंट 8 टीमों के बीच खेला जाएगा। भव्य उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि आर.डी. साव और दिनेश नामदेव, खेल निदेशक, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग उपस्थित थे। इसके अलावा अन्य विशिष्ट अतिथियों में वेरी रेव्ह. थॉमस रम्बान, उपाध्यक्ष, सेंट थॉमस मिशन, भिलाई, रेव्ह. फादर शाजी एम. बेबी (स्कूल के उपाध्यक्ष), रेव्ह, फादर रजी सी. वर्गीस,

कोरेस्पोंडेंट के. सी. मैथ्यू, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, चर्च प्रबंधन समिति के सदस्य, प्रधानाचार्य टी. एंटो जेकब, प्रथम पाली की प्रमुख अनीता राजन, द्वितीय पाली की प्रमुख सोमी सजीव, पाली इंचार्ज स्वप्ना चाको, मीनू जैकब, उमा कुमार और जीना शिवन उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत स्कूल प्रार्थना से हुई। दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई और सभी अतिथियों ने दिवंगत हिस. ग्रेस. डॉ. स्टीफानोस मार थियोडोसियस, पूर्व प्रबंधक बिशप के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद स्कूल के गायन दल ने उत्साही और प्रेरणादायक गीत के साथ माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया। स्वाती बालाजी ने अतिथियों का स्वागत किया और बिशप अलेक्सियस मार यूसेबियस का धन्यवाद किया जिन्होंने दिवंगत हिस. ग्रेस. डॉ. स्टीफानोस मार थियोडोसियस की याद में 12 वें फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित करने की अनुमति दी। इसके बाद कक्षा 9 की छात्रा दिव्या सारा मैथ्यू ने बिशप की याद में भाषण दिया। प्रधानाचार्य टी. एंटो जेकब ने कहा कि यह टूर्नामेंट दिवंगत हिस. ग्रेस. डॉ. स्टीफानोस मार थियोडोसियस को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक माध्यम है। उन्होंने खेल प्रभारियों की सराहना की। मुख्य अतिथि आर. डी. साव ने उद्घाटन भाषण में खेलों के महत्व पर जोर दिया और विद्यार्थियों को टीमवर्क नेतृत्व और संघर्ष क्षमता को विकसित करने के लिए फुटबॉल खेलने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि दिनेश नामदेव ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और एमजीएम स्कूल की तारीफ की, जिन्होंने इस खेल आयोजन को सफल बनाया। उन्होंने फुटबॉल मैदान की अच्छी देखभाल की सराहना भी की। समारोह के अंत में मुख्य अतिथि आरडी साव ने टूर्नामेंट की शुरुआत की घोषणा की, इसके बाद कक्षा आठवी और नवी की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने मुख्य अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।

कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक हैं दगाबाज कांग्रेसी : जंघेल

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग के पूर्व नेता प्रतिपक्ष देव कुमार जंघेल ने पीठ पर छुरा भोंकने वाले कांग्रेस नेताओं से सावधान रहने की अपील की है। जंघेल ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा होते ही ऐसे कई दावेदार टिकट के लिये दावा कर रहे हैं जिन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में अरुण वोरा की पीठ पर छुरा भोंका था। जंघेल ने कहा कि दगाबाजी करने वाले कांग्रेस नेताओं ने भितरघात ही नहीं बल्कि खुलाघात किया। यहां तक कि अरुण वोरा को हराने के लिए पैसे भी खर्च किए। ऐसे जयचंद अब टिकट पाने के लिये खुद को वफादार बता रहे हैं। कुछ दावेदार ऐसे हैं जिनका वार्ड आरक्षण की चपेट में आ गया है और वे दूसरे वार्ड में घुसपैठ की फिराक में है।



गद्दारों से सावधान रहें वोरा

जंघेल ने कहा कि स्वभाव से सरल अरुण वोरा को ऐसे गद्दारों से सावधान रहना चाहिए, क्योंकि ये जिस थाली में खाते हैं, उसी थाली में छेद करते हैं। वोरा को ऐसे पद लोलुप, स्वार्थी लोगों को प्रश्रय नहीं देना चाहिए। वोरा को चाहिए कि ऐसे लोगों को सबक सिखाएं। यदि इस बार भी वोरा इन दगाबाजों के झांसे में आएंगे तो दुर्ग नगर निगम चुनाव में कांग्रेस को करारी हार मिलना तय है। वोरा को यह नहीं भूलना चाहिए कि गद्दार कांग्रेसी कोरोना से भी ज्यादा खतरनाक हैं। इनसे दूरी बनाकर रखने में ही उनकी और कांग्रेस पार्टी की भलाई है।

जंघेल ने कहा कि दगाबाज कांग्रेस नेताओं को सबक सिखाना जरुरी है ऐसा ना करने पर वे बार-बार कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएंगे।

न्यूज गैलरी

जुलूस, आमसभा के लिए अनुमति जरूरी

कोरबा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा किए जाने के साथ ही निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ होने से जुलूस निकालने व आम सभाओं को नियंत्रित करने हेतु संबंधित व्यक्ति अनुमति लेकर ही आम सभा करें या जुलूस निकालने का आदेश जारी किया गया है। जिला दंडाधिकारी ने नगरीय क्षेत्र एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के निर्वाचन कार्य समाप्ति तक कोरबा जिले में कोई भी आम सभा या जुलूस संबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के लिखित अनुमति बगैर नहीं निकालने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग निषेध

कोरबा। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के दौरान कोलाहल विहीन वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने आदेश जारी कर कोरबा जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के निर्वाचन कार्य समाप्ति तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को निषेध कर दिया है। उन्होने कहा है कि निर्वाचन प्रचार व अन्य आवश्यक कार्य हेतु क्षेत्र के संबंधित रिटर्निंग/सहायक रिटर्निंग आफिसर से लिखित अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की अवधि में किया जा सकता है।

शस्त्र लायसेंस निलंबित

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा कर निर्वाचन की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने, आम शांति व्यवस्था कायम रखे जाने एवं लोक शांति की सुरक्षा की दृष्टिकोण से जिले में शस्त्रों के सभी अनुज्ञप्ति धारियों के अनुज्ञप्ति निर्वाचन कार्य समाप्ति तक के लिए आयुध अधिनियम 1959 की धारा 17(3)(ख) में उल्लेखित प्रावधानों के तहत निलंबित कर दिया गया है।

अधिकारी एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित

कोरबा। नगर निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम चुनाव 2025 संपन्न कराये जाने की घोषणा कर दी गई है तथा निर्वाचन की घोषणा तिथि से आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील हो गई है, निर्वाचन समाप्ति तक लागू रहेंगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने जिले के समस्त शासकीय और अर्द्धशासकीय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश को प्रतिबंधित किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। चालित एसबीआई फाउंडेशन एवं परिवर्तन समाज विकास समिति के मद्यम से जिला दंतेवाड़ा ब्लॉक कटेकल्याण के एकलव्य आदर्श विद्यालय कटेकल्याण के बालिकाओ को दिनांक 21/01/2025 को WASH, पर्यावरण संरक्षण , हर मंगलवार को दिए जाने वाले आयरन फॉलिक ऐसिड के नियमित रूप से लेने से होने वाले फायदे एवं खून की कमी होने लक्षण के बारे मे जानकारी दी गई। पर्यावरण को संरक्षण करने मे बच्चे किस प्रकार अपनी भूमिका किस प्रकार अदा कर सकते है ।

कलेक्टर ने ली राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

कलेक्टर ने ली आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में प्रेसवार्ता

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक एवं प्रेसवार्ता ली। कलेक्टर ने बताया कि नगरीय निकाय हेतु निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन व मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 22 जनवरी 2025 को किया जाएगा। 22 जनवरी 2025 से ही नाम निर्देशन प्राप्त करना शुरू हो जाएगा। 28 जनवरी 2025 नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 29 जनवरी 2025 को की जाएगी। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 31 जनवरी 2025 है। निर्वाचन लडने वाले अभ्यर्थियों की सूचना तैयार कर प्रकाशन करना व निर्वाचक प्रतीकों का आबंटन 31 जनवरी 2025 को किया जाएगा। 11 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को मतदान किया जाएगा। मतगणना व निर्वाचन परिणामों की घोषणा 15 फरवरी 2025 दिन शनिवार को की जाएगी।

वहीं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में मतदान तीन चरण में संपन्न होंगे। इसमें तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन व मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 27 जनवरी 2025 को किया जाएगा। तीनों चरणों के लिए 27 जनवरी 2025 से ही नाम निर्देशन प्राप्त करना शुरू हो जाएगा। तीनों चरणों के लिए 3 फरवरी 2025 नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि है। तीनों चरणों में नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 4 फरवरी 2025 को की जाएगी। तीनों चरणों के लिए अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 6 फरवरी 2025 है, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूचना तैयार कर प्रकाशन करना व निर्वाचक प्रतीकों का आबंटन 6 फरवरी 2025 को ही किया जाएगा। प्रथम चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 17 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 18 फरवरी 2025 को की जाएगी। द्वितीय चरण के लिए मतदान एवं मतदान केन्द्र पर की जाने वाली मतगणना 20 फरवरी 2025 और खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना 21 फरवरी 2025 को की जाएगी।

कलेक्टर एवं एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक श्री विवेक शुक्ला ने आज सारागांव, नवागढ़, शिवरीनारायण एवं चांपा में नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारियों का जायजा लिया एवं स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निर्वाचन के लिए सुविधाओं और सुरक्षा के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त एवं जमा करने के लिए बनाए गई व्यवस्था का आज जायजा लिया एवं सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने आवश्यक बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर-एसपी ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्ट्रांग रूम, मत पेटी वितरण केन्द्र, भवनों में बिजली सुविधा, इंटरनेट कनेक्शन, पार्किंग व्यवस्था, पानी सप्लाई तथा शौचालय की उचित व्यवस्था सहित सभी आधारभूत व्यस्थाए सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम चांपा श्री सुमित बघेल सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सीमेंट संयंत्र की गैस से 38 स्कूली बच्चों की बिगड़ी तबीयत

दीपक सोनी तत्काल बच्चों का हालचाल जानने सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे। इस दौरान उन्होंने बच्चों की स्थिति जाना और चिकित्सा अधिकारी को उचित ईलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों की सीमेंट संयंत्र को लेकर शिकायत पर भी संज्ञान लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं. फिलहाल घटना के असली कारण का पता नहीं चल सका है।

बच्चों ने बताया कि पहले भी हमने और हमारे पालकों ने कंपनी-अधिकारी से बदबू की शिकायत की है, लेकिन हमारी कोई सुनता नहीं है। आज जब संख्या बढ़ी, तब जानकर प्रशासन जाग रहा है। यह सीमेंट से प्रदुषण के कारण हो रहा है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी का बयान : मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने बताया कि सभी बच्चों की स्थिति अभी ठीक है. कुछ बच्चों को सांस लेने में तकलीफ आ रही थी जिन्हें जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है। कुछ बच्चों को भाटापारा भिजवाया गया है, बाकी का सुहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे ईलाज किया जा रहा है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में लगभग आठ से दस सीमेंट संयंत्र है, जिनके फायर रिसोर्स निकलने वाली गैसे बेहद बदबूदार होती है। ऐसी शिकायत लगभग सीमेंट संयंत्र से लगे सभी गांव की है। जनसुनवाई में भी मामला प्रमुखता से उठा है, पर प्रशासन ने संज्ञान नहीं लिया।

वहीं स्कूली बच्चों के साथ हुई इस घटना के बाद श्री सीमेंट संयत्र में धरना प्रदर्शन शुरू हो गया है। यूनिट हेड को बुलाने और प्रदूषण पूर्णतः बंद करने की कर रहे मांग को लेकर ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे है। मौके पर डिप्टी कलेक्टर सहित पुलिस के अधिकारी ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे है।

'आप-दा' वाले दिल्ली में हार

लक्ष्य तय करने हैं, पहला मतदान के पुराने सारे रिकॉर्ड तोड़ेंगेज् पिछले 10 साल में जितना मतदान हुआ है, उससे ज्यादा मतदान हमारे बूथ में होगा। दूसरा मामूली विजय नहीं, हर बूथ पर भाजपा को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट कैसे मिलें, इसके लिये बूथ में रहने वाले सभी नागरिकों का दिल जीतना है, उनकी दुआयें लेनी हैं। मोदी ने कहा, 'मेरा बूथ-सबसे मजबूत' केवल एक कार्यक्रम नहीं है।

मुठभेड़ जारी : दो और नक्सलियों

में इतना बड़ा ऑपरेशन अंजाम दिया गया है. सुरक्षाबलों भालू डिग्गी जंगल में सोमवार से ही इस ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं. मुठभेड़ में मारे गए 14 नक्सलियों के शव को लेकर जवान देर रात जिला मुख्यालय पहुंचे। जवानों ने मुठभेड़ के दौरान एक करोड़ के इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी सदस्य जयराम उर्फ चलपती को मार गिराया है। इसके अलावा सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी मारा गया है। मनोज पर एक करोड़, तो गुड्डू पर 25 लाख रुपये का इनाम था. मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। सोमवार को सूचना मिली थी कि गरियाबंद जिले में हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है. मुठभेड़ के दौरान कोबरा बटालियन का एक जवान घायल हो गया था, जिसे गंभीर हालत में रायपुर एयरलिफ्ट किया गया. जवान का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं कल के मुठभेड़ में एसओजी नुआपाड़ा के आरक्षक धर्मेंद्र भोई घायल हुए हैं। उन्हें भी उपचार के लिए राजधानी के एक निजी अस्पताल भेजा गया है। वर्तमान में दोनों जवानों की स्थिति सामान्य है।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202501104500045

विषय अ-27 मामले की श्रेणी-राजस्व सन 2024-2025
कोपेडीह प.ह.नं. 00005 (523/6 (0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- राजेश साव, रंधीर साव, राजेश साव
अनावेदक पक्षकार- राजेश साव, रंधीर साव, रंधीर साव

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम कोपेडीह प.ह.नं. 5 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक राजेश साव पिता रामलगन निवासी मनमोहन भंडार महाराज चौक बोरसी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम कोपेडीह प.ह.न. 5 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित आवेदक एवं अनावेदक रंधीर साव पिता रामलगन निवासी वार्ड नंबर 8 झण्डा चौक के पास विकास नगर गुढ़ियारी रायपुर जिला रायपुर के नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 523/6 रकबा 2210 वर्गफुट को कब्जा अनुसार खाता विभाजन किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 30.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14.01.2025 को जारी किया जाता है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील पाटन**

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202501100900069
ब/121 वर्ष 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम मोतीपुर 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रश्मित कौर छावड़ा पति स्व. परमजीत सिंह छाबड़ा निवासी सुंदर नगर रायपुर द्वारा ग्राम मोतीपुर प.ह.नं. 06 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने एवं अन्य के नाम पर दर्ज शामिलात खाते की भूमि खसरा नं. 7/14, 7/15 रकबा क्रमशः 0.05, 0.10 हे. भूमि दर्ज सहखातेदार राजवीर सिंह छाबड़ा पिता परमजीत छावड़ा दर्ज होने से वर्तमान में राजवीर सिंह छाबड़ा ना.बा. होने से उक्त राजस्व अभिलेख में ना.बा. राजवीर सिंह छाबड़ा पालक वली मां रश्तिम कौर छाबड़ा दर्ज किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः आवेदक रश्मित कौर छाबड़ा पति स्व. परमजीत सिंह छाबड़ा निवासी सुंदर नगर रायपुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 31.01.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16.01.2025 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार, पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501101000046
अ 6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामाधार गुप्ता पिता श्री कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी कुरूद द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 स्थित भूमि ख.नं. 1113/1 रकबा 0.0876 हे. भूमि आवेदक के माता तुलसी बाई पति कृष्ण कुमार के नाम दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से भूमिस्वामी का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर**

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.17722 दिनांक 21.01.2025
वार्ड का नाम- 2- पं. जवाहरलाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR802I00751 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती JAYANT RAKSHIT पिता/पति श्री/श्रीमती LATE PIYUSH KANTI RAKSHIT के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ARVIND KUMAR TIWARI पिता/पति श्री/श्रीमती CHOTE LAL TIWARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे.

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक्र 8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501104300021/
अ-2/वर्ष 2025

ग्राम- जामुल प.ह.नं. 01 तहसील-भिलाई 03

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती बिन्दु निषाद पति अजय निषाद, निवासी वार्ड नंबर 16 जामुल द्वारा ग्राम जामुल प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. जामुल तहसील भिलाई 3, जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 1023/25 रकबा 0.008 हे. भू-राजस्व 0.02 रुपए को छ.ग. भू.राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किए जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर एवं ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 20.01.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 20.01.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि के माध्मय से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ- जिला दुर्ग तहसील भिलाई-3 प.ह.न. 00001 जामुल ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425430102800010

ईश्तहार

तहसील भिलाई -3 के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम जामुल के वर्तमान भूमिस्वामी रमशिला पिता/पति- पि. टेवनलाल पता-जामुल के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 329/2(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता टेवनलाल देवांगन पिता/पति स्व. भीखम सिंह देवांगन पता लक्ष्मीपारा दुर्गा मंदिर के पास एसीसी जामुल वार्ड 04, जामुल के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/02/2025 को समय सुबह 11बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार, उप तहसील भिलाई-3**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भिलाई-03, जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501104300068/
अ-2/ वर्ष 2025

ग्राम-बानबरद प.ह.नं. 06 तहसील अहिवारा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रेखा भारती पति अशोक कुमार भारती निवासी बानबरद प.ह.नं. 06 रा.नि.मं. व तहसील अहिवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 673 रकबा 0.020 हे. भू-राजस्व 0.03 रुपए को छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किए जाने हेतु बी-1, खसरा की नकल, पंजीकृत विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं नगर ग्राम निवेश विभाग दुर्ग से भू-उपयोगिता प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 03.02.2025 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे प्रकरण नियत दिनांक 03.02.2025 तक स्वयं या अपने वैध प्रतिनिधि को माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भिलाई-03**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501101000097
अ/6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202501101000097 अ/6 वर्ष 2024-25 में आवेदक विजय सिंह पिता स्व. केदारनाथ निवासी कैलाश नगर कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1585/10 रकबा 0.020 हे. (2400 वर्गफीट) भूमि केदारनाथ पिता भगत सिंह के नाम पर दर्ज है, को आवेदक विजय सिंह पिता स्व. केदारनाथ को पंजीकृत वसीयतनामा की है। इस आधार पर आवेदक का नाम दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र मय वसीयतनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को वसीयत प्राप्तकर्ता के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 13/02/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

व्यक्तिगत सूचना

(रा.प्र.क्र. 202411101000109/
अ-6/वर्ष 2024-25)

प्रति,
श्रीमती पुष्पा जैन पति राजेश जैन
निवासी- मकान नं. डी/16 बजाज कालोनी रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.)
पक्षकार- श्रीमती कमला पाण्डेय पति बी.आर. पाण्डेय
निवासी- क्वा.नं. 3 ई.सड़क 02 सेक्टर 05 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
विरूद्ध
अनावेदक- छ.ग. शासन

आपको सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 202410101000001/ अ-6/ वर्ष 2024-25 आवेदक श्रीमती कमला पाण्डेय पिता/पति/विभाग बी.आर. पाण्डेय पता - रामनगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग की भूमि ख.नं. 8680/3, 8673/1 रकबा 0.002, 0.003 हे. विक्रेता श्रीमती पुष्पा जैन पति राजेश जैन से क्रय किया गया था। उक्त भूमि वर्तमान पटवारी अभिलेख में आवेदक के स्थान पर विक्रेता का नाम प्रदर्शित हो रहा है। जिसे त्रुटि सुधार किए जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में आपको किसी प्रकार के दावा करना हो तो स्वयं या आपके द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से पेशी दिनांक 06.02.2025 को दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 16/01/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर**

न्यायालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिक निगम दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गा यादव पति स्व. जग्गा यादव निवासी कैलाश नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के ससुर टीकाराम आ. सोनसाय यादव व सास फेकन बाई पति टीकाराम के नाम से शामिलात नाम से मोहल्ला कैलाश नगर नहर नाला पश्चिम दुर्ग भूखंड क्रमांक 06 रकबा 650 वर्गफुट भूमि का प्रारूप 'ग' में 30 वर्षों के लिए आवासीय पट्टा प्रदान किया गया था। आवेदिका के ससुर टिकाराम यादव आ. सोनसाय यादव का स्वर्गवास दिनांक 24.04.2012 को हो चुका है तथा सास फेकन बाई यादव का स्वर्गवास दिनांक 05.11.2010 हो चुकी है एवं आवेदिका के पति जग्गा यादव आ. टीकाराम यादव का स्वर्गवास दिनांक 12.08.2021 को चुका है। आवेदिका के सास व ससुर एवं पति का स्वर्गवास हो जाने से उपरोक्त पट्टे की भूमि से मृतकों का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्याायलय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — **प्राधिकृत अधिकारी, नगर पालिक निगम, दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202501101000083

विषय ब-121 मामले की श्रेणी राजस्व सन 2024-2025
खेदामारा प.ह.नं. 0001 (हे.)
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- किसलाल मनहर
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक- किसलाल मनहर पिता/पति/ विभाग -निहाल पता ढौर ग्राम खेदामारा प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 670/2 रकबा 0.020 हे. भूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17/02/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/01/2025 के जारी किया जाता है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/6 2024-25
ई-202501101200037

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गुलाब बाई पति मोवा राम कुम्हार निवासी ग्राम अण्डा तह. व जिला दुर्ग मौजा चिंगरी प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 1011, 1012, रकबा 0.1800, 0.5500 हे. है भोलाराम के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 03/12/23 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजरा या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07/ 02/2025 अथवा प्रकाशन तिथि के 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/ 01/2025
पेशी दिनांक 07/02/2025

सील — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ/6 2024-25
ई-202501101200036

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गुलाब बाई पति भोलाराम कुम्हार निवासी अण्डा मौजा अण्डा प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 142, 143/2, 143/2 रकबा 0.1400, 0.1100. 0.0200 हे. भोलाराम के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 03/12/23 को हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07/2/2025 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 16/01/2025
पेशी दिनांक 07/02/2025

सील — **नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी- राजस्व

संदर्भ :-जिला दुर्ग तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00019 दुर्ग ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202425430103900112

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.नं. 00019 के अंतर्गत ग्राम दुर्ग के वर्तमान भूमिस्वामी सुनिता सोनी ध.प. लेखराम सोनी पिता/पति- पता-बैगापारा दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 912/233 (0.0030) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता निकिता सोनी पिता/पति लेखराम सोनी पता शीतला पारा भिलाई 3 यशकुमार सोनी पिता/पति लेखराम सोनी पता शीतला पारा भिलाई-3 लेखराम सोनी पिता/पति तेजराम सोनी पता शीतलापारा भिलाई-3 के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांकरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04/02/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — **तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202501101000046
अ-6 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रामाधार गुप्ता पिता श्री कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी कुरूद द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 स्थित भूमि ख.नं. 1113/1 रकबा 0.0876 हे. भूमि आवेदक के माता तुलसी बाई पति कृष्ण कुमार के नाम पर दर्ज है भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने पर भूमिस्वामी नाम का विलोपित कर उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 31.01.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.01.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202412104500081

विषय अ-6अ मामले की श्रेणी राजस्व सन 2024-2025
पाहंदा प.ह.नं. 000021
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार- यज्ञ प्रकाश पटेल
अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं पाहंदा प.ह.नं. 2 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक यज्ञ प्रकाश पटेल पिता गजानंद पटेल निवासी ग्राम पाहंदा द्वारा ग्राम पाहंदा प.ह.नं. 02 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1928/2 का रकबा 0.02 हे. को सुधार कर 0.01 हे. किए जाने हेतु अ.वि.अ. महोदय को प्रस्तुत आवेदन इस न्यायालय को प्राप्त आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 24.01.2025 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30.12.2024 को जारी किया जाता है।

सील — **अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील पाटन**

आम-सूचना
// मुख्त्यारनामा निरस्तीकरण की सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं धनऊ राम धींवर उम्र 44 वर्ष पिता स्व. गुलाल धींवर, निवासी कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड नं. 26, दुर्गा मंदिर के पास दलदल सिवनी, जिला रायपुर का रहने वाला हूं। मेरे द्वारा अपने स्वामित्व व कब्जे की संपत्ति जो कि आम मुख्त्यारनामा में वर्णित है, की देखरेख बैनामा पंजीयन तथा प्रबंध आदि व्यवस्था हेतु तारेश्वर फेकर पिता श्री बल्लू राम फेकर, निवासी एम.आईजी.-1/76 फेस-2 कबीर नगर, रायपुर के पक्ष में दिनांक 16.01.2024 को आम मुख्त्यारनामा विलेख निष्पादित कराया गया है, जिसे उप पंजीयक कार्यालय , रायपुर-4 के द्वारा बुक नंबर 4, वाल्यूम नं. 168 पेज नं. 191 से 202 में दस्तावेज क्रमांक CG-2023-24-102-4-453 देकर पंजीकृत किया गया है, जिसे अपरिहार्य कारणों से इस आम सूचना के माध्यम से निरस्त किया जाता है।

(धनऊ राम धींवर)
मुख्त्यारदाता

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202412104700036/
अ-6/ 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रेता श्रीमती प्रीति कोठारी पति श्री मनीष कोठारी (जैन) व अन्य 01 साकिन- मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि मौजा जुनवानी प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. दुर्ग 1 स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 288/518 रकबा 0.0400 हेक्टेयर को विक्रेता श्री हर्षल रंधावा पिता श्री दर्शन सिंह रंधावा से रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से दिनांक 03/04/2021 को क्रय किया। उक्त भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 24/01/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14/01/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक- 14/01/2025
सुनवाई दिनांक- 24/01/2025

सील — **अति. तहसीलदार, दुर्ग- 01**

बैंक ऑफ़ बड़ौदा / Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, जीवन प्रकाश, एलआईसी बिल्डिंग, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)
फोन 0771-4222611, 4222612, ई-मेल: recovery.raipur@bankofbaroda.com

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत 60 दिनों की नोटिस का प्रकाशन
(Publication in the Newspapers in case of return/failure of service of 60 day's Notice U/s.13 (2) of SARFAESI Act,2002)

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत निम्नलिखित ऋणकर्ताओं / गारंटरों को 60 दिनों के नोटिस [illegible] ... देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है।

क्र.	शाखा का नाम और फोन नं.	उधारकर्ता का नाम और पता	बकाया राशि डिमांड नोटिस के अनुसार	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (एनपीए दिनांक 11.12.2024) (नोटिस दिनांक 16.12.2024)
01	देवेंद्र नगर शाखा रायपुर 9109993957	मेसर्स प्रेयश इंटप्राइजेस प्रोप.- श्री प्रकाश वर्मा, अवंती गार्डन के सामने दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर, छ.ग. - 492001 एवं श्री प्रकाश वर्मा पिता श्री भुनेश्वर वर्मा, मकान नं. 22/879, नई मंडी गेट, नरेश किराना स्टोर के पास, पंडरी, रायपुर, छ.ग. - 492004	रु. 13,27,911.25 + अप्रयुक्त ब्याज + अन्य प्रभार	साम्यिक बंधक परिवर्तित आवासीय खुली भूमि, प्लाट नं. - 16, क्षेत्रफल - 2400 वर्गफीट, रजवाड़ा सिटी, खसरा नं. - 550/3 (म्यूटेशन के बाद खसरा नं.- 550/67 भाग) स्थित ग्राम- सड्डू, प.ह.नं.- 109, आर.आई.सी. रायपुर - 1, तहसील/जिला - रायपुर, छ.ग. है जो श्री प्रकाश वर्मा पिता श्री भुनेश्वर वर्मा के नाम पर हैं संपत्ति की सीमाएं: उत्तर - खुली भूमि, दक्षिण - प्लाट नं.- 17, पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 31

दिनांक: 23.01.2025, स्थान: रायपुर, छत्तीसगढ़ — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

न्यूज गैलरी

ग्राम डोंगरडुला मे आज मेला

नगरी। ग्राम डोंगरडुला बड़े मेला का आयोजन मड़ाई का आयोजन किया गया है जिसमें रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम रंगधारा ओनवा रवेली तहसील छुरा जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होना है जिसमे ग्रामव्यवस्था अध्यक्ष जीवन बघेल सचिव पुरानी धुव कोषाध्यक्ष मरखान साहू सहसचिव नरेंद्र साहू अनराज साहू पेमन साहू धनीराम धुव ग्राम कोतवार हेमेंद्र धुव सरपंच फुलेश्वरी नेताम उपसरपंच प्रताप साहू रामप्रसाद नायक गेयता पुरुषोत्तम धुव ग्राम पटेल रघुराम धुव समस्त ग्राम के द्वारा आयोजन किया जा रहा है।

तहसील अधिवक्ता संघ के मनोज अध्यक्ष, तुलसी सचिव निर्वाचित



फोटो -48

नगरी। तहसील अधिवक्ता संघ नगरी जिला धमतरी का निर्वाचन अधिकारी अधिवक्ता कुशालचंद जैन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर, सचिव अधिवक्ता तुलसीराम साहू, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार प्रजापति, रीना दीपक, सह सचिव प्रमोद कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, क्रीड़ा सचिव मुकेश सेमरे, ग्रंथालय प्रभारी पुष्पेंद्र साहू, सह प्रभारी खिरेंद सुरेशा, संरक्षक दीपक सोनी, कार्यकारणी सदस्य कुशालचंद जैन, टीबी अग्रवाल, मारुत गंजीर, आरपी साहू, दिलीप शर्मा, चित्रभानु तेजस, दुष्यन्त कौशल, निर्वाचित हुए। इस अवसर पर मोहित शांडिल्य, जागेश सोलंके, गुलाब भारती गोस्वामी, अभिषेक जैन, सुरेश साहू, मुकेश साहू, खेमराज देवांगन, राजेन्द्र मिश्र, सुश्री धुव, सुश्री चनाप एवं समस्त अदिवक्ता गण मुंशी गण आफिस स्टाप उपस्थित रहे।

चिखली पुलिस की कार्यवाही

राजनांदगांव। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत व नगरीय निकाय चुनाव मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाश, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे को रात्रि मे पुख्ता सूचना के आधार पर दीनदयाल नगर बिहारी मोहल्ला चिखली मे अवैध शराब बिक्री कर रहे आरोपी रितेश उर्फ गोलू रजक पिता महादेव रजक उम्र 33 साल साकिन पुराना ढाबा थाना लालबाग जिला राजनांदगांव के कब्जे से 21 पौवा सुपर जिप्सी फ्ईन व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल 3780 एमएल कीमती 2730 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया।

जंगली जानवर का शिकार करने लगाया करेंट, फंसा साथी, हो गई मौत

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जंगली जानवर का शिकार करने लगाए थे करेंट फंस गया उन्हीं का साथी घटना 20 जनवरी 2025 को सर्चिंग के दौरान, गांव के पास के जंगल में छिप रहे दो संदिग्ध, संतराम बैगा और हीरालाल बैगा, मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए। उनसे गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि 10 जनवरी की रात को महासिंह बैगा और 10 अन्य लोग जंगली जानवर का शिकार करने की योजना बनाकर जंगल गए थे और शिकार करने तार लगाया जिसमें एक व्यक्ति उन्हीं का साथी फंस गया और करेंट से उसकी मौत हो गई। घटना को छुपाने जंगल में ही उसे दफ्ना दिया गया। ज्ञात हो कि थाना कुकदूर में संरक्षित बैगा जनजाति के गुमशुदा व्यक्ति महासिंह बैगा (उम्र 40 वर्ष, निवासी ग्राम सेंदूरखार) की गुमशुदगी की रिपोर्ट उनकी पत्नी द्वारा 11 जनवरी 2025 को दर्ज कराई गई। रिपोर्ट के अनुसार, महासिंह बैगा 10 जनवरी 2025 की रात्रि करीब 8 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। इस पर थाना कुकदूर में गुम इंसान क्रमांक 02/25 दर्ज कर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचित किया गया।

गुमशुदा व्यक्ति संरक्षित बैगा जाति से संबंधित होने और मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह

घटना को छुपाने जंगल में कीया दफ़न

(भा.पु.से) के निर्देश पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल, तथा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व छ्त्व एवं कृष्णकुमार चंद्राकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने गुमशुदा व्यक्ति की तलाश के लिए उनके गांव और आसपास के जंगलों में सघन सर्च अभियान चलाया।

20 जनवरी 2025 को सर्चिंग के दौरान, गांव के पास के जंगल में छिप रहे दो संदिग्ध, संतराम बैगा और हीरालाल बैगा, मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए। उनसे गहन पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने खुलासा किया कि 10 जनवरी की रात को महासिंह बैगा और 10 अन्य लोग जंगली जानवर का शिकार करने की योजना बनाकर जंगल गए थे। उन्होंने अवैध बिजली कनेक्शन के माध्यम से जानवरों का शिकार करने का प्रयास किया। इसी दौरान, महासिंह बैगा बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना को छिपाने के उद्देश्य से, महासिंह बैगा के शव को जंगल के एक नाले में गाड़ दिया गया और साक्ष्य मिटाने के लिए उस स्थान पर एक मृत गाय का शव रख दिया गया।

संदेहियों की निशानदेही पर टीम ने मध्य प्रदेश के बजाग थाना क्षेत्र (ग्राम धुरकुटा, जिला डिंडौरी) में घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहां गाड़ा हुआ शव बरामद किया गया, जिसे संदिग्धों ने महासिंह बैगा का बताया। विधिसम्मत कार्रवाई के तहत शव का पंचनामा तैयार किया गया और मामला थाना बजाग (म.प्र.) को ट्रांसफर किया गया।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक जे.एल. शांडिल्य, प्रधान आरक्षक मनोज तिवारी, आरक्षक कृष्णकुमार ध्रुवे, आरक्षक पंचम बघेल, आरक्षक संदीप पांडेय, आरक्षक दूजराम सिंद्राम, और डीएसएफ आरक्षक शिवचरण का योगदान रहा।

नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु जिले में नाम निर्देशन प्राप्त करने की कार्यवाही शुरू

■ नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने कार्यालय व समय किए निर्धारित

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के सफल क्रियान्वयन हेतु आज से नाम निर्देशन की कार्यवाही नगरीय निकायों में शुरू हो गई है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु 22 से 28 जनवरी तक (25 एवं 26 अवकाश को छोड़कर) नाम निर्देशन की कार्यवाही की जा रही है। नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28 की दोपहर 3 बजे तक नियत है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा जाँच 29 को किया जाएगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 31 को दोपहर 3 बजे तक नियत है एवं निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 31 को रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा।

नाम निर्देशन हेतु जिले के नगरीय निकायों में स्थान का निर्धारण किया गया है। जिसमें नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद निर्धारित है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरुर के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय नगर पंचायत गुरुर, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही, नगर पंचायत अर्जुन्दा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु न्यायालय तहसीलदार अर्जुन्दा, नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा, नगर पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डी, नगर पंचायत चिखलाकसा के अध्यक्ष व पार्षद पद हेतु कार्यालय नगर पंचायत चिखलाकसा निर्धारित किया गया है।

उक्त कार्यालयों में रसीद काउण्टर, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का काउण्टर बनाया गया है साथ ही मतदाता सूची का अवलोकन हेतु काउण्डर लगा है। नाम निर्देशन पत्र हेतु जमानत राशि पार्षद के लिए 1000 रूपए एवं अध्यक्ष के लिए 10000 रूपए है।

जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिला अभ्यर्थी का 50 प्रतिशत छूट है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

नाम निर्देशन का समय प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 03 बजे तक है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु मतदान 11 फरवरी 2025 को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

गर्मी के पहले पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करें

कलेक्टर और आयुक्त ने किया नवागांव का दौरा

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं प्रशासक संजय अग्रवाल आज निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं तकनीकी अधिकारियों के साथ नवागांव वार्ड का निरीक्षण कर पेयजल व्यवस्था की जानकारी लिए। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु के पूर्व कम पानी आने वाले क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। नवागांव में पानी टंकी का निरीक्षण कर लिंकेज देख कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि टंकी लिंकेज की मरम्मत करने कहा एवं नवागांव क्षेत्र में पर्याप्त पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मोतीपुर पुराना ढाबा के कुछ क्षेत्रों में कम पानी आने की समस्या के संबंध में जानकारी लिये। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि उक्त क्षेत्र उंचाई में होने के कारण पानी सप्लाई कम होती है। इसके लिए नये पाईप लाईन डालने स्टीमेट बनाकर स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया है। पाईप लाईन डलने से पर्याप्त पानी सप्लाई हो जायेगी। कलेक्टर ने कहा कि स्टेशन पारा तथा मोहारा वार्ड सहित कई इलाकों में पानी कम आने की शिकायत प्राप्त होती है। ग्रीष्म ऋतु के पूर्व इसका निराकरण करें, इसके लिए सिन्टेक्स टंकी रखने की व्यवस्था करें। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में गर्मी के समय पानी की समस्या होती है वहां परीक्षण कर पूर्व से ही सिन्टेक्स टंकी से पानी देने की व्यवस्था करने कार्यवाही करने कहा। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के पूर्व ही समुचित पेयजल सप्लाई के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। कम पानी आने संबंधी शिकायत को ध्यान में रखकर आयुक्त नया ढाबा पहुंचे। उन्होंने मुक्तिधाम के पास सिन्टेक्स टंकी की जांच किये और उसके आसपास के रहवासियों से पेयजल के संबंध में चर्चा किये। नया ढाबा में पर्याप्त पानी नहीं आने की शिकायत पर पाईप लाईन की जांच करने सिन्टेक्स टंकी के लिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश उप अभियंता अनुप पांडे को दिये।

नगर पालिका आम निर्वाचन हेतु रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति

■ कलेक्टर ने जिले के सात नगरीय निकायों के लिए की नियुक्ति

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। यह आदेश कलेक्टर वर्मा द्वारा जारी किया गया। संबंधित अधिकारियों को समय पर निर्वाचन कार्य की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं आदेश में नगरीय निकायों के लिए संबंधित रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, जिसका विवरण इस प्रकार है।

नगरपालिका परिषद कवर्धा रिटर्निंग ऑफिसर मोनिका कौडो, अपर कलेक्टर, कबीरधाम, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर आकांक्षा नायक, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा एवं रोहित कुमार साहू, मुख्य नपा अधिकारी कवर्धा को बनाया गया है।

नपा परिषद पंडरिया के रिटर्निंग ऑफिसर संदीप ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पंडरिया को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पूजा सिंगसार्वा, नायब तहसीलदार, पंडरिया एवं अभिषेक सिंह राजपूत, मुख्य नपा अधिकारी, पंडरिया बनाया गया है।

नपं पांडातराई के रिटर्निंग ऑफिसर रविन्द्र कुमार कुर्रे, तहसीलदार कुंडा को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भगवती प्रसाद धुव, मुख्य नपा अधिकारी पांडातराई को बनाया गया है।

नपं पिपरिया के रिटर्निंग ऑफिसर प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, तहसीलदार, पिपरिया को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर योगेश्वर सिंह नेताम मुख्य नपा अधिकारी, पिपरिया होंगे।

नपं इंदौरी के रिटर्निंग ऑफिसर प्रीति लारोकर तहसीलदार, स्था. निर्वा. कार्यालय, कबीरधाम को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर कावेरी मुखर्जी नायब तहसीलदार, पिपरिया होंगे।

नपं सहसपुर लोहारा के रिटर्निंग ऑफिसर चेतन साहू, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सहसपुर लोहारा को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर हुलेश्वर कुमार पटेल, नायब तहसीलदार, सहसपुर लोहारा तेजसिंह चंद्रवंशी, मुख्य नपा अधिकारी, सहसपुर लोहारा होंगे।

नगर पंचायत, बोडला रिटर्निंग ऑफिसर रुचि शार्दुल, अनुविभागीय अधिकारी (रा.), बोडला को बनाया गया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर प्रकाश जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, बोडला होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। सभी अधिकारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।

नगर में अवैध मदिरा जप्त

राजनांदगांव। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी अमले द्वारा वृत्त ग्रामीण (डोंगरगांव) के ग्राम पेटेश्री में अनिल यादव के घर रात में छापामार कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश निर्मित मदिरा जप्त किया गया है। जप्त मदिरा में कुल 25.62 बल्क लीटर में गोवा व्हिस्की, मैकडॉवल नंबर 1, किंगफिशर बीयर शामिल है, जिसका बाजार मूल्य 21 हजार है। आरोपी अनिल यादव द्वारा मध्यप्रदेश से मदिरा लाकर उसे क्षेत्र में बेचने का कार्य करता था।

महापौर पद के 3 अभ्यर्थियों ने प्राप्त किया नाम निर्देशन पत्र

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिक निगम राजनांदगांव के महापौर पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी सुरेश देशमुख, निर्दलीय अभ्यर्थी राकेश ठाकुर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी प्रशांत प्रभात तिवारी ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

नपा निगम अंतर्गत वार्ड 14 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अभ्यर्थी सतीश कुमार यूनस, वार्ड 19 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी रेखा पारख, वार्ड 20 के पार्षद पद हेतु छत्तीसगढ़ शिव सेना के अभ्यर्थी पूरन लाल, वार्ड 19 के पार्षद पद हेतु भाजपा के अभ्यर्थी श्री विमला शर्मा ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

वार्ड 37 के पार्षद पद हेतु भाजपा के अभ्यर्थी बसंत कुमार शर्मा, वार्ड 32 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पद हेतु ढालेश्वरी साहू, वार्ड 28 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस पद हेतु मोहनी सिन्हा, वार्ड 37 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस के अभ्यर्थी मजहर खान, वार्ड 27 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस के अभ्यर्थी सतीश कुमार सोनपिपरे, वार्ड 33 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस के अभ्यर्थी सुनीता सिन्हा, वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद पद हेतु कांग्रेस के अभ्यर्थी मोहनी बाई सतनामी ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी मोहर लाल साहू, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी खेमलाल साहू, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी राजेश कुमार सेवता, वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी कल्पना ठाकुर, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी लाकेश्वरी साहू, वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी तारकेश्वरी, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद हेतु भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अभ्यर्थी शिवम गड़पायले, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी धीरज कुमार घोड़ेसवार, वार्ड क्रमांक 4 के पार्षद पद हेतु राजू राम टंडन ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया।

खबर का असर: डोंगरगांव तहसीलदार द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही

4 ट्रैक्टर ऑन द स्पॉट जब्त, थाने के सुपुर्द

नवप्रदेश संवाददाता

डोंगरगांव। खबर का असर लगातार अवैध रेत उत्खनन के खबरो को प्रमुखता से हमारे द्वारा छापा जा रहा था जिसपे कार्यवाही करते हुए डोंगरगांव तहसीलदार पी. एल.नाग द्वारा ऑन द स्पॉट 4 ट्रैक्टर पर जप्ती कार्यवाही की गयी। मिली जानकारी अनुसार लगातार डोंगरगांव के करियाटोला वार्ड से कोहका ढाबा के पास अवैध रेत निकासी एवं परिवहन की खबरे मिल रही थी जिसका प्रमुखता से अखबारों के माध्यम से प्रकाशन भी किया जा रहा था। इसी कड़ी में बुधवार सुबह भी तहसीलदार जी को खबर मिली की कोहका ढाबा के पास फिर से अवैध रेत माफिया द्वारा रेत निकासी एवं परिवहन कि जा रही है जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए तहसीलदार नाग के मार्गदर्शन मे कौशल कुमार सिन्हा राजस्व निरीक्षक एवं वीरेंद्र साहू हल्का पटवारी द्वारा कार्यवाही कर 4 ट्रैक्टरो पर जप्ती की गयी जिसे जब्त कर पुलिस थाना डोंगरगांव मे सुपुर्द किया गया। जप्ती कार्यवाही मे ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सी जी 08 ए एक्स 4660 चालक हिमांचल वर्मा आ. नरेश वर्मा निवासी पथरी, साथ ही 3 अन्य सोल्ड ट्रैक्टर जिसके चालक क्रमशः छगन लाल देवांगन आ.आनंद राम करियाटोला, मोनेश कुमार पिता तीरथ दास निवासी पाण्डुका एवं सोमेश्वर पिता कपिल साहू निवासी पाण्डुका की गाड़िया जब्त की गयी। तहसीलदार नाग के मार्ग दर्शन मे की गयी जब्ती कार्यवाही से रेत माफियाओ मे हड़कंप मचा हुआ है।

बम्पर पैदावार... पूरे प्रदेश में धान खरीदी के मामले में बेमेतरा जिला दूसरे नंबर पर...

जिले में दो हजार इक्कीस करोड़ की धान खरीदी

नवप्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। कृषि प्रधान जिला बेमेतरा में समर्थन मूल्य प्रदान की खरीदी की अपनी एक अलग महत्व इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि जिले के किसानों के पास कृषि के अलावा और कोई आय के साधन नहीं रह गया है जिसका ही परिणाम है कि प्रतिवर्ष जहां धान का रकबा में बढ़ोतरी हो रही है वही पंजीकृत किसानों की संख्या में भी खासा इजाफा होने लगा है।

इस वर्ष धान बेचने के लिए जिले के 164701 किसानों के द्वारा पंजीयन कराया गया है जिनमें से अब तक 153116 किसानों से धान की खरीदी की जा चुकी है अब तक धान की खरीदी 88 लाख क्विंटल तक जा पहुंचा है तथा खरीदे गए धान के बदले में किसानों को 2021 करोड़ रुपए का भुगतान भी किसानों के खाते में जमा कर दिया गया है हालांकि यह राशि जिले के लिहाज से काफी बाद कहा जा सकता है।

धान बेचकर किसान करते हैं अपनी जरूरतों को पूरा

सामान्य तौर पर जिले को पहचान जहां रवि फसल के उत्पादन के रूप में पहले जाना जाता था तथा किसान रबी फसल को नगदी फसल के रूप में पैदावारी लिया करते थे किंतु समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के शुरुआत होने के बाद किस रबी फसलों को छोड़कर धान की फसलों में रुचि लेने लगे हैं जिसका ही परिणाम है कि प्रतिवर्ष जहां धान का रकबा बढ़ रहा है वहीं जिले में प्रतिवर्ष धान के उत्पादन अपना रिकॉर्ड भी बनाते आ रहे है तथा लगातार बेहतर उत्पादन लेकर किसान खुशहाल भी होते हुए नजर आ रहे है। किसान अब बेहतर क्वालिटी के धान की पैदावार करने में भी दिलचस्पी ले रहे है।

खरीदी के बाद बाजार में भी आया उछाल

किसानों के द्वारा समर्थन मूल्य पर समितियां में बेची जा रही धान तथा उसके बाद राज्य सरकार के द्वारा समर्थन मूल्य पर किए जा रहे भुगतान जहां लगातार किसानों के खाते में समायोजित किया जा रहे है जिसके चलते ही किसान अब अपनी आवश्यकता की पूर्ति भी करने में लगे हुए है किसानों के खाते में सीधे पैसे आने के बाद एक और जहां किसान अपनी जरूरत को पूरी कर रहे है वहीं उक्त पैसा सीधे बाजार में आने से व्यापारियों में भी राहत भरी सांस देखी जा रही है तथा एक तरह से बाजार में व्यापारियों में खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

संपत्ति विरूपण की कार्यवाही जारी

निगम टीम ने 57 बैनर पोस्टर हटाए

■ कलेक्टर के निर्देश पर आयुक्त ने गठित की टीम, निगम सीमां क्षेत्र में प्रभावशील कार्यवाही की

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 चुनाव के लिये जारी कार्यक्रम पश्चात नगर निगम का अमला संपत्ति विरूपण के तहत बेनर पोस्टर हटाने एवं दीवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही लगातार कर रही है। कार्यवाही की कड़ी में आज शहर के अंदर वार्ड के अलावा ग्रामीण वार्डो में जाकर टीम ने 57 बेनर पोस्टर हटा 35 दीवाल लेखन मिटाये। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देश पर आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा गठित टीम नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लगते ही निगम सीमांतर्गत सम्पत्ति विरूपण के तहत प्रभावशील कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज तीसरे दिन सुबह से शहर के आंतरिक क्षेत्र गुरुद्वारा रोड, जमात पारा, सोनार पारा, दिग्विजय कालेज रोड, ब्राम्हण पारा तथा गंज लाईन व कालोनी क्षेत्र में पूनम कालोनी सहित ग्रामीण वार्ड नवागांव, ढाबा, मोतीपुर में राजनीतिक दलों द्वारा लगाये गये छोटे बड़े बेनर पोस्टर हटाने की कड़ी में टीम ने 57 बोर्ड हटाये एवं 35 दीवाल लेखन मिटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त विश्वकर्मा ने बताया कि गठित समिति नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों द्वारा अपनी पार्टी स्वयं के प्रचार प्रसार हेतु शासकीय, निजी, सार्वजनिक भवनों के दीवालों पर नारे (स्लोगन) प्रतीक चुनाव चिन्ह लिखकर किये गये सम्पत्ति विरूपण के निरीक्षण एवं विरूपण को हटाने मिटाने से संबंधित कार्यो का निस्पादन करने तथा प्रतिदिन की गयी कार्यवाही की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर रहे है।

न्यूज गैलरी

स्व. राजा दिग्विजय दास की पुण्यतिथि पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगाँव वैष्णव मंडल के नेतृत्व में राजा दानवीर मंहत दिग्विजय दास जी की पुण्यतिथि पर दिग्विजय कॉलेज पहुंचकर गगनवेदी राजा दिग्विजय दास अमर रहे जब तक सुरज चाँद रहेगा राजा तेरा नाम अमर रहेगा आदि नारों के साथ राजा दिग्विजय दास की प्रतिमा एवं शीतला मंदिर में मंहतो की समाधि पर पूजा अर्चना एवं माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बताये हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिये। कार्यक्रम में राजनांदगांव श्री वैष्णव मंडल के अध्यक्ष अनुपदास वैष्णव, प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, उपमंडलेश्वर जागेश्वदास वैष्णव, संरक्षक मेघदास वैष्णव एवं जिला वैष्णव नवयुवक अध्यक्ष विवेक वैष्णव सहित अन्य वैष्णव समाज के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। यह जानकारी उप मंडलेश्वर जागेश्वरदास वैष्णव ने दी।

श्री राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ

राजनांदगांव /नवप्रदेश। रियासत के राजा स्व.महंत दिग्विजय दास जी की पुण्यतिथि के अवसर पर जीवनदान सेवा संस्था के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन बिलासा ब्लड बैंक में किया गया एवं दिग्विजय महाविद्यालय परिसर में स्थित राजा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण व शीतला मंदिर परिसर स्थित राजा साहब के समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया राजा साहब की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था के द्वारा चौथी बार रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल, प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण दास वैष्णव, अभय जंघेल, जिला अध्यक्ष अविनाश जैन, शहर अध्यक्ष ऋषभ मल्ल, साकेत वैष्णव, विवेक वैष्णव, यशवंत देवांगन, अश्वनी देवांगन, रविंद्र सोनकातर, भिलाई अध्यक्ष योगेश्वर मानिकपुरी, संस्था के नारी शक्ति से आयुषी कसार, अनूप वैष्णव, जागेश्वर वैष्णव, मेघदास वैष्णव, योगेश देवांगन,किशन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

25 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम

बालोद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय बालोद स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय में 25 जनवरी 2025 को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में नये मतदाताओं को ईपिक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए निबंध, रंगोली, स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान निर्वाचन कार्यों में संलग्न अधिकारी, कर्मचारी को उनके द्वारा संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्य के लिए पुरस्कृत किए जाएंगे।

इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया में प्रसारित राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन जरूरी

मतदान से अंतिम 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले प्रिंट मीडिया विज्ञापनों का भी कराना होगा प्रमाणीकरण

मीडिया प्रमाणन एवं मीडिया अनुवीक्षण समिति को देना होगा आवेदन

धमतरी /नवप्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन के दौरान महापौर और नगरपंचायतों में अध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश अनुसार मतदान के अंतिम 48 घंटों में प्रकाशित होने वाले सभी राजनैतिक विज्ञापनों का प्रमाणन, मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) से अनिवार्य रूप से कराना होगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पूरी निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया में राजनैतिक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का प्रमाणीकरण अनिवार्य होगा। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी ने जरूरी निर्देश भी जारी किए है।

धमतरी जिले में नगरनिगम में महापौर और नगर पंचायतों में अध्यक्ष पदों पर निर्वाचन के लिए 11 फरवरी मंगलवार को मतदान होगा। इसे देखते हुए 9 फरवरी और 10 फरवरी को प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने वाले तमाम राजनीतिक विज्ञापनों को जिला पर गठित प्रमाणन व मीडिया निगरानी समिति (एमसीएमसी) से पूर्व-प्रमाणीकरण कराना अनिवार्य है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए है। इन दोनों दिन राजनीतिक लाभ लेने व मतयाचना के लिए राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों द्वारा समाचार-पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार हर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला स्तर पर एमसीएमसी कमेटी गठित है। नगरीय निकाय निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी अपने राजनीतिक विज्ञापनों को जिला स्तरीय समिति से प्रमाणीकरण करा सकते हैं। इसके लिए प्रत्याशियों को विज्ञापन के प्रारूप की तीन प्रतियों के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन का मूल आधार आदर्श आचार संहिता के पालन से जुड़ा है। मीडिया में ऐसा कोई विज्ञापन नहीं दिया जाएगा जो सामाजिक समरसता को बिगाड़ने अथवा तनाव को बढ़ाने, शांति भंग करने, संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत हो। किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाले विज्ञापनों के प्रकाशन पर भी रोक रहेगी। कलेक्टर ने बताया कि मतदान के 48 घंटे पहले प्रकाशित होने वाले राजनैतिक विज्ञापनों का समिति द्वारा प्रमाणन कराया जाना आवश्यक है। इन विज्ञापनों में प्रिंट मीडिया, टीवी चैनल, केबल टीवी चैनल, रेडियो (निजी एफएम सहित), सिनेमा घर, ई-समाचार पत्र, बल्क एवं वाईस एसएमएस एवं सार्वजनिक स्थलों पर दृश्य-श्रव्य माध्यम शामिल है।

सफल संचालन हेतु प्रभारी एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति आदेश जारी

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के कार्यों का सफल संचालन हेतु प्रभारी एवं सहायक अधिकारियों की नियुक्ति आदेश जारी किया है। जिसके अंतर्गत मतदान दलों के गठन के लिए कर्मचारियों की व्यवस्था के तहत सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय तथा केन्द्र शासन के कर्मचारियों से कर्मचारियों की डेटाबेस जानकारी प्राप्त कर नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए नया डेटाबेस तैयार करने के अलावा जिले के समस्त नगरीय निकाय निर्वाचन एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से मतदान व मतगणना दल का प्रस्ताव प्राप्त करना एवं जिला निर्वाचन अधिकारी से अनुमोदन कराने तथा मतदान दल एवं मतगणना दल की जानकारी प्रशिक्षण प्रभारी को उपलब्ध कराने एवं ड्यूटी निरस्ती की कार्यवाही करने हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं

उपसंचालक पंचायत श्री आकाश सोनी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह जागव बोटर (जाबो) अंतर्गत स्थानीय निर्वाचन के प्रति व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली के लिए जन-जागरूकता तथा जन-सहभागिता सुनिश्चित कराने, विभिन्न निर्धारित अवसरों पर निर्वाचन शपथ दिलाने, विभिन्न निर्धारित तिथियों पर निर्वाचक नामावली का वार्डवार पठन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सर्व नगर पालिका परिषद व नगर पंचायत सर्व जिला बालोद को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह मतदान केन्द्रों के व्यवस्था के अंतर्गत जिले के सभी नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदान केन्द्रों की सूची उपलब्ध कराने एवं सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्रों में फर्नीचर की व्यवस्था कराने, समस्त मतदान केन्द्रों में रेम्प, महिला व पुरुष प्रसाधन, पेयजल, प्रकाश, फर्नीचर आदि की समुचित व्यवस्था कराने, मतगणना केन्द्रों में फर्नीचर की व्यवस्था कराने हेतु जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं सर्व जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह सामग्री वितरण वापसी केन्द्र एवं मतगणना स्थल व्यवस्था के अंतर्गत जिले के समस्त संबंधित नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के मतदान दलों को सामग्री वितरण एवं वापसी के लिये काउंटर तैयार कराने व स्ट्रांग रूम की व्यवस्था कराने, मतगणना स्थल की तैयारी एवं आवश्यक व्यवस्था करवाने हेतु जिला पंचायत सीईओ डॉ. संजय कन्नौजे को प्रभारी अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग एवं सर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह चुनाव आदर्श आचार संहिता एवं कानून व्यवस्था तथा मीडिया संबंधी कार्यों के अंतर्गत चुनाव आदर्श आचार संहिता के लिए टीम का गठन कर राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी अधिकारियों व अभ्यर्थियों व राजनीतिक दलों को अवगत कराने तथा पालन करने हेतु सुनिश्चित कराने हेतु अपर कलेक्टर श्री चंद्रकांत कौशिक को सहायक अधिकारी एवं उपसंचालक, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी को सहायक अधिकारी नियुक्त किया गया ।

चुनाव प्रचार एवं आमसभा, रैली, जुलूस में लाउडस्पीकर एवं ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के लिए लेनी होगी अनुमति

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के ग्रामीण क्षेत्रों तथा नगरीय क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर, तेज हार्न का उपयोग प्रतिबंधित होगा। सक्षम अधिकारी से अनुमति पास होने की दशा में ध्वनि विस्तारक यंत्र अधिकतम 55 डेसीबल ही रखी जा सकेगी। अस्पताल, शैक्षणिक क्षेत्र, धार्मिक क्षेत्र के 100 मीटर के दायरे में एवं साइलेंस जोन (मौन क्षेत्र) के 100 मीटर के दायरें में लाउडस्पीकर का प्रयोग प्रतिबंधित होगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग चुनाव प्रचार करने के लिए वाहनों पर एवं चुनावी सभाओं, प्रचार एवं जुलूस में सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक सक्षम अधिकारी की अनुमति उपरांत ही किया जा सकेगा। आमसभा, प्रचार, जुलुस के लिए लाउडस्पीकर का उपयोग कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमति मिलने पर भी अधिकतम प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही किया जायेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनुमति प्रदान करने के लिए जिले के पांचों एसडीएम को अपने अपने अनुविभाग क्षेत्र का सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। गरियाबंद अनुविभाग क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र की अनुमति अनुविभागीय दंडाधिकारी गरियाबंद देंगे। इसी प्रकार छुरा अनुविभाग की अनुमति छुरा एसडीएम, राजिम अनुविभाग की अनुमति राजिम एसडीएम, मैनपुर अनुविभाग की अनुमति मैनपुर एसडीएम एवं देवभोग अनुविभाग की अनुमति देवभोग एसडीएम प्रदान करेंगे।

सक्षम अधिकारी से अनुमति उपरांत ही सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का हो सकेगा उपयोग

अस्त्र शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिन के भीतर जमा करने आदेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के दौरान लोक शांति की सुरक्षा के लिए लायसेंससियों से आग्नेय अस्त्र शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 7 दिन के भीतर जमा करने आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा अस्त्र शस्त्र का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। अतः आयुध अधिनियम 1959 के तहत गरियाबंद जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त शस्त्र लायसेंसियों को अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में 07 दिवस के अंदर जमा कराने आदेशित किया गया है। इसके अतिरिक्त लायसेंसी अपने शस्त्र डीलर जिनके पास शस्त्र डिपॉजिट करने अनुज्ञप्ति है, वहां भी जमा कर सकते है, जो व्यक्ति शस्त्र डीलर के पास शस्त्र जमा करते है, उसकी सूचना भी संबंधित थाने में प्रदान करेंगें। संबंधित शस्त्र डीलर थानेवार जानकारी तैयार कर संबंधित थाने में एवं दण्डाधिकारी

कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। यह आदेश जिले में निवासरत सभी लायसेंसी तथा बाहर के जिले से आये लायसेंसी पर भी लागू होगा। सभी लायसेंसी आचार संहिता समाप्त होने के उपरांत अपने शस्त्र वापस प्राप्त कर सकेंगें। इस हेतु गठित जिला कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार इस आदेश से समस्त मान्यता प्राप्त बैंकों के सुरक्षा गार्ड-वित्तीय संस्थाओं के सुरक्षा गार्ड, संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्ति, राष्ट्रीय रायफल संघ व जिला रायफल संघ तथा इस जिले के औद्योगिक संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं महत्वपूर्ण शासकीय संस्थानों के सुरक्षा हेतु तैनात सुरक्षा गार्ड मुक्त रहेंगें। ऐसे अनुज्ञप्तिधारी व्यक्ति, जिनके पास सुरक्षा के लिहाज से शस्त्र होना अति आवश्यक है, अनुज्ञप्तिधारी के आवेदन पर कमेटी द्वारा विचार उपरांत इस आदेश से मुक्त रखने अथवा नहीं रखने के संबंध में निर्णय लिया जा सकेगा। जिला कमेटी को दिये जाने वाले आवेदन कलेक्ट्रेट गरियाबंद के कक्ष क्रमांक 18 लाइसेंस शाखा में दिया जा सकेगा। इस आदेश से वे सभी अनुज्ञप्तिधारी जिन्हे मुक्त रखा गया है, को भी अपने अस्त्र-शस्त्र की सूचना संबंधित थाने में आवश्यक रूप से तत्काल देनी होगी, तथा अपने अस्त्र बिना थाना प्रभारी की अनुमति के अपने परिसर की सीमा क्षेत्र से बाहर नहीं ले जा सकेंगें। आदेश में कहा गया है कि 20 जनवरी 2025 से नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक के लिए, गरियाबंद जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र लायसेंस निलंबित किए जाते हैं।

कलेक्टर ने कार्यवाही का लिया जायजा

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के डौण्डी और डौण्डीलोहारा के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर नाम निर्देशन पत्र की कार्यवाही का लिया जायजा। कलेक्टर ने कार्यालयों में नगरीय निकाय निर्वाचन हेतु अध्यक्ष एवं पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहाँ बनाए गए विभिन्न काउंटर का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों से कहा कि वे नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही को नियमानुसार गंभीरतापूर्वक संपादित करें।

आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं गणतंत्र दिवस क़ी तैयारी के सम्बन्ध में अधिकारियों क़ी बैठक लेकर जरुरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायत के लिए निर्वाचन तिथि क़ी घोषणा कर दी गई है और जिले में आचार संहिता प्रभावी हो गई है। सभी अधिकारी -कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन करें। सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित है। कोई भी अधिकारी- कर्मचारी बिना सक्षम अधिकारी के अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें। कलेक्टर ने नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन क़ी अधिसूचना, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना, प्रशिक्षण, ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम, मतदान दलों का गठन, मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं,मतगणना क़ी तैयारी आदि के सम्बन्ध में जरुरी निर्देश दिए। इसीप्रकार नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी क़ी नियुक्ति करने तथा जिला एवं अनुभाग स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन के सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन करने कहा। जारी निर्देश के अनुसार राजनैतिक पदाधिकारी मुख्य अतिथि क़ी हैसियत से शामिल हो सकते हैं। स्वतंत्रता, देशभक्ति एवं राज्य क़ी महिमा से सम्बंधित उद्बोधन होगा लेकिन राजनीतिक प्रचार -प्रसार नहीं होगा।

कन्हारपुरी वार्ड नं 34 से कौशल्या साहू ने भाजपा से की मजबूत दावेदारी

वार्ड की बहू कौशिल्या की दावेदारी से कन्हारपुरी में हर्ष की लहर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के एक बड़े आबादी वाले वार्ड कन्हारपुरी इस बार महिला के लिए आरक्षित होने से वार्ड की बहु श्रीमती कौशिल्या साहू ने भाजपा से अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। वार्ड के लोक कलाकार श्री छन्नू - नत्थन साहू की बहु श्रीमती कौशिल्या साहू की दावेदारी से वार्ड के लोगों में हर्ष देखा जा रहा है। बता दें कि शुरू से ही जागरुक प्रवृत्ति की श्रीमती कौशिल्या साहू विगत 20 वर्षो से भाजपा से जुड़ी हुई है और सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में वार्ड में विशेष पहचान बनाए हुए है। उनके द्वारा वार्ड नं 34 से भाजपा से पार्षद चुनाव लड़ने के लिए दावेदारी किए जाने से वार्ड की महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खासकर श्रीमती कौशिल्या के महिला समूह, सामुदायिक भवन, मितानिन आदि से जुड़े होने के कारण वार्ड की आधी-आबादी का खुलकर सहयोग और साथ उसके पक्ष? मे बना हुआ है। चूंकि वार्ड के साहू परिवार की बहू श्रीमती कौशिल्या साहू वार्ड के साहू बहुल? वाले एक बड़े समाज से संबंध रखती है और वार्ड में होने वाले सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में खुल?कर साथ? एवं? सहभागिता देती रहती है इसलिए उसके वार्ड में पार्षद चुनाव लड़ने के नाम भर से अपने आप भाजपा के पक्ष में एक अच्छा माहौल क्रिएट हो रहा है।

मधुसूदन यादव को सौंपा गया आवेदन

कन्हारपुरी वार्ड की जागरूक महिला और सम्मानित परिवार की बहू श्रीमती कौशिल्या-रमेश साहू, बारहवीं तक शिक्षा प्राप्त है। इसके चलते उनमें सकारात्मक सोच व जागरूकता पूर्ण कार्य की ललक सदा बनी रहती है। वे अपने वार्ड को सर्वांगीण विकास के पथ पर ले जाना चाहती है जो अब तक नहीं हो पाया है। इसके लिए कन्हारपुरी वार्ड और यहां के लोगों की सेवा वह पार्षद बनकर करना चाहती है इसलिए उन्होंने शहर के लोकप्रिय महापौर रहे पूर्व सांसद श्री मधुसूदन यादव को आवेदन सौप कर कन्हारपुरी से पार्षद यह लड़ने की प्रतिबद्धता दर्शाई है।श्रीमती कौशिल्या साहू के पार्टी के प्रति निष्ठा और अपने कर्तव्यों के प्रति जोश और जज्बा को देखते हुए उसे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का साथ सहयोग और समर्थन के साथ उन्हें आशीर्वाद भी मिल रहा है।

आचार संहिता | **कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत आदेश किया जारी**

पोस्टर, बैनर हटाने तथा चुनावी नारे मिटाने के लिए लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता कार्यशील

सार्वजनिक संपत्ति को विरूपित करना दण्डनीय

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन के दौरान विभिन्न राजनैतिक दलों एवं उनके अभ्यर्थियों द्वारा चुनाव

प्रचार करने के लिए शासकीय व अशासकीय भवनों पर नारे लिखे जाते हैं, बैनर लगाये जाते हैं, पोस्टर चिपकाये जाते है तथा विद्युत एवं टेलीफोन खम्भों पर चुनाव से संबंधित झण्डियां लगायी जाती हैं। जिसके कारण शासकीय संपत्ति का स्वरूप विकृत हो जाता है। इस संबंध में शासन द्वारा छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 पारित किया गया है। इस अधिनियम की धारा-3 में यह स्पष्ट उल्लेख है कि कोई भी जो संपत्ति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी संपत्ति को स्याही, खड़िया, रंग या किसी अन्य पदार्थ से लिखकर या चिन्हित करके उसे विरूपित करेगा, वह जुर्माने से जो एक हजार रूपए तक का हो सकेगा, दण्डनीय होगा। इस अधिनियम के अधीन दण्डनीय कोई भी अपराध संज्ञेय होगा।

छत्तीसगढ़ संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1994 की धारा-3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह आदेश दिया गया है कि चुनाव प्रचार के दौरान यदि विभिन्न राजनैतिक दलों अथवा चुनाव लडने़ वाले अभ्यर्थियों द्वारा किसी शासकीय एवं अशासकीय भवन की दीवारों पर किसी भी प्रकार के नारे लिखकर विकृत किया जाता है, विद्युत एवं टेलीफोन के खम्भों पर झण्डियां लगाई जाती हैं अथवा ऐसे पोस्टर एवं बैनर लगाकर शासकीय सम्पत्तियों को विकृत किया जाता है, तो ऐसे पोस्टर एवं बैनर हटाने चुनावी नारे मिटाने के लिए अनुभाग स्तर पर लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता तत्काल प्रभाव से गठित किया गया है। इस दस्ते में लोक निर्माण विभाग, स्थानीय निकाय के स्थायी गैंग के पर्याप्त संख्या में कर्मचारी पदस्थ रहेंगे। यह लोक सुरक्षा संपत्ति दस्ता टीआई या थाना प्रभारी के सीधे देख-रेख में कार्य करेगा। इस दस्ते को सहयोग देने के लिए और स्थल पर जाकर कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए एक सहायक उप निरीक्षक (पुलिस) एवं स्थानीय निकाय के एक कर्मचारी की ड्यूटी लगायी गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस दस्ते को लोक संपत्ति के विरूपण से बचाने के लिए सभी आवश्यक सामग्री जैसे गेरू, चूना, कूची, बांस एवं सीढ़ी आदि उपलब्ध करायी गई है।

यदि किसी राजनैतिक दल या चुनाव लडने़ वाले अभ्यर्थी द्वारा किसी निजी संपत्ति को बिना उसके स्वामी के लिखित सहमति के विरूपित किया जाता है, तो निजी संपत्ति के स्वामी द्वारा संबंधित थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद लोक संपत्ति सुरक्षा दस्ता निजी संपत्ति को विरूपित होने से बचाने की कार्रवाई करेगा।

कमल कराते एकेडमी ने मेडल प्राप्त किया

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एकेडमी आफ मार्शल आर्ट के माध्यम से राजस्तरीय ओपन कराते दो दिवसीय प्रतियोगिता दिनांक 18 व 19 जनवरी 2025 को कमला देवी कॉलेज राजनांदगांव में आयोजित की गई जिसमें सभी जिले के खिलाडिय़ों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया व राजनांदगांव कमल कराते एकेडमी ममता नगर कराते स्कूल राजनांदगांव के खिलाडिय़ों ने भी हिस्सा लेकर अपने-अपने वर्ग में मेडल प्राप्त किया। 1. लव्यांश लहरी फॉइट में कॉपर पदक व काता इवेंट में सिल्वर पदक 2. अर्पणनाथ फॉइट में कॉपर मेडल 3. सुभता श्रीवास्तव फॉइट में कॉपर मेंडल प्राप्त किया तथा इस स्कूल से काजल यादव रेफरी व अपूर्वा नाथ कोच रहे उपरोक्त सभी खिलाडिय़ों व ऑफिसियल जिला- कराते संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा जी व सेनसई कमल पूजन (उपाध्यक्ष) एवं सिहान मुरली सिंह भारद्वाज (सचिव) ने जीत पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उपरोक्त सभी खिलाड़ी सेनसई कमल पूजन मुख्य कराते प्रशिक्षक राजनांदगांव प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

प्रशासनिक कार्यों में छत्तीसगढ़ी भाषा का हो बेहतर उपयोग : डॉ अभिलाषा बेहार

■ छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवहार में छत्तीसगढ़ी विषय पर प्रशिक्षण आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा प्रशासनिक कार्य व्यवहार में छत्तीसगढ़ी भाखा का उपयोग विषय पर आज कलेक्ट्रोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित की गई। प्रशिक्षण में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ घासीदास मरकाम, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय, राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार, वक्ता सुशील शर्मा और ऋतुराज साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिले के विभाग प्रमुखों सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रशासनिक कामकाज में

छत्तीसगढ़ी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देना और इसे शासन-प्रशासन में अधिक प्रभावी ढंग से लागू करना था। राजभाषा आयोग ने इस पहल के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा को शासन

का हिस्सा बनाने और इसे आम जनता के साथ संवाद का माध्यम बनाने की दिशा में कदम उठाए हैं। राजभाषा आयोग की सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने छत्तीसगढ़ी भाषा के गौरवशाली इतिहास और उसके प्रशासनिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा का पहला व्याकरण सन 1880 में तैयार किया गया और 1900 में इसे पुस्तक रूप में प्रकाशित किया गया। राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा केवल एक संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इसे संरक्षित करना और प्रशासनिक कार्यों में लागू करना हमारी जिम्मेदारी है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा लोक व्यवहार में छत्तीसगढ़ी नामक एक मार्गदर्शिका प्रकाशित की गई है। इस पुस्तक में हिंदी के 67 शब्दों और वाक्यों का छत्तीसगढ़ी अनुवाद, नोटशीट, छुट्टी आवेदन, और जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेजों के प्रारूप दिए गए हैं। कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा प्रशासनिक कार्यों में केवल एक माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज और संस्कृति से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा को अपनाना न केवल हमारी संस्कृति को संरक्षित करेगा, बल्कि शासन-प्रशासन को जनता के करीब लाने में भी मददगार साबित होगा।

श्री सुशील शर्मा ने छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा का दर्जा दिलाने और इसके विकास के लिए किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का गठन भाषाई आधार पर हुआ था, और छत्तीसगढ़ी भाषा को राजभाषा के रूप में स्थापित करना हमारी सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण का हिस्सा है। श्री ऋतुराज साहू ने प्रशासनिक कामकाज में छत्तीसगढ़ी भाषा के तकनीकी और व्यावहारिक उपयोग पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा के उपयोग से प्रशासनिक कार्य और संवाद अधिक सरल, प्रभावी और जनहितकारी बन सकते हैं।

न्यूज गैलरी

रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्ति आदेश में संशोधन

धमतरी/नवप्रदेश। नगरीय निकाय आम निर्वाचन के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन द्वारा जिले के नगरीय निकायों में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की नियुक्ति की गई है। जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण होने की वजह से जिले में नियुक्त रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश में संशोधन करते हुए आदेश जारी किया गया है। जारी संशोधित आदेश के तहत नगरपालिक निगम धमतरी के लिए अपर कलेक्टर सुश्री इंदिरा देवहारी को रिटर्निंग अधिकारी और आयुक्त नगरनिगम धमतरी सुश्री प्रिया गोयल, एसडीएम धमतरी श्री पवन कुमार प्रेमी तथा तहसीलदार कुकरेल श्री प्रेमु लाल साहू को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पंचायत नगरी के रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम नगरी रामकुमार कृपाल, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत नगरी श्री यशवंत वर्मा, नगर पंचायत मगरलोड के रिटर्निंग अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बी.एस.मरकाम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ मगरलोड अशोक चौहान, नगर पंचायत आमदी के रिटर्निंग अधिकारी अतिरिक्त तहसीलदार अखिलेश देशलहरे और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ आमदी भूपेश दीवान, नगर पंचायत भखारा के रिटर्निंग अधिकारी तहसीलदार भखारा भूपेश चन्द्राकर और सहायक रिटर्निंग अधिकारी सीएमओ भखारा संतोष विश्वकर्मा तथा नगर पंचायत कुरूद के रिटर्निंग ऑफिसर एसडीएम कुरूद सुश्री बेरनदत्ता एक्का और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सीएमओ नगर पंचायत कुरूद श्री महेन्द्र राज गुप्ता होंगे।

धान खरीदी में अनियमितता पर 3 और केंद्र प्रभारी हटाए गए

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में धान खरीदी केन्द्रों में प्राधिकृत अधिकारी द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 3 धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को हटा दिया है। हटाए गये केंद्र प्रभारियों में रिकोकला चेतन डड़सेना, रोहांसी धर्मेन्द्र साहू एवं बिटकुली से मनोज कुमार श्रीवास्तव शामिल हैं। इसके पूर्व भी 3 केंद्र प्रभारियों को अनियमितता बरतने पर हटाए गये हैं। इस तरह सप्ताह भर के अंदर ही 6 उपार्जन केंद्र प्रभारी हटाए गए। हटाए गए धान खरीदी केंद्रों में नये प्रभारी बनाए गए हैं जिसमें रिकोकला से कुर्तीबास बारिक, दतान(प) खिलावन ध्रुव, सैहा सुखीराम साहू, रोहांसी भुनेश्वर साहू, डमरू यशवंत कुमार साहू एवं बिटकुली राजेश साहू शामिल है।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत की गई चालानी कार्यवाही

धमतरी /नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिले में कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू एल कौशिक, जिला नोडल अधिकारी डॉ. एम.ए. नसीम के मार्गदर्शन में गत दिनों स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर के 100 मीटर क्षेत्र में विभिन्न तम्बाकू बिक्री दुकानों मे जिला प्रवर्तन दल द्वारा निरीक्षण कर कोटपा एक्ट के तहत 'साइन बोर्ड' दुकानों मे लगाने के निर्देश दिए गए। इसके के साथ ही चेतावनी जारी किया गया और चालानी कार्यवाही की गई। चलानी कार्यवाही के दौरान औषधी निरीक्षक श्री संदीप सूर्यवंशी, श्री गिरीश कश्यप एवं स्वास्थ्य विभाग के श्री विकास कुमार उपस्थित रहे।

`नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही आदर्श आचार संहिता लागू

8 नगरीय निकाय में 3 चरणों में होगा चुनाव

■ 8 नगरीय निकायों के लिए कुल 164 मतदान केन्द्र बनाए

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के कार्यक्रम की घोषणा के उपरांत बालोद जिले में भी आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले में नगरीय निकायों का निर्वाचन 01 चरण एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों का निर्वाचन कार्य 3 चरणों में संपन्न कराया जाएगा। इसके अंतर्गत त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत प्रथम चरण में जिले के डौण्डीलोहारा एवं डौण्डी विकासखण्ड, द्वितीय चरण में बालोद विकासखण्ड एवं तृतीय चरण में गुरूर एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा।

नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत बालोद जिले के नगर पालिका परिषद बालोद, दल्लीराजहरा एवं नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा एवं अर्जुंदा सहित कुल 8 नगरीय निकायों में निर्वाचन कार्य संपन्न कराया जाएगा। जिले के कुल 8 नगरीय निकायों के लिए कुल 164 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले के 08 नगरीय निकाय जहाँ पर निर्वाचन संपन्न किया जाना है। इन सभी नगरीय निकायों के मतदाताओं की कुल संख्या 86 हजार 461 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 41 हजार 208, महिला मतदाताओं की संख्या 45 हजार 252 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 01 है। इसी तरह त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत जिले के 05 जनपद पंचायतों में कुल 1282 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जनपद पंचायतों में मतदाताओं की कुल संख्या 06 लाख 03 हजार 771 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 02 लाख 97 हजार 317, महिला मतदाताओं की संख्या 03 लाख 06 हजार 448 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 6 है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम घोषणा के अनुसार 22 जनवरी 2025 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 28 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) (रिटर्निंग आफिसर द्वारा) हेतु 29 जनवरी, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 31 जनवरी तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने, प्रकाशन करने और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन करने (रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा) हेतु 31 जनवरी निर्धारित की गई है।

चरणों में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन

जिले में तीन चरणों में त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु समय अनुसूची जारी किया गया है। जिसमें प्रथम चरण में डौण्डीलोहारा और डौण्डी विकासखण्ड, द्वितीय चरण में बालोद विकासखण्ड और तृतीय चरण में गुरूर और गुण्डरदेही विकासखण्ड में निर्वाचन संपन्न कराया जाएगा।इन तीनों चरणों में 27 जनवरी 2025 को निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, स्थानों (सीटों) के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया जाएगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 03 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा हेतु 04 फरवरी, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 06 फरवरी तथा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने, प्रकाशन करने और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन करने हेतु 06 फरवरी निर्धारित की गई है। समय अनुसूची के अनुसार त्रि-स्तरीय पंचायतों में प्रथम चरण हेतु मतदान एवं मतगणना 17 फरवरी 2025 तथा खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना हेतु 18 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। द्वितीय चरण हेतु मतदान एवं मतगणना 20 फरवरी 2025 तथा खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना हेतु 21 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। तृतीय चरण हेतु मतदान एवं मतगणना 23 फरवरी 2025 तथा खण्ड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना हेतु 24 फरवरी 2025 निर्धारित की गई ह.ै।

शहरी क्षेत्र में 127644 तथा ग्रामीण क्षेत्र में 816627 मतदाता करेंगे मतदान

■ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ली प्रेसवार्ता

बलौदाबाजार नवप्रदेश/। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक सोनी मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रेसवार्ता लेकर जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव एक चरण में ईवीएम के द्वारा तथा पंचायत चुनाव 3 चरण में मत पत्र से होगा। नगरीय निकायों में कुल मतदाता संख्या 127644 तथा पंचायत क्षेत्र में 816627 है। कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण बलौदाबाजार - भाटापारा जिले में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील कर दी गई है।नगरीय निकाय में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईव्हीएम) का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन में प्रयोग किए जाने वाले इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। मतदान हेतु मतदान मशीन तैयार करते समय भी रैंडम रूप से चयनित मतदान मशीनों पर मॉक पोल कराया जाएगा। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि

इस प्रक्रिया का अवलोकन उपस्थित रहकर कर सकते है। निर्वाचन से संबंधित अधिक एवं नवीनतम जानकारी के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के वेबसाईट https://cgsec.gov.in/ का अवलोकन कर सकते है। मतदाता सूची में नाम सर्च करने के लिए https://cgsecerms.cgstate.gov.in/epic-voter-serch लिंक का उपयोग किया जा सकता है। नगरीय निकाय निर्वाचन-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है जिसके अनुसार नगर पालिका आम निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्रों की संख्या 181, पार्षद पदों की संख्या 142 एवं अध्यक्ष पदों की संख्या 8 होगा। जिसमें पुरूष मतदाता 62081, महिला मतदाता 65551 एवं 12 अन्य मतदाता कुल 127644 मतदाता शामिल है।

जिले के 4 लाख 69 हजार 427 मतदाता मताधिकार का करेंगे उपयोग

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की तिथि की घोषणा कर दी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिले में निर्वाचन की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ सहित गरियाबंद जिले में भी आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार जिले के पांचों नगरीय निकाय में 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक चुनाव होगा। इसी प्रकार पंचायत निर्वाचन अंतर्गत गरियाबंद, मैनपुर ब्लॉक में 17, छुरा में 20 एवं फिंगेश्वर, देवभोग में 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। जिले के नगरीय निकाय एवं पंचायत निर्वाचन में जिले के 4 लाख 69 हजार 427 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इसमें 4 लाख 28 हजार 220 मतदाता त्रि-स्तरीय पंचायत एवं 41 हजार 207 मतदाता नगरीय निकाय चुनाव के शामिल है। नगरीय निकायों में नाम निर्देशन की शुरुआत 22 जनवरी एवं त्रि-स्तरीय पंचायत हेतु 27 जनवरी 2025 को होगी। नगरीय निकायों के लिए 28 जनवरी एवं पंचायतों के लिए 03 फरवरी 2025 को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नगरीय निकाय के लिए मतगणना 15 फरवरी 2025 को होगी। इसी प्रकार पंचायत चुनाव की मतगणना मतदान तिथि को ही होगी। जिले के 6 नगरीय निकायों के अंतर्गत कुल 90 वार्डों के लिए 90 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इसी प्रकार जिले के 334 ग्राम पंचायतों अंतर्गत 4422 वार्डों के लिए 833 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। नगरीय निकाय निर्वाचन अंतर्गत जिले 6 अध्यक्ष एवं 90 पार्षद पदों के लिए निर्वाचन आयोजित किया जायेगा। इसी प्रकार जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत अंतर्गत 4422 पंच, 334 सरपंच एवं 103 जनपद सदस्यों के लिए चुनाव होगा। जिला पंचायत गरियाबंद के 11 सदस्य पदों हेतु चुनाव होगा। नगरीय निकाय का निर्वाचन ईवीएम मशीनों से होगा एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों का निर्वाचन मतपत्र के माध्यम से होगा।

शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश प्रतिबंधित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल ने नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के तहत शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सभी तरह के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश निर्वाचन की कार्यवाही सम्पन्न होने तक लागू रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर दिए है।

क्रिकेट स्पर्धा में बरबांधा की टीम ने मारी बाजी

नगरी। ग्राम उमरगांव में छह दिवसीय टेनिस बाल पंचायत स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें अनेक टिमों ने हिस्सा लेकर अपने खेल का प्रतिभा दिखाया और प्रथम स्थान पर क्रिकेट क्लब बरबांधा, द्वितीय स्थान रानीगांव, तृतीय स्थान सिरसिदा, चतुर्थ स्थान बिहावपारा ने बाजी मारी। इस प्रतियोगिता में पुरस्कार क्रमशः 16,000 , 7000, 2000, 1000 रुपए एवं ट्राफी और आकर्षक बल्लेबाज, बेस्ट गेंदबाज, बेस्ट केचर एवं बेस्ट दर्शक का पुरस्कार रखा गया था। समापन समारोह में उपस्थित महेश अग्रवाल समाजिक कार्यकर्ता, ठाकुर राम मरकाम उपसरपंच, सालिक साहू, मनोहर साहू, रोमेश साहू। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्टार इलेवन

मुख्य अतिथि के हाथो शील्ड प्रदान करते हुये

परिवार के अध्यक्ष लिलाशंकर यादव, उपाध्यक्ष मोंटु साहू, लोकप नेताम, गिरधर साहू, कार्तिक मारकोले, सचिव तोरन शषधर, गजेन्द्र मरकाम, सहसचिव कुलदीप पुजारी, सोमन मरकाम और समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी का सहयोग रहा।

बच्चों को विटामिन ''ए'' की सिरप पिलाकर किया गया जिले में शिशु संरक्षण माह शुरू

धमतरी /नवप्रदेश। शिशु संरक्षण माह का द्वितीय चरण आज से शुरू हो गया, जो कि 21 फरवरी तक चलेगा। मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यू.एल. कौशिक एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कंवर के द्वारा सिविल अस्पताल कुरूद में बच्चों को विटामिन ''ए'' सिरप पिलाकर शिशु संरक्षण माह आरंभ किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जे.पी.दीवान ने बताया कि शिशु संरक्षण माह कुल 10 सत्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को आंगनबाड़ी केन्द्र अथवा स्वास्थ्य केन्द्रों पर सुबह 9 से शाम 5 बजे के बीच

आयोजित होगी। इसका उद्देश्य बच्चों में होने वाले आंख से संबंधित रोग मोतियाबिन्द, रतौंधी, बिटॉट स्पॉट एवं खून की कमी को दूर करना है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित गतिविधियां में विटामिन ए सिरप 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को 6 माह के अंतराल में पिलाया जाता है। साथ ही आयरन फोलिक एसिड सिरप, बच्चों में पोषण के स्तर की जांच के लिए वजन लेकर पोषण आहार के विषय में पालक को जानकारी दी जाती है। जिले में विटामिन ''ए'' के हितग्राही बच्चे 75 हजार 882 एवं आयरन फोलिक एसिड सिरप के हितग्राही बच्चे की संख्या 80 हजार 345 है।

धार्मिक... श्रीराम, सीता, लक्ष्मण हनुमान एवं दुर्गामाता की मूर्ति की शोभायात्रा

भगवान राम की भव्य मूर्ति एवं माता वैष्णोदेवी की सुन्दर स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा

नगरी/नवप्रदेश। भगवान श्रीरामजी की भव्य मूर्ति एवं मां वैष्णोदेवी की सुन्दर, स्वरूप का प्राण प्रतिष्ठा सेमरा मे किया जाना जिसमे दिन मंगलवार नगरी नगर से 11 बजे श्री राम सीता लक्ष्मण हनुमान जी एवं दुर्गा माता की मूर्ति को शोभा यात्रा के साथ बुद्धदेव पारा नगरी की महिला एवं युवाओं द्वारा डीजे के समाने नाचे गाते हाथों में ध्वजा लहराते दिखाई दिएवही अपने मोहल्ले से लेकर नगरी नगर से राजा बाडा चौक तक साथ वही देवपुर बस स्टेशन, सोनामगर शिव मंदिर 2 बजे 4 बजे भीतररास सिहावा से होकर शाम 4 बजे शीतला मंदिर सेमरा में आगमन कराया गया जिसमे शोभा यात्रा मंगल

कलश यात्रा दिन बुधवार समय प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक उसके पश्चात स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा समय 11 बजे से 1 बजे तक पंडित - हुपेश प्रसाद पाठक सेमरा के द्वारा किया जाएगा ।भोजन प्रसादी समय 12 बजे से सतत् रात्रि तक विनीत रामचरित मानस कथा शोर संदेश मानस परिवार महंत साध्वी रोहणी देवी एवं समस्त ग्रामवासी नयापारा भेजरीरावन, धरमपुर, डिहीपारा बड़ेपारा

सेमरा समस्त भक्तजन एवं दानदातागण है

अखिल ब्रम्हाण्ड के नायक परमपिता परमात्मा श्री रामचन्द्र जी की असीम कृपा से सप्तऋषियों की तपोभूमि महानदी के उद्गम स्थल के समीप बसे ग्राम सेमरा में गंगाधाम परमार्थ आश्रम (राम जानकी मंदिर) में निवासरत महंत साध्वी रोहणी देवी की दृढ़ इच्छा शक्ति, दो वर्ष की सतत् कठिन परिश्रम से नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीरामजी की भव्य मूर्ति एवं माँ वैष्णोदेवी की सुन्दर स्वरूप का प्राण प्रतिष्ठा आगामी वर्ष 2025 माघ कृष्ण पक्ष अष्टमी पिंगल संवत्सर विक्रम संवत 2081 दिन बुधवार के शुभ दिन को समस्त क्षेत्रवासियों एवं सन्तों के बीच किया जावेगा कि प्राण-प्रतिष्ठा के दिन प्रभु श्रीरामजी, माँ वैष्णोदेवी तथा नवनिर्मित मंदिर दर्शन हेतु अपने अनुकुल समयानुसार सहपरिवार राम जानकी मंदिर (परमार्थ आश्रम श्री गंगाधाम)सेमरा में किया जाना है।

स्व. राजा दिग्विजय दास जी की पुण्यतिथि पर माल्यापर्ण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये

राजनांदगांव। राजनांदगाँव श्री वैष्णव मंडल के नेतृत्व में राजा दानवीर मंहत दिग्विजय दास जी की पुण्यतिथि पर दिग्विजय कॉलेज पहुंचकर गगनवेदी राजा दिग्विजय दास अमर रहे जब तक सुरज चाँद रहेगा राजा तेरा नाम अमर रहेगा आदि नारों के साथ राजा दिग्विजय दास की प्रतिमा एवं शीतला मंदिर में मंहतो की समाधि पर पूजा अर्चना एवं माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके बताये हुए मार्गो पर चलने का संकल्प लिये। कार्यक्रम में राजनांदगांव श्री वैष्णव मंडल

के अध्यक्ष अनुपदास वैष्णव, प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, उपमंडलेश्वर जागेश्वदास वैष्णव, संरक्षक मेघदास वैष्णव एवं जिला वैष्णव नवयुवक अध्यक्ष विवेक वैष्णव सहित अन्य वैष्णव समाज के कार्यकर्तागण उपस्थित थे। यह जानकारी उप मंडलेश्वर जागेश्वरदास वैष्णव ने दी।

नक्सलवाद पर सियासत: गृहमंत्री ने नेता प्रतिपक्ष पर साधा निशाना

रायपुर/नवप्रदेश। नक्सलवाद के खिलाफ चल रही लड़ाई के बीच छत्तीसगढ़ में सियासत भी खूब गर्म हो रही है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत यह कहकर भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए हैं कि बस्तर से नक्सलवाद खत्म होने के बाद उद्योगपतियों को न सौंपे। उनके इस बयान को लेकर प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की वही राग लग रही है, जो नक्सली अलाप रहे हैं। उद्योगपतियों के लिए जगह बना रहे हैं। ऐसी ही बात नक्सली कहते हैं । देश के कई जगहों पर भी उद्योगपति है तब क्या हो गया? आखिर बस्तर में ही उद्योगपतियों को लेकर क्यों बात होती है। इससे पहले चरणदास महंत के बयान पर रमन सिंह ने पलटवार किया था। उन्होंने कहा कि बस्तर में एक भी उद्योग हो तो कांग्रेस नाम बता दें। वहां सिर्फ छोटे-छोटे कुटीर उद्योग या पीएसयू प्लांट हैं। मैं बड़े जोर से बोलता हूं कि प्लांट आने चाहिए। छत्तीसगढ़ सिर्फ मिनिरल पत्थर नहीं बेचेगा। हमारा प्रदेश वैल्यू एडिशन स्टेट बनना चाहिए। स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा। बता दें कि प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद से नक्सलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 260 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। वहीं 1000 से ज्यादा माओवदियों के पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके अलावा 870 नक्सलियों ने आत्मसर्मपण किया है।

सरकार भुगतान नहीं कर रही मरीज इलाज के अभाव में भटक रहे है : कांग्रेस

निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना से ईलाज बंद

रायपुर/नवप्रदेश। निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना से ईलाज बंद हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार भुगतान नहीं कर रही मरीज ईलाज के अभाव में भटक रहे है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को निःशुल्क उपचार देने वाले अस्पतालों का 1500 करोड़ से ज्यादा का भुगतान लंबित है। प्रदेश के कई छोटे-बड़े अस्पताल मरीजों के इलाज से हाथ खड़े करने लगे हैं और तरह-तरह के बहाने बनाकर मरीजों को बिना इलाज़ के लौटा रहे हैं। कई अस्पताल आधा भुगतान नगद लेन की शर्त पर ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। छोटे और मझोले अस्पताल जो ज्यादातर आयुष्मान कार्ड के भरोसे ही इलाज पर निर्भर थे, वहां तालाबंदी की स्थिति बन चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य सहायता योजना का सरकारी अस्पतालों का भी भुगतान नहीं हुआ है, इसके चलते स्वास्थ्य सुविधा

बुरी तरह चरमरा गया है। भाजपा सरकार का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है। साय सरकार में प्रदेश में दम तोड़ रही है स्वास्थ्य व्यवस्था से इलाज के अभाव में जनता बेमौत मरने मजबूर है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो गयी। भाजपा सरकार के राज में विकास कार्य तो दम तोड़ ही रहे थे। अब पैसों के आभाव में मरीजों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है उनका ईलाज नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार आयुष्मान कार्ड का भुगतान कर मरीजों के इलाज की सुविधा बहाल करें। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर 2018 की तुलना में ढाई गुना बेहतर विकसित किया था।

सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के तौर पर विकसित किया था। ब्लॉक के अस्पतालों में भर्ती की सुविधाएं विकसित की थी। अधिकांश जिला अस्पताल में डायलिसिस और क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू किए गए थे। 25 लाख तक की मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना छत्तीसगढ़ में संचालित थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में 4000 से अधिक नियमित पदों पर डॉक्टर, नर्स, तकनीशियन और सहायक कर्मचारी की भर्तियां की। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना, हाट बाजार क्लिनिक, मोहल्ला क्लीनिक, दाई दीदी क्लिनिक, हमर अस्पताल और हमर लैब स्थापित किया था लेकिन अब सरकार बदलते ही विगत 11 महीनों के भीतर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो चुका है।

एनआरडीए की अलॉटमेंट कमेटी पर हाईकोर्ट ने दिए एफआईआर निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने नवा रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा आबंटित किए गए एक भूखंड को लेकर सीईओ को जमकर फटकार लगाते हुए पूरी अलाटमेंट कमेटी पर एफआईआर कराने कहा है । यह भूखंड एक उद्योग को 27-9-21 कि डेट में कमेटी ने अलाट किया था। 15 जनवरी को हुई इस सुनवाई में विद्वान न्यायाधीश ने एनआरडीए के एफिडेबिट पर गहरी नाराजगी जताई। और सुनवाई में सीईओ के न आकर अपने जूनियर अफसर के भेजने पर असंतोष जताया। यह आवंटन,कोर्ट में विचाराधीन याचिका पर अंतिम निर्णय आने से पहले ही वर्ष 23 में कर दिया गया था। अफसर यह बताते हुए कि वो उस वक्त तकनीकी रूप से वहां पदस्थ नहीं थे, बचने कि प्रयास किया।

खाद्य विभाग की कस्टडी से 2400 किलो पनीर चोरी, शिकायत दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश । खाद्य विभाग की कस्टडी से लगभग 2400 किलो पनीर चोरी होने का मामला सामने आया है। इस मामले की शिकायत खाद्य विभाग ने कोतवाली थाने में की है। बता दें कि फूड अफसरों की टीम ने सोमवार को रायपुर रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड में छापा मारकर बड़ी मात्रा में पनीर पकड़कर खाद्य विभाग के कार्यालय में रखा था, जहां से आज 2400 किलो पनीर चोरी हो गई। फूड सेफ्टी अधिकारी एहसान तिग्गा ने बताया, सोमवार को रेलवे स्टेशन पर कार्रवाई कर 39 बोरी पनीर कार्यालय लाया गया था. फिर भाठागांव दूसरी कार्रवाई में चले गए थे. इस बीच खाद्य विभाग के कार्यालय से सौरव शर्मा ने पनीर चोरी कर ली. बता दें कि सौरभ से ही खाद्य विभाग की टीम ने पनीर जब्त किया था. फूड सेफ्टी अधिकारी ने बताया, सौरभ को कई बार फोन लगाया लेकिन कॉल रिसीव नहीं किया. ऐसी स्थिति में तत्काल थाना कोतवाली में एफआईआर करने के लिए शिकायत की गई है।

तहसील कार्यालय का पता बदला

रायपुर/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर के अनुविभागीय एवं तहसील कार्यालय को अब पुराने नर्सिंग हॉस्टल में शिफ्ट कर दिया गया है। यह कदम इस कार्यालय के जर्जर हो चुके भवन की हालत को देखते हुए उठाया गया है। पुराने भवन में असुविधाओं का सामना करने के बाद, नागरिकों की सुविधा और कार्यों के सुचारू संचालन के लिए इस स्थानांतरण का निर्णय लिया गया है। एसडीएम नंदकुमार चौबे ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे अब से तहसील कार्यालय से जुड़े सभी पत्राचार नए पते पर ही करें और संबंधित कार्यों के लिए नर्सिंग हॉस्टल स्थित नए कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने बताया कि वर्तमान तहसील कार्यालय का भवन काफी पुराना और जर्जर हो चुका था, जिसके कारण कार्यों में रुकावट और नागरिकों को असुविधा हो रही थी। इसे देखते हुए, नए भवन के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है और इस पर जल्द काम शुरू किया जाएगा।

घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश । प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में नगर निगम, पालिका, पंचायत की चुनाव को लेकर चुनाव घोषणा पत्र समिति की दूसरी बैठक हुई। घोषणा पत्र समिति के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री गुरू रूद्र कुमार, पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया, पूर्व मंत्री अमितेष शुक्ल, पूर्व विधायक अरुण वोरा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, अंबिकापुर महापौर डॉ. अजय तिर्की, कोरबा महापौर राजकिशोर प्रसाद, बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन उपस्थित थे।

सरकार बीएड शिक्षकों का तत्काल समायोजन करे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि प्रदेश के 2897 सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिये आंदोलनरत है, धरने पर बैठे है सरकार है कि इस मामले में कोई निर्णय नहीं ले रही है। इन शिक्षकों को सरकार ने भर्ती निकाल कर प्रक्रिया पूरी करने बाद नियुक्ति दिया था। सरकार इस मामले का समाधान निकाल डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों के लिये अलग भर्ती निकाले तथा इन पहले से नियुक्ति पा चुके 2897 शिक्षकों की सेवा आगे सुनिश्चित रखने की व्यवस्था करें। इन शिक्षकों की भर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान ही हुआ था ऐसा नहीं है भाजपा सरकार बनने के बाद भी तीसरी और चौथी काउंसलिंग 9 फरवरी 2024 तथा 7 मार्च 2024 को हुई थी तथा इनकी नियुक्तियां हुई थी।

कमिश्नर ने जोन कार्यालय के सभी विभागों का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल द्वारा कार्यालयीन दिवस में कार्यालयीन अवधि के दौरान जोन 5 कार्यालय के समस्त विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल विभाग, नगर निवेश विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्थापना शाखा, आवक -जावक शाखा, राशन कार्ड, आधार कार्ड कक्ष में औचक निरीक्षण किया गया। किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। नस्तियों का संधारण, निर्धारित समय में दस्तावेजों का अवलोकन कर प्रकरणों का निराकरण किए जाने के निर्देश दिये गये।

जनता के सपनों का घोषणा पत्र जारी करेगी भाजपा, जनता से मांगे सुझाव

भाजपा ने अपने मंत्र हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है: अमर अग्रवाल

■ क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल के माध्यम से मांगे सुझाव

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र को लेकर बुधवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकारवार्ता आहुत की। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नगरीय निकाय चुनावों की घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि नगरीय निकायों में इस बार जनता से लिए गए सुझाव के आधार पर भाजपा अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। इसके लिए उन्होंने whatsapp नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल morsujhav@bjpcg.com अर्थात मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम के माध्यम से सुझाव मांगे है। घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में फिर से चुनाव का शंखनाद हो गया है। प्रदेश का यह चुनाव मूलतः उस विश्वास का जनादेश में बदलने के लिए हैं, जो विश्वास हमने अपने पिछले एक वर्ष के कार्यकाल में हासिल की है। हमने पिछले महीने ही 'जनादेश परब' में विश्वास का एक वर्ष पूर्ण किया है। इस वर्ष को विष्णुदेव सायजी की सरकार ने 'अटल निर्माण वर्ष घोषित किया है। आप जानते ही हैं कि यह वर्ष प्रदेश निर्माता अटलजी की शताब्दी वर्ष भी है।

घोषणा पत्र समिति के संयोजक अमर अग्रवाल ने कहा कि निस्संदेह अटल निर्माण वर्ष के अधोसंरचना के क्षेत्र के अधिकाधिक कार्य करेगी और इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे नगरीय निकायों को मिलेगा। भाजपा ने अपने मंत्र ÷हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे÷ के साथ राज्य में विकास का नया अध्याय लिखा है। केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा सरकार ने जो अद्भुत कार्य किए हैं, वह जनता के सामने हैं। हमने बीते एक साल में जो वादे किए, उन्हें पूरा कर यह साबित किया है कि भाजपा केवल बोलती नहीं, बल्कि करती भी है। अब हम इस मंत्र को लेकर नगर पालिका, नगर निगम और जिला परिषद स्तर तक पहुंच रहे हैं, ताकि हर शहर, हर वार्ड, और हर गली, यहा तक कि हर घर में विकास की यह गूंज सुनाई दे।

हमारा उद्देश्य छत्तीसगढ़ के हर नागरिक को स्वच्छ, सुंदर, और समृद्ध जीवन प्रदान करना है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार और कुशासन के विपरीत, भाजपा हर स्तर पर पारदर्शी और जवाबदेह शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह ही निकाय चुनाव में भी हम अपना घोषणा पत्र जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार करना चाहते हैं। साथ ही आप पत्रकार बंधुओं से भी आग्रह करते हैं कि अगर आपके पास भी कुछ सुझाव हों तो हमें अवश्य अवगत कराएं।

हमने जो कहा वो पूरा किया, आगे भी जो वादे होंगे वो पूरे होंगे: सोनी

घोषणा पत्र समिति के सह संयोजक सुनील सोनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा अपने वादों को पूरा किया है। राज्य में महिलाओं, युवाओं और गरीबों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई हैं, जैसे महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना, जिनसे सीधे जनता को लाभ प्राप्त हुआ हैं। भाजपा ने कभी भी केवल घोषणा नहीं की, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतारा, जिससे छत्तीसगढ़ के नागरिकों को न केवल सुविधाएं मिलीं, बल्कि उनका जीवन स्तर भी बेहतर हुआ। हम अब अपने और जनता के मध्य सामंजस्य में किसी भी तरह की रुकावट नहीं चाहते। जिस तरह केंद्र और राज्य में हमारा और जनता का मजबूत और सुचारु सामंजस्य रहा है, उसी तरह हम चाहते हैं कि शहरी स्थानीय निकायों में भी विकास का यही क्रम बिना किसी बाधा के जारी रहे। भाजपा हमेशा आपके लिए और आपसे ही है। हमारा उद्दे श्य है कि हम सब मिलकर अपने शहरी स्थानीय निकायों को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं और तीनों स्तरों पर एक मजबूत सरकार बनाएं।

पॉवर कंपनी में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज

रायपुर /नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में गणतंत्र दिवस खेल सप्ताह का आगाज आज डंगनिया स्थित मुख्यालय में हुआ। प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एसके कटियार (जेनको), आरके शुक्ला (ट्रांसको) और भीमसिंह कंवर (डिस्कॉम) ने इस अवसर पर सभी कर्मियों से खेल स्पर्धाओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया और कहा कि राष्ट्रीय पर्व का यह अवसर हमारे आपसी भाईचारे को मजबूत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। खेल हमें स्वस्थ और बेहतर जीवन जीने का तरीका सिखाता है। 22 से 25 जनवरी तक चलने वाले इस खेल सप्ताह में पॉवर कंपनीज़ के अधिकारी-कर्मचारी हिस्सा लेंगे। विजेताओं को गणतंत्र दिवस समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। खेल सप्ताह के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि उत्पादन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार ने कहा कि जिन कर्मियों की खेल में रूचि है, वे तो इन स्पर्धाओं में भाग लेंगे ही, परन्तु जिन्हें रूचि नहीं है वे भी किसी एक खेल को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं। प्रबंध निदेशक पारेषण आरके शुक्ला ने कहा कि खेल आपको शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखेगा। इससे टीम भावना का विकास होता है। प्रबंध निदेशक वितरण श्री भीम सिंह कंवर ने कहा कि खेल को केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। यह आपको जीना सिखाता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी खेलों को भी इस खेल सप्ताह में शामिल करने का सुझाव दिया। इस अवसर पर क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चौहान, कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, जी आनंद राव, महाप्रबंधक (वित्त) वाईबी जैन एवं मुख्य अभियंता (मा.सं.) वीके दीक्षित, केबी पात्रे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचएल पंचारी, मुख्य सुरक्षा अधिकारी विगं कमांडर ए श्रीनिवास राव उपस्थित थे। चौहान ने स्वागत भाषण में बताया कि इस बार टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन, कैरम जैसे इंडोर गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्यालय तथा गुढ़ियारी परिसर के अधिकारी-कर्मचारी शामिल होंगे। मंच संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश कुमार मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता राजेश सिंह ने किया।

सरकारी वेतनभोगी सीएम मीडिया सलाहकार का भाजपा की नैरेटिव टीम का संयोजक होना आपत्तिजनक

भाजपा नैरेटिव फैलाकर नगरी निकाय चुनाव को प्रभावित करने षड्यंत्र रच रही

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के द्वारा गठित नॉरेटिव व कंटेंट टीम में मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा को संयोजक बनाया जाना आपत्तिजनक है। पंकज झा मुख्यमंत्री के सलाहकार के रूप में अवर सचिव का दर्जा प्राप्त है, सरकार उनको शासकीय कर्मचारी की भांति वेतन भत्ते आदि सुविधायें दे रही वे सरकारी कर्मचारी माने जायेंगे वे राजनैतिक दल के कार्यकर्ता की भांति कैसे काम कर सकते है? मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पंकज झा को तत्काले मीडिया सलाहकार पद से हटाये। राज्य निर्वाचन आयोग भी संज्ञान में ले प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है उसके बाद सरकारी वेतनभोगी लाभ लेने वाले पंकज झा आखिर एक राजनीतिक दल में चुनाव समिति में संयोजक कैसे हो सकते है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा के नगरीय निकाय चुनाव के लिए गठित नैरेटिव व कंटेंट टीम पर तंज कसते हुये कहा कि भाजपा नगरीय निकाय चुनाव में मोदी की गारंटी में से कितनी गारंटी पूरी हुई है और साय का सुशासन के नारा से जनता को कितना लाभ हुआ है यह बताने में असमर्थ है। इसलिए नैरेटिव व कंटेंट टीम बनाकर नगरीय निकाय चुनाव में नफरत, वैमनस्यता, हिंदू मुस्लिम, का विवाद पैदाकर चुनाव को प्रभावित करने का षड्यंत्र रच रही है। वैसे तो भाजपा जन्मजात ही नफरत फैलाने वाली पार्टी है। भाजपा कभी काम के दम पर चुनाव नही लड़ सकती है क्योंकि ये चुनाव में जनता को घोषणा कर के बड़े-बड़े ख्वाब दिखाये थे अब उन वादों को पूरा करने में भाजपा सरकार के पसीने छूट रहे है।

बोर्ड परीक्षाओं पर नहीं पड़ेगा चुनाव असर : माशिमं सचिव पुष्पा साहू

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव ऐलान हो चुका है. 22 जनवरी से शुरू हो कर 24 फरवरी तक चुनाव की पूरी प्रक्रिया समाप्त होगी. लेकिन मार्च के शुरुआत में ही बोर्ड की परीक्षाएं हैं, जिसको लेकर छात्र सहित पालकों में संशय की स्थिति बनी हुई है. इसको लेकर अब माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं. बोर्ड परीक्षाएं प्रभावित नहीं होंगी। सचिव पुष्पा साहू ने बताया कि 12वीं बोर्ड की परीक्षा 1 मार्च से और 10वीं बोर्ड की परीक्षा 3 मार्च से आयोजित होगी. परीक्षा के लिए आवश्यक उत्तर पुस्तिकाएं और प्रश्न पत्र 24 और 25 फरवरी को जिलों को आवंटित कर दिए जाएंगे. परीक्षा केंद्र पहले ही निर्धारित किए जा चुके हैं।

इस बार 12वीं बोर्ड परीक्षा में 2,41,000 और 10वीं में 3,30,000 विद्यार्थी पंजीकृत हैं. परीक्षा संचालन के लिए लगभग 50,000 शिक्षक और कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। सचिव ने कहा कि पूर्व की तरह इस बार भी शिक्षकों और कर्मचारियों को ऑनलाइन ट्रेनिंग दी गई है। छत्तीसगढ़ में 20 जनवरी से आचार संहिता लागू हो गई है। नगरीय निकाय चुनाव 11 फरवरी को होंगे और 15 फरवरी को नतीजे घोषित होंगे।

आदेश — *स्वीकार करते हुए काउंसिल के आदेश को गलत ठहराया*

स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष को हाईकोर्ट ने जारी किया नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष अरुण मिश्रा के खिलाफ हाईकोर्ट ने नोटिस जारी किया है. दरअसल, मामला डॉ. राकेश गुप्ता की सदस्यता को लेकर है, जिन्हें 18 नवंबर 2024 को नियमों का उल्लंघन करते हुए रजिस्ट्रार अश्विनी गुरडेकर और अध्यक्ष अरुण मिश्रा ने काउंसिल से हटा दिया था. डॉ. गुप्ता ने इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी, जिसे कोर्ट ने 6 दिसंबर 2024 को स्वीकार करते हुए काउंसिल के आदेश को गलत ठहराया और डॉ. गुप्ता की सदस्यता बहाल कर दी।

इसके बावजूद काउंसिल के अध्यक्ष अरुण मिश्रा और रजिस्ट्रार अश्विनी गुरडेकर ने हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए 3 जनवरी 2025 को एक विशेष बैठक आयोजित की, जिसमें डॉ. गुप्ता की सदस्यता पर चर्चा की गई. जिसको लेकर डॉ. राकेश गुप्ता ने अपने अधिवक्ता संदीप दुबे के माध्यम से हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना करने के लिए काउंसिल के अधिकारियों को कानूनी नोटिस भी भेजा था।इसके बाद भी बैठक का आयोजन जारी रहा, जिसके बाद डॉ. राकेश गुप्ता ने हाईकोर्ट में एक और मामला दायर किया. इस मामले में 20 जनवरी 2025 को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने काउंसिल के अध्यक्ष अरुण मिश्रा को नोटिस जारी किया है।

ठंड से राहत: शुष्क हवा के प्रभाव से बढ़ने लगा तापमान

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अब ठंड कम होने के साथ गर्मी बढ़ेगी। आसमान साफ होने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, अगले चार दिनों में तापमान में दो से चार डिग्री की वृद्धि होगी। रात के तापमान में बहुत अधिक गिरावट के आसार नहीं है। प्रदेश में मौसम साफ हो गया है। उत्तरी से ठंडी और समुद्र की ओर से नमी वाली हवा आने की परिस्थितियां फिलहाल नहीं दिख रही है शुष्क हवा के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में वृद्धि का क्रम जारी रहेगा। मंगलवार को तापमान में वृद्धि होने के कारण ठंड कम रही। अगले कुछ दिनों में तापमान में वृद्धि होगी। इससे ठंड लगातार कम हो जाएगी और हल्की गर्मी महसूस होने लगेगी। प्रदेश में सभी जगहों पर न्यूनतम तापमान बढ़ गया है. रायपुर में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री रहा. यह सामान्य से 3.2 डिग्री ज्यादा है. रात का तापमान सोमवार तक सामान्य से कम था, वह मंगलवार को सामान्य से ऊपर 14.6 डिग्री रिकार्ड किया गया।

छत्तीसगढ़ जल संचय जन भागीदारी अभियान में अव्वल

रायपुर/नवप्रदेश। एक दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की. मंत्री कश्यप ने केंद्रीय मंत्री पाटिल को बस्तर के ढोकरा आर्ट से निर्मित हाथी और पुष्प गुच्छ देकर आत्मीय भेंट की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय जन भागीदारी अभियान, अप्रतिम कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि जल संचय जन भागीदारी अभियान में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। इस अवसर केदार कश्यप ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से छत्तीसगढ़ में विभागीय उपलब्धियों के संबंध में जानकारी दी। प्रदेश में जल संसाधन विभाग की संभावनाओं को लेकर सार्थक चर्चा की गई। मंत्री कश्यप ने पाटिल को विभागीय कार्यों के अवलोकन व निरीक्षण के लिए छत्तीसगढ़ आने की बात कही।

न्यूज गैलरी

भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ खुला, सेंसेक्स 76,000 के पार

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला। सुबह 9ः50 पर सेंसेक्स 221 अंक या 0.29 प्रतिशत की तेजी के साथ 76,059 और निफ्टी 31 अंक या 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,056 पर था। लार्जकैप में तेजी के बाद भी व्यापक का रुझान नकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में 633 शेयर हरे निशान में और 1,488 शेयर लाल निशान में हैं। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 633 अंक या 1.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,181 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 273 अंक या 1.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,183 पर था। बाजार के जानकारों के मुताबिक, सकारात्मक शुरुआत के बाद निफ्टी के लिए 22,950, 22,800 और 22,600 एक सपोर्ट लेवल है। उच्च स्तर पर 23,100, 23,250 और 23,400 एक रुकावट का स्तर है। आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, प्राइवेट बैंक, इन्फ्रा और सर्विसेज इंडेक्स में तेजी बनी हुई है। ऑटो, पीएसयू बैंक, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में दबाव बना हुआ है। सेंसेक्स पैक में सन फार्मा, इन्फोसिस, आईटीसी, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, भारती एयरटेल, एचयूएल, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स हैं। जोमैटो, पावर ग्रिड, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और एसबीआई टॉप लूजर्स हैं। एक्सिस सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख, अक्षय चिंचालकर के अनुसार, जिस गिरावट की कल शुरुआत हुई है, उसका निकट अवधि का लक्ष्य 22,830 है। 14 दिन से बाजार ओवरसोल्ड से ऊपर बने हुए हैं। इस कारण हम कोई बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं कर रहे हैं।

रेलवे पर रहेगा खास फोकस, जनता को मिल सकते हैं तोहफे

नई दिल्ली। देश का आम बजट 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाएगा। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के इस दूसरे बजट से आम जनता को काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि इस बार बजट में रेलवे पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और आम जनता के लिए भी कई घोषणाएं हो सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बार के बजट में रेलवे को 2.93 लाख करोड़ से 3 लाख करोड़ रुपये तक का आवंटन किया जा सकता है। यह पिछले साल के मुकाबले 15-20 प्रतिशत अधिक होगा। इस राशि का उपयोग रेलवे के बुनियादी ढांचे को और बेहतर बनाने में किया जाएगा। स्टेशनों के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिसके तहत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्टेशनों का नवीनीकरण किया जाएगा। देश भर में नई रेलवे लाइनें बिछाई जाएंगी, जिससे रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा और यात्रा समय कम होगा।आधुनिक ट्रेनों की शुरुआत भी बजट की प्राथमिकताओं में शामिल है, जिससे यात्रियों को आरामदायक और तेज यात्रा का अनुभव मिलेगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक 68,000 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विस्तार करना और 400 वंदे भारत ट्रेनों को चलाना है, और बजट में मिलने वाले फंड का उपयोग इन महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को पूरा करने में किया जाएगा।देश में वर्तमान में रेलवे के आधुनिकीकरण और विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें सबसे प्रमुख है देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना, जिस पर तेजी से काम हो रहा है और इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए बजट में आवश्यक प्रावधान किए जाने की संभावना है। ट्रेनों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए 'कवच' नामक स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को लगाने का कार्य भी प्रगति पर है, जिसके लिए बजट से अतिरिक्त राशि आवंटित की जा सकती है। शहरों में सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कई शहरों में मेट्रो रेलवे लाइनों के विस्तार का कार्य भी जारी है और इस विस्तार को बढ़ावा देने के लिए भी बजट में पर्याप्त प्रावधान किए जाने की उम्मीद है।

वित्तीय वर्ष 24-25 की तीसरी तिमाही के दौरान प्रति कर्मचारी कारोबार बढ़कर 22.98 करोड़ रुपये हो गया

वित्तीय वर्ष 2024-25 की तृतीय तिमाही-वित्तीय परिणाम के मुख्य बिंदु

रायपुर/नवप्रदेश। कारोबार वृद्धि - कुल कारोबार वर्ष-दर-वर्ष 12.28% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.12.2024 को 4,88,911 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें सकल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 16.44% की वृद्धि दर्ज करते हुए 2,08,655 करोड़ रुपये तथा कुल जमा वर्ष-दर-वर्ष 9.36% की वृद्धि दर्ज करते हुए 280256 करोड़ रुपये हो गया।

लाभप्रदता एवं प्रतिफल - दिनांक 31.12.2024 को समाप्त तिमाही के लिए निवल लाभ 639 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह 503 करोड़ रुपये था, जिसमें वर्ष- दर- वर्ष 27.04% की वृद्धि दर्शाता है। दिनांक 31.12.2024 को समाप्त तिमाही के लिए परिचालन लाभ 1586 करोड़ रुपये रहा, जिसमें वर्ष- दर- वर्ष आधार पर 41.73%की वृद्धि दर्शाता है। रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई (आरएएम) क्षेत्रों में अग्रिम - बैंक के आरएएम संविभाग में वर्ष-दर-वर्ष 22.01% की वृद्धि दर्ज करते हुए 114350 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें रिटेल अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 31.01% वृद्धि, कृषि अग्रिमों में वर्ष-दर-वर्ष 20.04% वृद्धि तथा एमएसएमई अग्रिमों मे वर्ष-दर-वर्ष 12.75% वृद्धि शामिल है। एनपीए में कमी - सकल एनपीए दिनांक 31.12.2024 को वर्ष-दर-वर्ष 94 बीपीएस घटकर 2.91% हो गया, जबकि निवल एनपीए दिनांक 31.12.2024 को वर्ष-दर-वर्ष 35 बीपीएस घटकर 0.63% हो गया।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात - पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) दिनांक 31.12.2024 को 16.25% रहा, जिसमें टियर ढ्ढ पूंजी अनुपात 14.17% है। दिनांक 31.12.2024 तक जमा-ऋण अनुपात 74.45% रहा।

कारोबार की मुख्य विशेषताएं

कुल कारोबार दिनांक 31.12.2023 के 435456 करोड़ रुपये से वर्ष-दर-वर्ष 12.28% बढ़कर दिनांक 31.12.2024 को 488911 करोड़ रुपये हो गया।कुल जमाराशि दिनांक 31.12.2023 के 256261 करोड़ रुपये से वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 9.36% बढ़कर 31.12.2024 को 280256 करोड़ रुपये हो गई।सकल अग्रिम दिनांक 31.12.2023 के 179195 करोड़ रुपये से वर्ष-दर-वर्ष 16.44% बढ़कर दिनांक 31.12.2024 को 208655 करोड़ रुपये हो गया।आरएएम (खुदरा, कृषि और एमएसएमई) कारोबार दिनांक 31.12.2023 के 93720 करोड़ रुपये की तुलना में 31.12.2024 को 114350 करोड़ रुपये रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 22.01% की वृद्धि दर्शाता है। रिटेल अग्रिम दिनांक 31.12.2023 के 38207 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 31.01% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.12.2024 को 50055 करोड़ रुपये रहा, जिसमें आवास ऋण और वाहन ऋण पोर्टफोलियो का योगदान रहा, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 19.35%और 51.93% की वृद्धि दर्ज की गई।कृषि अग्रिम दिनांक 31.12.2023 के 23353 करोड़ रुपये में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 20.04% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.12.2024 को 28033 करोड़ रुपये रहा। एमएसएमई क्षेत्र में अग्रिम दिनांक 31.12.2023 के 32160 करोड़ रुपये में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 12.75% की वृद्धि दर्ज करते हुए दिनांक 31.12.2024 को 36262 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय वर्ष 24-25 की तीसरी तिमाही के दौरान प्रति कर्मचारी कारोबार बढ़कर 22.98 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 20.06 करोड़ रुपये था। परिचालन लाभ दिनांक 31.12.2024 को समाप्त तिमाही के लिए 1586 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1119 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 41.73% की वृद्धि दर्शाता है। दिसंबर, 2024 के नौ माह समाप्ति पर परिचालन लाभ 31.37% बढ़कर 4339 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि दिसंबर, 2023 के नौ माह समाप्ति पर यह 3303 करोड़ रुपये था।

अब इंटरनेशनल ट्रांज़ेक्शन्स करने में बहुत आसानी हो रही

ब्रिस्कपे ने सीमा पार भुगतान को और भी आसान बनाने के लिए एक नया प्लेटफॉर्म लॉन्च किया

मुंबई। अब भारतीय एमएसएमई ए2ए, कार्ड और वॉलेट-आधारित पेमेंट्स का इस्तेमाल एक ही प्लेटफॉर्म पर कर सकते हैं पेयू द्वारा समर्थित प्रमुख क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट प्लेटफॉर्म, ब्रिस्कपे, ने खास तौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए एक नया और क्रांतिकारी समाधान पेश किया है। इस नए प्लेटफॉर्म के जरिए पेयू और पेपाल के ए2ए ट्रांसफर और कार्ड पेमेंट्स को एक साथ लाया गया है, जिससे निर्यातकों, सर्विस प्रोवाइडर्स, मार्केटप्लेस विक्रेताओं और फ्रीलांसर्स को अब इंटरनेशनल ट्रांज़ेक्शन्स करने में बहुत आसानी हो रही है। सभी तरह के पेमेंट्स के लिए एक ही प्लेटफॉर्म ब्रिस्कपे के इस नए प्लेटफॉर्म की खास बात यह है कि यह एमएसएमई को अलग-अलग ग्राहक प्राथमिकताओं को समझने और पूरा करने का मौका देता है। इससे उनकी बाजार तक पहुंच बढ़ेगी और वे तेज़ी से बढ़ भी सकेंगे। इस प्लेटफॉर्म से व्यवसाय अपनी ग्लोबल नेटवर्क का फायदा उठा सकते हैं और नए मौके पा सकते हैं। ब्रिस्कपे के सह-संस्थापक और सीईओ, संजय त्रिपाठी, कहते हैं, हमारा मकसद उन वित्तीय और ऑपरेशनल चुनौतियों को हल करना है, जो एमएसएमई के लिए हमेशा सिरदर्द रही हैं। हम सीमा पार भुगतान को और आसान बना रहे हैं और ए2ए, कार्ड-आधारित और वॉलेट-आधारित पेमेंट्स के जरिए अलग-अलग विकल्प दे रहे हैं। इससे न सिर्फ व्यवसायों की लागत कम हो रही है, बल्कि उन्हें ज्यादा ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने का मौका भी मिल रहा है, जिससे उनका विकास और नवाचार तेज़ी से हो सकता है। हम मानते हैं कि यदि भारतीय एमएसएमई को सही टूल्स मिल जाएँ, तो वे ग्लोबल कॉमर्स में बड़े लीडर बन सकते हैं। इससे न सिर्फ उन्हें फायदा होगा, बल्कि हमारी पूरी इकोनॉमी को भी बढ़ावा मिलेगा। एमएसएमई भारत के 2 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को वर्ष 2030 तक पूरा करने में महम भूमिका अदा कर रहे हैं, लेकिन उन्हें इंटरनेशनल बिज़नेस में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, खासकर पेमेंट्स से जुड़ी समस्याएं। विदेशी मुद्रा के उच्च शुल्क, लंबी पेमेंट टाइमलाइन्स और नियामक बाधाएँ पहले से ही समस्याओं को और जटिल बना देती हैं। ब्रिस्कपे का प्लेटफॉर्म इन सारी परेशानियों को कम करने और एक बहुत ही सरल और स्मार्ट तरीका देने का काम कर रहा है, जिससे व्यवसाय पेमेंट्स की जगह अपने विकास पर ध्यान दे सकें। ब्रिस्कपे का खास यूएसपी यह है कि यह बिना क्वालिटी से समझौता किए, लागत को बहुत कम करता है। पारंपरिक भुगतान विधियों में जहां महंगे स्विफ्ट ट्रांसफर और छिपे हुए शुल्क होते हैं, वहीं ब्रिस्कपे ए2ए ट्रांज़ेक्शन्स पर सिर्फ 1 प्रतिशत फ्लैट शुल्क (जीएसटी सहित) लेता है। और अच्छी बात यह है कि पैसे अगले ही दिन (ए2ए के लिए) सीधे अकाउंट में आ जाते हैं, जिससे व्यवसायों को अपने कैश फ्लो को बनाए रखने और बिना किसी देरी के मौके का फायदा उठाने में मदद मिलती है। ब्रिस्कपे 6 प्रमुख मुद्राओं (यूएसडी, जीबीपी, ईयूआर, सीएडी, एयूडी, एसजीडी) में लोकल पेमेंट्स सपोर्ट करता है।

समीक्षा के लिए नियामक एआई को अपना रहा

एआई का इस्तेमाल करेगा सेबी, 2 साल में 1,000 आईपीओ होंगे प्रोसेस

मुंबई। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) अब कंपनियों द्वारा दायर किए जाने वाले इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) आवेदनों को प्रोसेस करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगा। सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच ने मंगलवार को कहा कि आईपीओ के आवेदनों की समीक्षा के लिए नियामक एआई को अपना रहा है। इससे अगले दो साल में 1,000 के करीब आईपीओ प्रोसेस होने की संभावना है। एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया (एआईबीआई) के वार्षिक सम्मेलन में बोलते हुए बुच ने कहा कि सेबी कंपनियों और उनके मर्चेंट बैंकरों के लिए फाइलिंग प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक स्टैंडर्ड आईपीओ टेम्पलेट पर काम कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि नया टेम्प्लेट रिक्त स्थान भरें फॉर्मेट में होगा। कोई भी जानकारी जो स्टैंडर्ड फॉर्मेट में फिट नहीं होगी, उसकी बारीकी से समीक्षा के लिए अलग से चिह्नित किया जाएगा। इस सिस्टम का उद्देश्य आईपीओ दस्तावेजों को दो भागों में विभाजित करना है, जिसमें स्टैंडर्ड और विशेष जानकारी शामिल होगी। सेबी को उम्मीद है कि इससे उसके अधिकारियों के लिए अनियमितताओं की पहचान करना और उनका समाधान करना आसान हो जाएगा। इस पहल से कंपनियों और विनियामकों दोनों के लिए समय की बचत होने की उम्मीद है। एआई तीन प्रमुख तरीकों से मदद करेगा, जिसमें दस्तावेज समीक्षा, ऑनलाइन सर्च और सामग्री जांच शामिल है। बुच के मुताबिक, इससे न केवल समय बचेगा, बल्कि आईपीओ दस्तावेजों और उनकी समीक्षा करने की दक्षता भी बढ़ेगी। सेबी की विशेष जानकारी रिपोर्टिंग प्रणाली कार्यकुशलता में और सुधार लाएगी। स्टैंडर्ड और नॉन-स्टैंडर्ड सेक्शन का पालन करके अधिकारी अपनी जांच में प्राथमिकता तय कर सकते हैं जहां इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। इससे समीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित हो जाएगी। बुच ने कहा, अगले दो वर्षों में 1,000 आईपीओ तक को संभालने की संभावना के साथ यह कदम इसमें शामिल सभी लोगों के कार्यभार को काफी कम कर देगा।

भारत में डेटा सेंटर्स पर खर्च इस साल 19 प्रतिशत बढ़ेगा

नई दिल्ली। भारत में डेटा सेंटर्स पर खर्च 2025 में 19.1 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। यह 2024 की विकास दर से करीब दोगुना है। यह जानकारी मंगलवार को एक पूर्वानुमान में दी गई। गार्टनर के ताजा पूर्वानुमान में बताया गया कि सॉफ्टवेयर और आईटी सर्विसेज भारत में आईटी खर्च वृद्धि के प्रमुख चालक हैं, जो 2025 में क्रमशः 16.9 प्रतिशत और 11.2 प्रतिशत बढ़ेंगे। गार्टनर के उपाध्यक्ष विश्लेषक नवीन मिश्रा ने कहा कि सॉफ्टवेयर पर खर्च जेनएआई-सक्षम समाधानों के प्रीमियम कीमत से प्रेरित है।

वहीं, आईटी सेवाओं पर खर्च क्लाउडिफिकेशन, डिजिटलीकरण और कंसल्टिंग सर्विसेज के लिए उद्योगों की आवश्यकताओं के कारण बढ़ रहा है। पिछले महीने रियल एस्टेट कंसल्टेंट सीबीआरई साउथ एशिया की एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, भारत के डेटा सेंटर बाजार ने 2019-2024 के बीच घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों निवेशकों से 60 अरब डॉलर का निवेश आकर्षित किया है और 2027 के अंत तक कुल निवेश 100 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद है। गार्टनर के अनुसार, डेटा सेंटर सिस्टम, डिवाइस और सॉफ्टवेयर सहित क्षेत्रों में 2025 में दोहरे अंकों की वृद्धि देखी जाएगी, जिसका मुख्य कारण जनरेटिव एआई (जेनएआई) हार्डवेयर अपग्रेड होना है। पूरी दुनिया में आईटी खर्च 2025 में बढ़कर 5.61 ट्रिलियन डॉलर होने का अनुमान है। यह 2024 की तुलना में 9.8 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 तक एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर में 50 प्रतिशत से ज्यादा सॉफ्टवेयर खर्च जेनएआई से प्रभावित होगा। क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की डेटा सेंटर इंडस्ट्री की क्षमता वित्त वर्ष 2026-27 तक दोगुनी बढ़कर 2 से 2.3 गीगावाट हो सकती है। इसकी वजह अर्थव्यवस्था का डिजिटाइजेशन बढ़ने के कारण क्लाउड में निवेश बढ़ना है।

होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई CB650R और CBR650R

***प्रीमियम मोटरसाइकिल सेगमेंट में बढ़ाया कदम बुकिंग शुरू हो चुकी है**

रायपुर। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी प्रीमियम मोटरसाइकिल रेंज में दो नए मॉडल CB650R और CBR650R, लॉन्च किए हैं। ये दोनों बाइक स्टाइल और परफॉर्मेंस का बेहतरीन मिश्रण पेश करते हुए मोटरसाइकिल प्रेमियों की अलग-अलग जरूरतों को पूरा करेंगी।ग्राहक अब इन नई बाइक्स को अपने नजदीकी बिगविंग डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं। इनकी डिलीवरीफरवरी 2025 से शुरू होगी। होंडा के ये नए मॉडल निश्चित रूप से प्रीमियम बाइकिंग के क्षेत्र में एक नयाबेंचमार्क स्थापित करेंगे।इस लॉन्च पर एचएमएसआई के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रेसिडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, ''हमें भारतमें CB650R और CBR650R, के नए एडिशन लॉन्च करने की खुशी है। भारत में प्रीमियम मोटरसाइकिलसेगमेंट तेजी से बढ़ रहा है, और हाई परफॉर्मेंस वाली, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से लैस बाइक्स की मांग बढ़ रही है।एचएमएसआई में हम ग्राहकों की इन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए विश्व स्तरीय प्रोडक्ट्स लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें भरोसा है कि ये नई बाइक्स प्रीमियम मोटरसाइकिलिंग के अनुभव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी।इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के सेल्स औरमार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, CB650R और CBR650R, को लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशीहो रही है। ये मोटरसाइकिलें उन प्रीमियम ग्राहकों के लिए बनाई गई हैं, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, एडवांस्डतकनीक और स्टाइलिश डिजाइन को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने आगे कहा, अडवेंचर के शौकीन ग्राहकों के लिए भी एक अच्छी खबर है। पहले से बुक की गई ह्न्ड्ढ500की डिलीवरी इसी महीने (जनवरी 2025) से शुरू हो रही है। एचएमएसआई में हम बाइकिंग प्रेमियों कीजरूरतों और इच्छाओं को समझते हैं।

खेल

चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बीसीसीआई ने पाक को दिया एक और बड़ा झटका

***इस बार निशाने पर पीसीबी का नाम**

नईदिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आधिकारिक आयोजक पाकिस्तान है. इस मेगा इवेंट की शुरुआत 19 फरवरी से शुरु हो रही है. टूर्नामेंट से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड कई तरह की मुश्किलों का सामना कर रहा है।

इसी बीच बीसीसीआई ने एक ऐसा कदम उठाया जो पीसीबी की मुश्किल को तो बढ़ाएगी ही उनके सम्मान को भी ठेस पहुंचाएगा। आईसीसी के टूर्नामेंट की मेजबानी जिस भी सदस्य देश को मिलती है उसका नाम टूर्नामेंट में भाग लेने वाले देशों के खिलाड़ियों की जर्सी पर लिखा होता है. रिपोर्टों के मुताबिक बीसीसीआई ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में टीम इंडिया की जर्सी पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड प्रिंट कराने से इनकार कर दिया है. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के इस फैसले से पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है. ये उसके सम्मान पर आंच की तरह है।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का नाम टीम इंडिया की जर्सी पर लिखने से इनकार के बाद पीसीबी के एक अधिकारी ने से बातचीत में बीसीसीआई पर क्रिकेट में राजनीति को लाने का आरोप लगाया है. इससे पहले बीसीसीआई ने कैप्टेंस मीटिंग और फोटोशूट के लिए रोहित शर्मा को भी पाकिस्तान से भेजने से इनकार कर दिया था.

चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत में एक महीने से भी कम का समय बचा है. पाकिस्तान के तीन स्टेडियम (लाहौर, कराची और रावलपिंडी) में इस इवेंट का आयोजन होना है. तीनों ही स्टेडियम फिलहाल निर्माणाधिन हैं. अगर जनवरी के अंत तक स्टेडियम तैयार नहीं हुए तो पूरे टूर्नामेंट की मेजबानी आईसीसी दुबई में शिफ्ट कर सकता है। बता दें कि भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जाने की वजह से पहले से ही चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हाईब्रिड मॉडल में हो रहा है. टीम इंडिया अपने सारे मैच दुबई में खेलेगी. अगर जनवरी में पाकिस्तान के तीनों स्टेडियम तैयार नहीं हुए तो आईसीसी तैयारियों से संतुष्ट नहीं हुई तो पाकिस्तान को बड़ा झटका लग सकता है।

ज्वेरेव ने बेकर को पीछे छोड़ा, सेमीफाइनल में पहुंचे

नईदिल्ली। जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने मंगलवार को टॉमी पॉल के विरुद्ध नाटकीय 7-6(1), 7-6(0), 2-6, 6-1 की जीत के साथ अपने तीसरे ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफ़ाइनल में प्रवेश किया।एटीपी रैंकिंग में नंबर 2 ने पहले दो सेटों में से प्रत्येक में एक सेट पॉइंट बचाया और रॉड लेवर एरिना में पॉल के दोनों सेटों को सर्व करने के प्रयास को विफल कर दिया। अमेरिकी खिलाड़ी द्वारा तीसरे सेट में फिर से वापसी करने के बाद, ज्वेरेव ने अपने शुरुआती बचावों को चौथे सेट में प्रभावशाली तरीके से भुनाया। अपने नौवें ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद, जर्मन खिलाड़ी को कार्लोस अल्काराज़ और नोवाक जोकोविच के बीच शाम को होने वाले मुकाबले के विजेता का इंतजार है। दोनों पुरुष सेमीफाइनल शुक्रवार को खेले जाएंगे, जिससे ज्वेरेव और उनके प्रतिद्वंद्वी दोनों को दो दिन का आराम मिलेगा। ज्वेरेव ने पॉल के साथ तीन लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबलों में अपनी पहली जीत हासिल की, क्योंकि उन्होंने महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दबदबा बनाया। शुरुआती दो सेटों में पॉल द्वारा की गई असामयिक गलतियों का फ़ायदा उठाते हुए, ज्वेरेव ने अपने दूसरे मौके का पूरा फ़ायदा उठाया। प्रतियोगियों ने ओपनर में 5-5 से ब्रेक का आदान-प्रदान किया, जिसमें ज्वेरेव ने पॉल सर्व पर 6-5, 40/30 पर सेट पॉइंट बचाया और फिर टाई-ब्रेक के माध्यम से दौड़ लगाई। अमेरिकी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में शुरुआती ब्रेक हासिल किया, लेकिन लगातार तीन फ़ोरहैंड गलतियों के कारण वह 5-4 से पिछड़ गए। इसके बाद ज़ेवेरेव ने 4-5, 40/30 पर एक सेट पॉइंट बचाया और बाद में 5-6 पर एक लव होल्ड के बाद 7/0 से टाई-ब्रेक जीत के साथ सेट को छीनने के लिए लगातार 11 पॉइंट जीते। इंफोसिस स्टैट्स के अनुसार, दोनों खिलाड़ियों की इस उतार-चढ़ाव भरे मैच में चार बार सर्विस टूटी और 6-1 का अंतिम सेट भी सीधा नहीं था। ज्वेरेव को एक शानदार वन-हैंडेड पासिंग शॉट द्वारा 6-0 स्कोरलाइन से वंचित किया गया, फिर पॉल द्वारा एक आखिरी स्टैंड के रूप में दो ब्रेक पॉइंट से जूझना पड़ा। अपने 30वें ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच की जीत के साथ, ज्वेरेव ने बोरिस बेकर को पीछे छोड़ते हुए इस इवेंट में किसी जर्मन व्यक्ति द्वारा सबसे ज़्यादा सिंगल्स जीतने का सर्वकालिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

खबरों के गलियारे से...

धर्मान्तरण और सुरसा एक दूसरे के पूरक

छत्तीसगढ़ में धर्मान्तरण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। काश हमारे दिलीप सिंह जूदेव होते तो ऐसा नहीं होता। घर वापसी का वो जज्बा कम हो गया या समय से पहले बेअसर होते जा रहा है। धर्मान्तरण के लेकर सरकार सजग तो है, लेकिन विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठन लगातार धर्मान्तरण पर नजर रखे हुए हैं। उसके बाद भी धर्मान्तरण कराने वाले तथाकथित समाजसेवी प्रशासन की आंखों में धूल झोंक कर रास्ता कैसे निकाल लेते है। समझ से परे है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि पांव पखार कर घर वापसी कराने के बाद भी एक वर्ग विशेष है, जो चंगाई सभा की आड़ में भोले-भाले ग्रामीणों को शिकार बना रहे है, ऐसे विघ्न संतोषियों के खिलाफ सनातनियों को एकजुट मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए, ताकि इस तरह के दुस्साहस करने वाले के सनद रहे कि सनातन के खिलाफ काम करने का क्या हश्र होता है। धर्मान्तरण का यक्ष प्रश्न हर समय सनातनियों के समक्ष सुरसा की तरह खड़ा हुआ है।

शराब सिंडीकेट की सल्तनत बरकरार...

छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद भी शराब तस्करों का रैकेट यथावत अवैध कारोबार को बेखौफ संचालित कर रहे हैं। शराब खपाने का वाला एक सिंडीकेट दूसरे राज्य की शराब को बड़े आसानी से छत्तीसगढ़ में खपा रहा है। आबकारी विभाग के अधिकारी बदलने के बाद भी मामला टॉय-टॉय फिस्स नजर आ रहा है। शराब तस्कर एमपी, उत्तर प्रदेश से अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब लाकर सीमावर्ती जिले में खपा रहे हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि शराब तस्कर आज भी यह नहीं मानते कि मध्यप्रदेश विभाजित होकर एक नया राज्य छत्तीसगढ़ बन गया है। वो जिस तरह से कांग्रेस सरकार में शराब खपाने का काम करते थे, अब भाजपा के राज में भी उससे दोगुना शराब खपा कर अपने सल्तनत को बरकरार रखा है।

छूट का लाभ दिलाने थोक में नौकरी निकाले

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने पुलिस विभाग सहित अन्य शासकीय भर्तियों में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान कर इस दिशा में एक सकारात्मक और दूरगामी सराहनीय कदम है। यह निर्णय समाज के उन वर्गों को राहत पहुंचाएगा और उम्र सीमा के कारण रोजगार के अवसरों से वंचित रह गए थे। उन्हें एक बेहतर मौका मिल सके। ऐसा माना जा रहा है कि आयु सीमा में छूट का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को मुख्यधारा में शामिल करना है। यह कदम आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों को सरकारी सेवाओं में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करेगा। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि जनता जनार्दन कह रही है कि नौकरी होगी, तभी तो 5 साल के छूट का लाभ मिलेगा। यदि नौकरी ही नहीं निकाली गई तो छूट भी लूट में तब्दील हो जाएगी। जिन वंचितों के लिए 5 साल की छूट है वो किसी अधिकारी या मंत्री के रिश्तेदार की भेंट चढ़ जाएगी जैसे पहले होते रहा है। कांग्रेस के शासनकाल में पीसीएस भर्ती परीक्षा में कैसे नेताओं को अधिकारियों के सगे-संबंधियों को रेवड़ी की तरह डिप्टी कलेक्टर सहित पदों को बांट दिया गया। और गरीब परिवारों के बच्चों के हक पर डाका डालने वाले अधिकारी टामन सिंह सोनवानी जेल में है। इसकी क्या गारंटी कि अब कोई और सोनवानी पैदा नहीं होगा।

कांग्रेसियों को हो गया दिव्य ज्ञान ...

भाजपा ज्वाइन करने के बाद एक चुनाव हारने के बाद दूसरी पारी में ओपी चौधरी ने कांग्रेस सरकार से नाराज और आंदोनलकारी संगठनों को समर्थन देकर उनके आंदोलन में जाते रहे है। ये वही शिक्षा कर्मी हैं, जो भाजपा की सरकार बनते ही हटा दिया गया। अब ये बार-बार वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले के बाहर बर्खास्त सहायक महिला शिक्षक प्रदर्शन कर उन्हें किए गए वादे याद दिलाने प्रदर्शन कर हैं। ये महिला शिक्षिकाएं समायोजन की मांग को लेकर वित्त मंत्री बंगले पहुंच जाते हैं। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि बर्खास्त शिक्षकों पर अब कांग्रेसी डोरे डालने लगे हैं। अब आने वाले ढाई साल बाद कांग्रेस सारे असंतुष्ट अधिकारी-कर्मचारी संगठनों को पीले चावल बांटना शुरू कर दिया है। कांग्रेसी समझ गए है कि अधिकारी-कर्मचारियों की नाराजगी से ही सत्ता से बाहर हुए है, अब उन्हें साधने के लिए जी जान से जुट गए हैं।

इंदिरा भवन में कई खासियत

राजधानी दिल्ली में कांग्रेस ने हाल ही में अपने नई पार्टी के मुख्यालय, इंदिरा भवन का में उद्घाटन किया। पार्टी कार्यालय का नया पता अब 9ए कोटला रोड हो गया है। जबकि पुराने कार्यालय 24 अकबर रोड में भी पार्टी के कुछ काम होंगे। कांग्रेस के इस कार्यालय को ग्रीन बिल्डिंग बताया जा रहा है, जो कि पर्यावरण के अनुकूल है। पांच मंजिला इस इमारत की दीवारों पर आजादी के संघर्ष से लेकर वर्तमान समय तक पूरे 140 साल का इतिहास दर्शाया गया है। कांग्रेस के नए कार्यालय में प्रवेश करते ही कांग्रेस के पहले अध्यक्ष व्योमकेश चंद्र बनर्जी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तस्वीर लगाई गई है। इसके बाद हर मंजिल पर महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, सरदार वल्लभ पटेल, सुभाष चंद्र बोस, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, नरसिम्हा राव, सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह जैसे बड़े नेताओं के योगदान की तस्वीरें और इतिहास की जानकारी आसपास की दीवारों को दर्शाई गई है। इश भवन में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पूर्व मुख्यमंत्रियों के फोटो लगवाने के कई नेताओं सुझाव दिए है। खबरों के गलियारे में चर्चा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को पुनर्जीवित करने वाले राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के फोटो तो लगवा सकते थे। नए इंदिरा भवन नए नियमावली भी बनाए है कि अब 4 साल तक किसी भी सीएम की तस्वीर नहीं लगेगी, 2028 में होने वाले चुनाव तक फोटो लगवाने लायक मेहनत करने की नसीहत के साथ पूर्व सीएम रवाना दिया गया है।

छत्तीसगढ़ विधानसभा एआई तकनीक से होगी डिजिटल

25 वर्षों का डेटा होगा उपलब्धः छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह दिल्ली और पटना के दो दिवसीय दौरे से लौट आए हैं। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा के दौरान गरियाबंद में नक्सल ऑपरेशन में मिली सफलता समेत छत्तीसगढ़ में विधानसभा में एआई तकनीक के उपयोग की तैयारियों को लेकर जानकारी साझा की। इसके साथ ही उन्होंने और निकाय चुनाव के परिणाम की घोषणा की तारीखों पर कांग्रेस की असहमति पर तंज कसा है।

एआई तकनीक का उपयोग

विधानसभा अध्यक्ष ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के इस्तेमाल की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य है कि हर विधायक, मंत्री और सरकार से जुड़ा व्यक्ति जानकारी से लैस हो। इसके लिए एआई को मजबूत करेंगे। डॉ. रमन सिंह ने बताया कि ्रद्ध तकनीक की मदद से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि विधानसभा से संबंधित सभी जानकारी विधायकों और मंत्रियों के लैपटॉप व मोबाइल में उपलब्ध हो। उन्होंने कहा, 'किसने कब कौन सा भाषण दिया, बजट में किसका कितना भाषण हुआ, और विधानसभा के 25 वर्षों में किए गए सभी कार्यों की जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी। डॉ. रमन सिंह ने कहा, एआई के जरिए विधानसभा के कामकाज को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाया जाएगा। विधायकों को उनके कार्यक्षेत्र और विषयों से संबंधित पूरी जानकारी आसानी से उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। यह कदम छत्तीसगढ़ विधानसभा को डिजिटल युग की ओर ले जाने में अहम साबित होगा।

कांग्रेस पर कसा तंज

निकाय चुनाव के परिणाम की घोषणा की तारीखों पर कांग्रेस की असहमति पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तंज कसा। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस धीरे-धीरे चुनाव से असहमत होती जा रही है। हार का डर इतना बढ़ गया है कि चुनाव के नाम से ही कांग्रेस को फोबिया हो गया है। शायद यह भूल गए हैं कि यह व्यवस्था पहले बनी थी, जो बाद में बिगड़ गई, और जिसे ठीक करने की प्रक्रिया में हम आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. रमन सिंह ने कहा, लोगों के हजारों घंटे, करोड़ों रुपए और संसाधन बचाए जा रहे हैं। यह देश की आवश्यकता है।

उद्योगपतियों को लेकर सवाल

कांग्रेस के बस्तर में उद्योगपतियों को भेजने वाले बयान पर भी डॉ. रमन सिंह ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा, कौन से उद्योगपति आए हैं बस्तर में? कांग्रेस एक भी उद्योगपति का नाम बता दें। बस्तर में उद्योगपतियों को भेजना चाहिए। छत्तीसगढ़ सिर्फ पत्थर बेचने का काम नहीं करेगा। जहां मिनरल्स और आयरन हैं, वहां प्लांट आने चाहिए।' उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में वैल्यू एडिशन होना चाहिए और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलना चाहिए।

राष्ट्रपति और मोदी को निमंत्रण

डॉ. रमन सिंह ने दिल्ली दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि इन मुलाकातों में कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। डॉ. रमन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को विधानसभा में प्रबोधन के लिए आमंत्रित किया गया।

केंद्रीय-राज्य गृहमंत्री की तारीफ

गरियाबंद में नक्सल मुठभेड़ में जवानों की सफलता पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे बड़ी सफलता करार दिया और कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कार्ययोजना और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मेहनत से यह मुमकिन हुआ है। नक्सलियों के खिलाफ राष्ट्रीय और इंटरस्टेट अभियान चल रहा है। प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के लिए गृह मंत्री अमित शाह के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। साल 2026 तक नक्सल समस्या का समाधान हो जाएगा।

न्यू क्रीमिनल लॉ पर प्रशिक्षण

हाईजैक सड़क को जवानों ने 30 साल बाद कराया मुक्त

बीजापुर/नवप्रदेश। बीजापुर जिले के तर्रेम से होकर पामेड़ की सड़क 30 साल बाद नक्सलियों के चंगुल से आजाद हुई। जवानों की मुस्तैदी में इस सड़क का फिर से निर्माण कराया जा रहा है। नक्सलियों का मांद कहे जाने वाले कोरागुट्टा में फोर्स का डेरा लगते ही 30 सालों से बंद पड़े बीजापुर से तर्रेम होकर पामेड़ जाने वाले रास्ते को फिर से बहाल करा दिया गया है। फिलहाल इस मार्ग पर सड़क निर्माण का काम चल रहा है।

इस मार्ग के खुल जाने से अब लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना से होकर जाने की जरूरत नहीं है। इसके साथ ही सौ किमी का फासला भी बच जाएगा। 30 बरस बाद यह सड़क नक्सलियों के चंगुल से आजाद हुई है।

ग्रामीण 210 किमी का सफर तय कर पहुंचते थे पामेड़

कोरागुट्टा इलाका नक्सलियों के पीएलजीए का कोर क्षेत्र कहलाता है। बीजापुर से तर्रेम, कोंडापल्ली होकर पामेड़ जाने वाले इस रास्ते पर पिछले 30 सालों से आवागमन बाधित था। इलाके के लोगों को पामेड़ पहुंचने के लिए तेलंगाना राज्य के चेरला होकर पामेड़ जाना पड़ता था। क्षेत्र के लोग 210 किलोमीटर की दूरी तय करके बीजापुर से पामेड़ पहुंचते थे।

नक्सलियों की सबसे बड़ी और ताकतवर टुकड़ी का गढ़ माना जाता था पामेड़

छत्तीसगढ़ के आखिरी छोर पर बसा पामेड़ जहां जवानों से लेकर राशन तक हवाई मार्ग से पहुंचता था, नक्सलियों की सबसे ताकतवर बटालियन 1 का गढ़ था। 30 साल बाद पामेड़ को जोडऩे के लिए दोबारा सड़क बनाई जा रही है।

मार्ग बहाल करने पुलिस के आला अफसरों के साथ जवानों ने कमान संभाली है। मौके पर तैनात जवानों ने बताया कि, इस इलाके में कदम-कदम पर आईईडी, बूबी ट्रैप और एंबुश का खतरा है। इन सारी चुनौतियों को पार कर यहां पर सड़क निर्माण करवाया जा रहा है।

पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड : हत्यारे को नहीं मिली जमानत

रायपुर/नवप्रदेश। बीजापुर के स्वतंत्र पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के मुख्य आरोपी को अदालत ने जमानत में छूट ना देते हुए 15 दिनों की रिमांड और बढ़ा दी है। जिसके चलते ठेकेदार को अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। बीजापुर के स्वतंत्र पत्रकार मुकेश चंद्राकर द्वारा बीजापुर में बन रहे 122 करोड़ रुपये के घटिया सड़क निर्माण की खबर प्रकाशित करने के बाद, वहां के ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के साथ ही उसके भाई रितेश, मुंशी व अन्य ने मिलकर पत्रकार की बेरहमी से हत्या कर दी थी। हत्या के साक्ष्य छुपाने के लिए शव को सैप्टिक टैंक में छुपा दिया गया, पुलिस ने इस मामले में फोन नम्बर के सीडीआर नंबर से मुकेश की लोकेशन निकालने के बाद शव को सैप्टिक टैंक से निकाला। जहाँ पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उन्हें जेल भेज दिया था।

डिजीटल पेमेंट, फ्राड, वाइरस, साइबर बुलिंग से बचने कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। आज पूर्वाह्न राजधानी शहर रायपुर के नगर पालिक निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर निगम सामान्य सभा सभागार में नगर निगम रायपुर के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम के कर्मचारियों के हितार्थ डिजीटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला का आयोजन रखा गया। आज कार्यशाला में रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही और आयुक्त ने नगर निगम के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही आयुक्त ने एलीफेंट इको टेक पाठशाला की पहल डिजिटल साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन रखने की सराहना की। कार्यशाला एलीफेंट इको टैक पाठशाला सहित रायपुर नगर पालिक निगम, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सहयोग से डिजीटल साक्षरता पर आधारित अभिनव पहल रही। इस डिजीटल कार्यशाला में साइबर बुलिंग, वाइरस, डिजिटल पेमेंट फ्राड, फेक न्यूज, साइबर स्टैकिंग आदि से बचने के लिए कॉलेज के विद्यार्थियों को इंटरनेट के उपयोग हेतु सावधानियां बतलाई गयीं। उक्त डिजीटल कार्यशाला के आयोजन में वैभवी मोयल और प्रशिक्षक चन्दप्रकाश का सहयोग विशेष उल्लेखनीय रहा. कार्यशाला में प्रमुख रूप से नगर निगम वित्त विभाग के कर्मचारी श्याम सोनी एवं संस्कृति विभाग की सहायक ग्रेड -3 श्वेता शिंदे सहित रायपुर नगर निगम के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

मतदान केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराएंः कलेक्टर

रायपुर/नवप्रदेश। ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। कलेक्टर ने कहा कि जिन नोडल अधिकारी को जो जिम्मेदारी दी गई है उसका पूर्ण रूप से निर्वहन करें। नगरीय एवं त्रिस्तरीय चुनाव के अंतर्गत आने वाले शासकीय कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों में संपत्ति विरूपण की कार्रवाई निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सभी अधिकारी आदर्श आचार संहिता का पूर्णरूप से पालन करें। मतदान तिथि के पूर्व ही सारे मतदान केंद्रों में साफ़ सफ़ाई अवश्य करवा लें, इसके अलावा बिजली की व्यवस्था, पंखे चालू हालत में रहे, बिजली के बोर्ड, प्लग बटन चालू हालत में रहें, जिससे वेब कास्टिंग आसानी से हो सके। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मतदान केन्द्र में दो द्वार हों। वहां अन्य मूलभूत सुविधा मुहैया कराएं।

गली क्रिकेट से शुरू हुआ केरियर आईपीएल तक पहुंचा : अजय मंडल

छत्तीसगढ़ का अजय आईपीएल में दिल्ली केपिटल में दिखाएगा जलवा

रायपुर/नवप्रदेश। क्रिकेटर आईपीएल के ऑल राउंडर खिलाड़ी अजय मंडल छत्तीसगढ़ की रणजी ट्राफी की टीम के सदस्य हैं। इसके अलावा वे 2023 एवं 2024 सत्र में चेन्नई सुपर किंग टीम में हिस्सा रह चुके हैं। साथ ही इस वर्ष आईपीएल में वे दिल्ली कैपिटल्स के लिए चुने गए हैं। वे देश के कुछ चुनिंदा क्रिकेटरों में से एक हैं जो, लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स स्पिन के साथ चाइनामैन बालिंग भी करते हैं। पांचवें और छठवें नंबर पर बैटिंग करते हुए एक आल राउंडर की भूमिका निभाते हैं। दैनिक नवप्रदेश के डिजिटल प्लेटफार्म के लिए स्पोर्टस एडिटर नीतेश छाबड़ा से अजय मंडल की लंबी बातचीत हुई। प्रस्तुत है उसी के प्रमुख अंश।

सवाल-आपकी क्रिकेट की यात्रा किस तरह से शुरू हुई ?

जवाब-जैसे हर कोई बच्चा स्टार्ट करता है, जैसे गली क्रिकेट, वैसे हमने भी क्रिकेट खेलना शुरू किया। जब मैं ढाई साल का था तो पापा ने हमें बैट खरीदकर दिया। और उन्होंने मुझे क्रिकेट के लिए प्रोत्साहित किया। हमें वे गार्डन में क्रिकेट खेलने के लिए ले जाया करते थे। जब मुझे लगा कि अब क्रिकेट मुझे प्रोफेशनल के रूप में स्टार्ट करना चाहिए, तो मैंने 2007 में क्लास 7 से क्रिकेट को गंभीरता के साथ खेलना शुरू कर दिया।

सवाल-2016 में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ को मान्यता मिलती है, मोहम्मद कैफ छत्तीसगढ़ के कप्तान बनते हैं, और आप भी टीम में थे, उसके साथ आपका क्या अनुभव रहा?

जवाब-मोहम्मद कैफ के कप्तान बनने पर मुझे सबसे ज्यादा खुशी हुई। मुझे उनसे काफी कुछ सीखने का मौका मिला। रणजी ट्रॉफी के दौरान उनसे अच्छे निर्णय लेने का अनुभव मिला।

सवाल- क्या आप शुरू से ही ऑल राउंडर थे या किसी एक कला को बाद में विकसित किया?

जवाब-जब मैंने 2007 में क्रिकेट स्टार्ट किया तो उस समय मैं मीडियम पेसर था, लेकिन साल दो साल बाद मुझे लगा कि मुझे बैटिंग करनी चाहिए। तो मैंने अपने कोच से इच्छा जाहिर की। बाद में धीरे-धीरे 9 वें नंबर से तीन नंबर तक बैटिंग करने लगा। मुझे 2016 में मोहम्मद कैफ ने आल राउंडर बनने के लिए काफी प्रोत्साहित किया।

सवाल- 2019 में विजय हजारे ट्राफी में मुंबई बनाम छत्तीसगढ़ का रोमांचक मैच हुआ था, जिसमें छत्तीसगढ़ ने 318 रनों के लक्ष्य का पीछा कर शानदार जीत हासिल की थी, आपकी उस जीत में बड़ी भूमिका थी, कुछ संस्मरण बताइए?

जवाब-बहुत ही रोमांचक मैच था। इतने बड़े टारगेट का हम लोग पीछा कर रहे थे, सामने वाली मुंबई टीम थी। ऐसे में एक एंकर बैटसमैन बहुत जरूरी था और इस भूमिका में अमनदीप बहुत अच्छा कर रहे थे। और इस मैच में मेरा रोल था कि उस पर कोई प्रेशर न आए। मुझे भी बड़े शॉट लगाने थे, लेकिन मैंने पहले धीरे-धीरे साझेदारी को आगे बढ़ाया। जब लास्ट ओवर में 14 रन की जरूरत थी, उस समय तुषार देशपांडे बाल कर रहे थे, उस समय अमनदीप ने कहा कि थोड़ा संभलकर खेलना लेकिन मैंने उनको बोला कि मैं छक्का ही मारूंगा, बाद में पहले चौका फिर छक्का मारा। फिर डबल-डबल रन लेकर हम लोग मैच जीते। ये मेरे कैरियर का एक टर्निंग प्वाइंट था इस पारी से मुझे लगा कि मैं आईपीएल खेलने के लिए योग्य हूं।

सवाल-आईपीएल 2023 के सत्र में आप सीएसके स्क्वाड में चयनित हुए। महेंद्र सिंह धोनी के साथ का और फ्लेमिंग के कोचिंग क्या अनुभव रहा और अंत मे चेन्नई ने इस टूर्नामेंट को जीता,उसे कैसे देखते हैं?

जवाब-मेरा कैरियर में पहली बार मौका था कि माही के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर करना और उनके अनुभव का लाभ मिला। वे एक ऐसे कैप्टन हैं, जो अपने प्लेयर को पूरा स्पेस देते हैं। क्योंकि वे जानते हैं कि हर प्लेयर एक समान नहीं होता है। इसलिए वह हर खिलाड़ी को इतना मौका देते हैं, वह अपने को साबित कर सके। और मैच जीताने के लेवल तक आ सके। तीन महीने तक उनके साथ समय बिताया, मुझे उनसे सीखने का अच्छा मौका मिला।

सवाल-मशहूर क्रिकेटर रविंद्र जडेजा ने जिस बैट से मैच जीताया था, उस बैट को उन्होंने आपको दिया था, उस पल के बारे में कुछ बताएं?

जवाब- उस समय आईपीएल खत्म होने वाला था, उसके खत्म होने के 15 से 20 दिन पहले की बात है। जड्डू भाई को ऐसे ही बोला कि आपके कीट बैग में से एक बैट चाहिए, तो उन्होंने कहा देखते हैं। फिर मुझे लगा कि कहां वो देंगे। लेकिन जिस बैट से जड्डू भाई दो बाल पर 10 रन बनाकर मैच जिताया था वही बैट उन्होंने मुझे गिफ्ट किया, मुझे बहुत अच्छा लगा। मैंने उस बैट से काफी सारे मैच खेला और छक्के भी मारे।

सवाल-पिछले वर्ष जून में सीसीपीएल की शुरुआत हुई और आपने राजनांदगांव पैंथर्स की कप्तानी संभाली और टीम को सेमीफाइनल तक लेकर गए। इन दोनों पर आपकी क्या राय है?

जवाब-सीसीपीएल में छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र से खिलाड़ी जुड़े हैं। जशपुर सहित जितने भी जिले हैं, सब खिलाड़ी जुड़े हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, फोन : 0771-3526755, 6262188999